माघ शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 24 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 30, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से बनती हैं बहुमूल्य धातु 16

जंगली पोकर के अपने टाइप के लोग कैम्पेन में अनिल 15






# जिनके अपने होश ठिकाने नहीं, वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में इंडी गठबंधन पर जमकर बोला हमला

## करखियांव में किया 13 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

- बनास काशी संकुल समारोह को संबोधित करते मोदी ने कहा काशी का अपमान युवा नहीं भूलेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में स्थानीय भोजपुरी भाषा में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन को सीधे निशाने पर रखा।

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को बनास काशी संकुल के उद्घाटन समारोह और पूर्वांचल के लिए 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार का कहना है कि काशी के नौजवान नशेड़ी हैं। मोदी को गाली देते-देते दो दशक बिता दिए, अब ये लोग यहां के नौजवानों पर भड़ास निकाल रहे हैं। बोले कि जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को ललकारते हुए कहा कि काशी और



उप्र.का नौजवान विकसित यूपी बनाने में जुटा है। अपना भविष्य बनाने में लगा हुआ है। उप्र. के युवा कांग्रेस और इंडी गठबंधन द्वारा किया गया अपमान कभी नहीं भूलेंगे। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर हमलावर होते हुए कहा कि परिवारवादी हमेशा युवा शक्ति और मेधा से डरते हैं। उन्हें लगता है कि सामान्य युवा को अवसर मिला तो वह हर जगह चुनौती देगा। इन्हें वही पसंद आते हैं जो दिन रात इनकी जय-जयकार करते रहें। राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन का नाम लिए बगैर प्रधानमंत्री ने कहा कि इनके गुस्से और बौखलाहट का एक और कारण यह है कि इन्हें काशी और अयोध्या का नया स्वरूप पसंद नहीं आ रहा है। ये राममंदिर को लेकर कैसी-कैसी बातों से हमला करते हैं। मुझे नहीं पता था कि कांग्रेस को श्रीराम से इतनी नफरत है। ये अपने परिवार और वोट बैंक से बाहर कुछ सोच ही नहीं पाते। जब चुनाव आता है तो ये लोग साथ आते हैं।

### इहां सब गुरू ह, गठबंधन क पैंतरा ना चली

**वाराणसी।** मोदी ने भोजपुरी में इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि 'ई बनारस हव, इहां सब गुरू ह। इहां इंडी गठबंधन क पैंतरा ना चली। बनारस नाहीं पूरे यूपी के पता हव कि माल वही है पैकिंग नई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार तो इनको जमानत बचाने के लिए भी बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। भाषण की शुरुआत भोजपुरी में करते हुए मोदी ने कहा कि काशी की धरती पर आज एक बार फिर आवे क मौका मिलल हव। जब तक बनारस नाही आइत तब तक हमार मन नाहीं मानेला। 10 साल पहिले आप लोग हमके बनारस क सांसद बनइला, अब 10 साल में बनारस हमके बनारसी बना देलस।

### पूर्वांचल और पूर्वी भारत के विकास को मिलेगी गति

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री ने वाराणसी में जिन 13 हजार करोड़ से ज्यादा की 45 परियोजनाओं की शुरुआत की उनसे, पूर्वांचल और पूर्वी भारत के विकास को गति मिलेगी। इसमें रेल, रोड, एयरपोर्ट, पशुपालन, उद्योग, खेल, कौशल विकास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, अध्यात्म, पर्यटन, एलपीजी गैस जैसे अनेक क्षेत्रों से जुड़े कार्य हैं। रोजगार के नए अवसर बनेंगे। संत रविदास की जन्मस्थली से जुड़ी अनेक परियोजनाओं का भी लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है।

### जो कभी नहीं हुआ, मोदी ने वह कर दिखायाः योगी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, काशी को प्रधानमंत्री द्वारा 45 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी गई। जो कभी नहीं हुआ, वह पीएम ने कर दिखाया। योगी ने अंगवस्त्र व कामधेनु की मूर्ति देकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने जीआई उत्पादों के पांच कारीगरों जमालुद्दीन अंसारी, श्रीकांत मिश्र, सत्या सिंह, अमृता सिंह और सिद्धार्थ मौर्य को अधिकृत उपयोगकर्ता का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया।

# लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का निधन



**मुंबई।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का शुक्रवार को मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में निधन हो गया। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री जोशी (86) को दिल का दौरा पड़ने के बाद 21 फरवरी को अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने शुक्रवार तड़के अंतिम सांस ली। मनोहर जोशी अविभाजित शिवसेना से राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले पहले नेता थे। वे 1995 से 1999 तक मुख्यमंत्री रहे। जोशी संसद सदस्य भी चुने गए थे, वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 2002 से 2004 तक लोकसभा अध्यक्ष रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# खनौरी जाने से रोकने पर किसानों ने किया पथराव, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

## प्रदर्शनकारियों ने मनाया काला दिवस, भाजपा नेताओं के पुतले फूंके

हिसार/अमृतसर, एजेंसी

पुलिस ने शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा की खनौरी सीमा की ओर बढ़ रहे किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसूगैस के गोले दागे और लाठी चार्ज भी किया। विरोध में किसानों की ओर से भी पथराव किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हिसार-नारनौंद रोड पर ये किसान खेरी चोपटा गांव से खनौरी सीमा जा रहे थे, उसी दौरान पुलिस ने उन पर आंसूगैस के गोले दागे। किसान पिछले कुछ दिनों से पंजाब और हरियाणा की खनौरी सीमा पर डेरा डाले हुए हैं। वे संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के 'दिल्ली चलो' आह्वान पर वहां इकट्ठा हुए हैं।

दूसरी ओर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने शुक्रवार को काला दिवस मनाया और राज्य की सीमा पर दो जगह डेरा डाले प्रदर्शनकारी किसानों के खिलाफ हरियाणा पुलिस की कार्रवाई के विरोध में भाजपा के नेताओं के पुतले फूंके। हरियाणा पुलिस और पंजाब के किसानों के बीच हिंसा में मारे गए किसान शुभकरण सिंह के प्रति शोक व्यक्त करने के लिए एसकेएम ने काला दिवस मनाने का आह्वान किया था। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) ने पंजाब के 17 जिलों में 47 स्थानों पर प्रदर्शन किया और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूंके। अमृतसर में, किसानों ने मुख्य प्रवेश बिंदु न्यू गोल्डन गेट पर भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का पुतला फूंका।

होशियारपुर जिले में भी प्रदर्शन किया गया, किसानों ने केंद्र और हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### मारे गए किसान के परिवार को एक करोड़ देगी पंजाब सरकार

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खनौरी सीमा पर मारे गए किसान शुभकरण सिंह के परिवार को मुआवजे के तौर पर एक करोड़ रुपये और उसकी बहन को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में बुधवार को झड़प में बठिंडा के किसान सिंह (21) की मौत हो गई थी और 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। मान ने पंजाबी भाषा में एक पोस्ट में कहा कि दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। किसान नेता सिंह के मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे थे। मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने की भी मांग की थी।

### प्राथमिकी दर्ज होने तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे

**चंडीगढ़।** किसान नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि मारे गए शुभकरण सिंह का अंतिम संस्कार तब तक नहीं किया जाएगा जब तक पंजाब सरकार घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करती। पटियाला में किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने जोर दिया था कि मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन अब अधिकारियों ने बताया कि यह संभव नहीं है। पंधेर ने कहा कि हमने (शुभकरण के) परिवार से कहा कि इसमें दो दिन या 10 दिन लगे। हमारे लिए पैसे महत्वपूर्ण नहीं है। प्राथमिकी दर्ज करन के बाद ही अंतिम संस्कार होगा।

# पेपर लीक होने की चर्चा से हताश युवक ने फंदे पर लटककर दी जान

- सुसाइड नोट में लिखा, क्या फायदा ऐसी डिग्री का जो एक नौकरी न दिला सकी
- शैक्षिक प्रमाण पत्र भी जला दिए कन्नौज सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भूड़पुर्वा की घटना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती का पेपर लीक होने की चर्चा से हताश युवक ने बीएससी तक के शैक्षिक प्रमाण पत्र जला कर शुक्रवार को अपने घर में फंदे पर लटककर जान दे दी। सुसाइड नोट में उसने लिखा है कि क्या फायदा ऐसी डिग्री का जो एक नौकरी न दिला सकी। परिजनों ने कहा कि बेटे ने हाल ही में सिपाही भर्ती परीक्षा दी थी जिसका पेपर लीक होने की चर्चा से परेशान चल रहा था।



सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भूड़पुर्वा निवासी ब्रजेश पाल (25) पुत्र लक्ष्मन पाल शुक्रवार सुबह जब कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने आवाज दी। जवाब न मिलने पर मां ने कमरे में झांका तो बेटा फंदे पर लटका था। पूर्व ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। कमरे में उसके कुछ शैक्षिक कागजात जले हुए मिले। सुसाइड नोट में लिखा था कि 'हमारी आधी उम्र पढ़ते-पढ़ते निकल गई है। ऐसी डिग्री का क्या फायदा जो एक नौकरी तक न दिला सकी। सुसाइड नोट में बीएससी तक के कागजात जलाने की बात भी लिखी है। लिखा है कि उसकी मौत के लिए माता-पिता को परेशान न किया जाए। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि युवक ने नौकरी न लगने का कारण बताते हुए सुसाइड नोट लिख फांसी लगाई है। इसमें किसी को दोषी नहीं ठहराया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### अखिलेश यादव ने कहा जान देना समाधान नहीं

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा कि ये बेहद दुखद खबर है कि बेरोजगारी की त्रासदी से निराश होकर कन्नौज में एक युवा ने फंदे पर लटककर जान दे दी। ऐसा करने से पहले उसने अपनी सारी डिग्रियां भी जला डालीं। कहा कि जान देना कोई समाधान नहीं होता, संघर्ष ही रास्ता निकालता है। भाजपा सरकार में नौकरी की उम्मीद बेमानी है। जो भाजपा अपनी सरकार बनाने के लिए हर हथकंडा अपनाती है, वो नौकरी देने के नाम पर क्यों मुकर जाती है।

# विनय शंकर तिवारी के 10 ठिकानों पर ईडी का छापा

### बैंक लोन धोखाधड़ी मामला

- दिल्ली, गोरखपुर समेत कई जगह हुई जांच, दस्तावेज भी खंगाले गए
- विनय तिवारी और उनके भाई पूर्व सांसद भीष्म शंकर से भी पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को सपा नेता विनय शंकर तिवारी के अलग-अलग शहरों में स्थित 10 ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी विनय तिवारी की गंगोत्री इंटरप्राइजेज द्वारा 750 करोड़ रुपये के बैंक लोन में धोखाधड़ी को लेकर की गई है। ईडी ने लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा, गुजरात के अहमदाबाद और हरियाणा के गुरुग्राम में आरोपियों से जुड़े 10 परिसरों पर छापेमारी की। इस मामले में ईडी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है।

गोरखपुर धर्मशाला स्थित विनय तिवारी के आवास तिवारी हाता पर सुबह ही ईडी के तकरीबन एक दर्जन अफसर पहुंचे और दस्तावेज खंगाले। इस दौरान आवास पर मौजूद पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी और उनके बड़े भाई पूर्व सांसद भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी से भी ईडी के अफसरों द्वारा पूछताछ किए जाने की खबर है। लखनऊ में महानगर स्थित विनय शंकर तिवारी के आवास पर भी सुबह ही ईडी की टीम पहुंच गई। वहां सिर्फ स्टाफ होने के चलते गेट खुलने तक तकरीबन एक घंटे तक उन्हें बाहर ही खड़ा रहना पड़ा। यहां छानबीन के दौरान बाहर ईडी के अफसरों की ओर से प्रिंटर आदि भी मंगवाए जाने की सूचना है।

# झोपड़ी में आग लगने से 4 बच्चियां जिंदा जलीं

संवाददाता, फरीदपुर (बरेली), **अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव नवादा बिलसंडी में शुक्रवार को मकान की छत पर बनी झोपड़ी में रखे पुआल और भूसे में आग लग गई। आग लगने से लुकाछिपी खेल रहे चार बच्चों की जलकर मौत हो गई। चीख-पुकार सुनकर गांव वाले पहुंचे, आग बुझाई लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। गांव नवादा बिलसंडी में अमिताभ, भीम, अर्जुन अपने परिवार के साथ एक छोटे से मकान में रहते हैं। छत पर दो झोपड़ी बनाकर उसमें पुआल और भूसा भी रखा था। अमिताभ की बेटी मानवी (2), नीतू (5), भीम की बेटी प्रियांशी (6) और अर्जुन की बेटी आराध्या (6) छत पर लुकाछिपी खेल रहे थे। अचानक भूसा-पुआल में आग लग गई। झुलसने से चारों बच्चों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया है।

# महिला प्रोफेसर पर लगाया 5 लाख रुपये का जुर्माना

- एससी/ एसटी एक्ट के तहत आरोपित ने दर्ज कराई थी झूठी शिकायत

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एससी/ एसटी एक्ट के तहत दर्ज एक मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि शताब्दियों तक भारतीय समाज ने जीवन के दो आधार मूल्यों सत्य और अहिंसा का पोषण किया है। एक समय लोग परिणामों की परवाह किए बिना अदालतों में सच बोलने में गर्व महसूस करते थे। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की एकलपीठ ने आईपीसी और एससी/एसटी अधिनियम की धाराओं के तहत दर्ज मामले में चल रही कार्यवाही और आरोप पत्र रद्द करने की मांग लेकर दाखिल याचिका को स्वीकार करते हुए की। दरअसल इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एक महिला प्रोफेसर को अपनी सहायक महिला प्रोफेसर को कक्षाएं लेने और ठीक से पढ़ाने के लिए



सलाह देना भारी पड़ा। उन्होंने अपनी इस गलती के लिए लगभग 8 वर्षों तक मुकदमे का सामना किया। तथ्यों का अवलोकन करने पर कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता एक सुशिक्षित महिला है और कानून के प्रावधानों को अच्छी तरह से जानती है, इसलिए उसने व्यक्तिगत लाभ के लिए कानून के प्रावधानों का दुरुपयोग किया। शिकायतकर्ता की झूठी शिकायत के कारण याची को सार्वजनिक छवि, वित्तीय क्षति हुई है। इस कारण शिकायतकर्ता पर पांच लाख का जुर्माना लगाना आवश्यक है।




# उत्तर प्रदेश : नये भारत का ग्रोथ इंजन



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के अनुरूप योगी सरकार ने नीति-निर्माण, नियोजन एवं पारदर्शी क्रियान्वयन पर सर्वाधिक फोकस किया, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए अपराध एवं अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस का कड़ाई से नियमन किया। देश की सबसे अच्छी निवेश पॉलिसी लागू कर निवेश का वातावरण सृजित किया, फलस्वरूप वर्ष 2018 में यूपी इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 4.28 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निवेश परियोजनाएं धरातल पर आ चुकी हैं। इससे भी आगे बढ़कर यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के सफल आयोजन से 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शुभारंभ दिनांक 19 फरवरी, 2024 को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-4.0 के मंच से किया गया। इससे 34 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

"उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बने 7 वर्ष हो रहे हैं। बीते 7 वर्षों में रेड टेप कल्चर, रेड कार्पेट कल्चर बन गया है। बीते 7 वर्षों में यूपी में क्राइम कम हुआ, तो बिजनेस कल्चर का विस्तार हुआ है। बीते 7 वर्षों में व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल बना है। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है, जब हम सुनते हैं कि उत्तर प्रदेश ने ठान लिया है कि 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाएंगे"

**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

- भारत का सबसे बड़ा उपभोक्ता एवं श्रम बाजार
- 6 एक्सप्रेसवे संचालित, 7 एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन
- देश में सर्वाधिक एयरपोर्ट, 4 अंतर्राष्ट्रीय समेत 10 एयरपोर्ट संचालित, 11 निर्माणाधीन
- मेरठ से दिल्ली तक देश की प्रथम रैपिड रेल सेवा
- 6 शहरों-नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर एवं आगरा में मेट्रो रेल सेवा
- उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में 6 नोड्स - अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट एवं झांसी का निर्माण प्रगति पर
- सर्वाधिक मेडिकल कॉलेज वाला राज्य, 65 मेडिकल कॉलेज संचालित, 22 निर्माणाधीन
- सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की स्थापना में देश में प्रथम, 96 लाख एमएसएमई इकाइयां संचालित
- ग्रेटर नोएडा में उत्तर भारत का प्रथम हाइपरस्केल डाटा सेंटर प्रारम्भ
- देश के कुल मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में 65 प्रतिशत योगदान
- भारत का पहला फ्रेट विलेज, वाराणसी में 100 एकड़ में विकास
- देश का पहला अंतर्देशीय जलमार्ग विकसित
- 17 नगर निगम एवं गौतमबुद्धनगर सहित देश का सर्वाधिक सेफ सिटी वाला राज्य बनने की ओर अग्रसर
- वाराणसी में देश के प्रथम पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोप-वे का निर्माण प्रगति पर
- यूपी, कौशल विकास नीति को लागू करने वाला पहला राज्य

## ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में अचीवर्स स्टेट

## लीड्स रैंकिंग-2023 में अचीवर्स स्टेट

## देश के जीडीपी में 9.2% का योगदान

## ई-मार्केट प्लेस (जेम) के अंतर्गत सर्वाधिक खरीदारी करने वाला राज्य





"ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, निवेश मित्र पोर्टल तथा सिंगल विण्डो सिस्टम के साथ प्रदेश की इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली पॉलिसी का परिणाम है कि आज हर निवेशक यहां आना चाहता है। यहां नीतियों में पारदर्शिता के साथ ही इन्हें क्रियान्वित करने वालों की जवाबदेही भी तय है। उत्तर प्रदेश में हर निवेशक का सम्मान है। अब तो लोग कहने लगे हैं कि सुरक्षित निवेश यानी उत्तर प्रदेश"

**- योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

- 16.50 लाख युवाओं का कौशल विकास
- 1000 एकड़ में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी, नोएडा में अवस्थापना विकास कार्य प्रगति पर
- वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का 8.5% और ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का 57% भाग यूपी में, इनका जंक्शन दादरी में है
- ई-टेंडरिंग प्रणाली की परफॉर्मेंस में प्रथम
- फूड बास्केट के रूप में पहचान, दूध, गन्ना, चीनी, आलू, आम, आंवला एवं एथेनॉल उत्पादन में देश में अग्रणी
- प्रदेश की 56 प्रतिशत आबादी कामकाजी श्रेणी में
- 67 विश्वविद्यालय, 5,842 कॉलेज, 370 पॉलिटेक्निक एवं 3,268 आई.टी.आई./आई.टी.सी. वाला राज्य
- देश का सबसे बड़ा 16,000 किमी. का रेलवे नेटवर्क
- देश का सबसे बड़ा 4 लाख किमी. का सड़क नेटवर्क
- अंतर्राष्ट्रीय/अंतर्राज्यीय सीमा वाले 94 मार्गों का विकास
- आई.आई.एम. लखनऊ, आई.आई.टी. कानपुर, आई.आई.टी. बीएचयू वाराणसी, आई.आई.आई.टी. प्रयागराज, एन.आई.टी. इलाहाबाद जैसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थान संचालित
- एसोचैम द्वारा उत्तर प्रदेश को 'बेस्ट स्टेट इन स्किल डेवलपमेंट' की गोल्ड मेडल ट्राफी
- देश के बेस्ट स्टेट फॉर इनलैण्ड फिशरीज का प्रथम पुरस्कार यूपी को प्राप्त

## करके दिखाये जो - डबल इंजन की सरकार है वो


The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919


## एक नजर

### भटके बालक को पुलिस ने अपनों से मिलवाया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रास्ता भटका एक बालक शुक्रवार को मोहम्मदपुर खाला पुलिस को मसुरिहा गांव के पास मिला। पुलिस ने उससे परिजनों व गांव के नाम की जानकारी की। मगर, वह कुछ बता नहीं सका। इस पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लोगों से जानकारी करनी शुरू की तो पता चला कि वह बालक थाना क्षेत्र के केवटली गांव का निवासी है। इस पर पुलिस ने भटके बालक को ले जाकर परिजनों को सौंप दिया।

### घर में फंदे से लटका मिला छठवीं की छात्रा का शव

**टिकैतनगर बाराबंकी, अमृत विचार :** खमोली निवासिनी रूमा (12) पुत्री समर बहादुर का शव गुरुवार देर शाम घर में कमरे की छत के हुक से फंदे से लटकता मिला। टिकैतनगर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। रूमा कक्षा 6 की छात्रा थी। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### 33 पर शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न थानों की पुलिस ने शुक्रवार को तीन वारंटी और 12 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं अलग-अलग मामलों में थाने लाए गए 33 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई।

# अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर कहलाएंगे हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर

## डीएम ने दी चेतावनी- बर्खास्त होंगे कार्य में लापरवाही बरतने वाले आयुष्मान मित्र

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा है कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर कहलाएंगे। इससे सम्बंधित शासन के आदेश निर्गत हो गए हैं। पहले चरण में 360 हेल्थ सेंटर का नाम आरोग्य मंदिर किया गया है।

वे शुक्रवार को लोक सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता की समीक्षा कर रहे थे। सिरौली गौसपुर के सौ बेड हास्पिटल की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम ने सीएमएस की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अब सुधार नहीं हुआ तो सीएमएस के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इस सेवा से सम्बद्ध डॉक्टरों और



जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी।

अन्य लोगों को निष्ठापूर्वक कार्य करना चाहिए क्योंकि यह कार्य ही नहीं, मानव सेवा है। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि जनपद बाराबंकी ने प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति में प्रदेश में नंबर एक स्थान प्राप्त किया है। ज़िलाधिकारीने कहा कि सभी पीएचसी और सीएचसी में पर्याप्त मात्रा में दवाएं होनी चाहिए और दवाओं की उपलब्धता की सूची भी सेंटर में डिस्प्ले होनी चाहिए। टीकाकरण तथा अन्य सम्बंधित जांच मानक अनुसार हो रही हैं, दवाएं मिल रही हैं आदि का वे स्वयं समय-समय पर निरीक्षण करेंगे। ज़िलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जो आयुष्मान मित्र संतोषजनक कार्य नहीं कर रहे हैं, उनको सेवा से बर्खास्त करने की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से शुरू कर दी जाए। आयुष्मान कार्ड बनने से लेकर इसके द्वारा चिकित्सा कराने के कार्य में लापरवाही अक्षम्य है। जन्म मृत्यु पंजीकरण के कार्य को बेहद संवेदनशील ढंग से करने के पुनः निर्देश देने के साथ ही कहा कि इसमें लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ज़िलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं के निजी सेंटर्स पर अल्ट्रासाउंड कराने की प्रक्रिया में सुधार के लिए सीएमओ से कहा कि वे उनकी ओर से पत्र प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य को भेजें। लाभार्थी को फोन भी किया जाए ताकि इस कार्य मे कोई कमी न रह जाए। उन्होंने घर-घर जाकर टीकाकरण कार्य मे एएनएम दीदी आशा के कार्यों का नियमित अनुश्रवण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव भी मौजूद रहे।

# चार स्थानों पर टूटा घाघरा नदी पर बने संजय सेतु का ज्वॉइंटर

**आवागमन में बाधा**
- कई किलोमीटर तक लग गया था लंबा जाम
- बालू से भरी बोरियां डालकर बहाल कराया गया यातायात

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** घाघरा नदी पर बने संजय सेतु में ज्वॉइंटर (लोहे का गार्डर) चार स्थानों से टूट गया। इसके चलते आवागमन ठप हो गया। कई किलोमीटर तक वाहनों का लंबा जाम लग गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने वन साइड व्यवस्था करके जाम खत्म कराया और इसकी जानकारी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को दी गई। मौके पर पहुंची विभाग की टीम बोरियों में बालू भरकर डाल दिया और चली गयी। हैरत की बात तो यह है कि पड़ोसी देश नेपाल से राजधानी लखनऊ को जोड़ने वाले इस राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत और रखरखाव के प्रति जिम्मेदार अधिकारी उदासीन हैं।


संजय सेतुके टूटे ज्वॉइंटर पर डाली गईं बालू की बोरियां। अमृत विचार

शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे घाघरा नदी पर स्थित संजय सेतु का ज्वॉइंट चार जगह टूट गया। जिससे राजधानी लखनऊ से नेपाल, बलरामपुर, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती समेत कई अन्य जिलों का आवागमन ठप हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वन साइड करके यातायात को शुरू कराया। कई किलोमीटर तक जाम में फंसे वाहन घंटों कछुए की चाल में रेंगते रहे। तब जाकर जाम से छुटकारा मिल पाया। समाचार लिखे जाने तक एनएचएआई के द्वारा ज्वॉइंटर पर लोहे के गार्डर को ठीक नहीं किया गया था।

# रिस्पांस टाइम और बेहतर बनाएं पीआरवी वाहन

**निर्देश**
- वार्षिक निरीक्षण में एसपी को लकदक मिली पुलिस लाइन
- साप्ताहिक परेड के बाद एसपी ने परखी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** साप्ताहिक परेड के बाद एसपी ने शुक्रवार को पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान पहले से सब लकदक दिखा। इसके बाद आदेश कक्ष में रजिस्टरों और अभिलेखों को देख एसपी ने मातहतों को इसे पूर्ण रखने के निर्देश दिए।

शुक्रवार की सुबह पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में पहुंचकर एसपी दिनेश कुमार सिंह ने सलामी ली।


पुलिस लाइन के निरीक्षण के दौरान शस्त्रों का अवलोकन करते पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह। अमृत विचार

उसके बाद सभी पुलिस कर्मियों को फिट रहने के लिए दौड कराई। एसपी ने टर्न आउट चेक करने के लिए अनुशासन और एकरूपता के लिए ड्रिल की कार्रवाई कराई। यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर मानकों के अनुसार सभी आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने के निर्देश दिए। एसपी ने पीआरवी अपने रिस्पांस टाइम को और बेहतर बनाए। इसके बाद पुलिस लाइन का वार्षिक मुआयना करने पहुंचे एसपी ने पुलिस लाइन के परिसर, मेस, बैरक, शस्त्रागार व परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान जहां खामियां सामने आई संबंधित को सुधार के निर्देश दिए।

# चोरी की 6 बाइकों के साथ दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पांच दिन पहले नगर कोतवाली पुलिस ने दो आटोलिफ्टरों को गिरफ्तार कर चोरी की 16 बाइकें बरामद की थी। इनसे पूछताछ के बाद पुलिस के हाथ लगे अहम सुराग के बाद शुक्रवार को कोतवाली पुलिस इसी गिरोह के दो आटोलिफ्टर को पकड़ चोरी की छह बाइकें बरामद की। इसमें एक बाइक पर स्कूटी का नंबर मिला। पुलिस ने दो आरोपियों को पूर्व में दर्ज मुकदमे में बरामदगी और जालसाजी और कूटरचना की धारा बढ़ाते हुए जेल भेज दिया।

नगर कोतावाली के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी की टीम ने पांच दिन पहले आटोलिफ्टर गिरोह के दो शातिरों को गिरफ्तार कर चोरी की छह बाइकें बरामद की। इसमें एक बाइक पर स्कूटी का नंबर मिला। सूत मिल तिराहे के पास से गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में गोंडा के करनैलगंज निवासी नानबाबू और रहीस को कोतवाली लाकर कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 18 फरवरी को पकड़े गए आटोलिफ्टर गिरोह के दोनों सक्रिय सदस्य हैं।

## सार-संक्षेप

### सैलानी माता मंदिर पर दो दिवसीय मेला आज से




**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** बंकी ब्लॉक के डल्लू खेड़ा गांव स्थित प्रसिद्ध सैलानी माता मंदिर पर 24 फरवरी से दो दिवसीय मेला लगेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर कमेटी ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। यहां पर हर दिन जिले के अलावा अन्य दूर दराज के स्थानों से श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है। मंदिर के पास स्थित कुंड से हर पल शीतल जल निकलता रहता है। श्रद्धालु इसी में स्नान कर माता के दरबार में माथा टेकने जाते हैं। सैलानी माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव ने बताया कि 24 फरवरी माघ की पूर्णिमा से दो दिवसीय मेला लगेगा। जो 25 फरवरी तक चलेगा। मंदिर परिसर की साफ सफाई करा कर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। मंदिर और परिसर में सीसीटीवी कैमरे लग गये हैं।

### गौशालाओं में गोवंशों की उचित ढंग से की जाए देखभाल


गौशाला का निरीक्षण करते उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश चंद्र।

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी, अमृत विचार :** उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रमेश चंद्र सिंह और बीडीओ डॉ. विनय कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को बनीकोडर ब्लॉक के सकतपुर,नाथूपुर और सूरजपुर स्थित अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने सेवादारों से बीमार गायों की जानकारी ली। गायों को दिये जाने वाले चारे का जायजा लिया। उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने गायों की देखभाल उचित तरीके से करने के निर्देश दिये।

### छात्राओं ने लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक

**हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार :** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चौथे दिन छात्र-छात्राओं द्वारा स्लोगन के माध्यम से 36,205 मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। नोडल प्रभारी राहुल शुक्ला ने बताया कि हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत हैदरगढ़ विकासखंड के 14,143, त्रिवेदीगंज के 11604 एवं सिद्धौर के 10,458 मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। उल्लेखनीय है कि नवाचार के तहत शिक्षकों द्वारा स्लोगन अंकित किए जाते हैं। इन स्लोगन को छात्र-छात्राओं द्वारा अपने घर-परिवार, पास-पड़ोस और मोहल्ले में जाकर सुनाया जाता है और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जाता है।

### अच्छी उपज के लिए मार्च तक कर लें गन्ने की बुआई

**सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार :** गंगापुर संसारा और मुस्तफाबाद में लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान लखनऊ द्वारा चीनी मिल हैदरगढ़ के सहयोग से बसंतकालीन गन्ना को बढ़ावा देने के लिए किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गन्ना संस्थान के पूर्व सहायक निदेशक राम नरेश वर्मा ने बताया कि गन्ने की बुआई मार्च तक अवश्य कर लें ताकि कम लागत में अच्छा गन्ना उत्पादन मिल सके। विशेषज्ञ अरुण कुमार ने किसानों को बताया कि ट्रेंच विधि से गन्ने की बुवाई, सहफसली की खेती, ड्रिप सिंचाई, उत्तम पेड़ी प्रबंधन और ट्रैश मल्चिंग को अपनाकर अपनी आय को दोगुनी कर सकते हैं। चीनी मिल के प्रबंधक (हेड ऑफिस) प्रेम सिंह ने किसानों को चीनी मिल द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। चीनी मिल हैदरगढ़ के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक हरीराम वर्मा ने कहा कि चीनी मिल विभिन्न कृषि यंत्रों और उर्वरक दवाइयों पर छूट दे रही है, उसका लाभ उठाएं। समिति सचिव तुलसीराम ने किसानों को गन्ना आपूर्ति समय से करने तथा अपना बेसिक कोटा बढ़ाने पर ध्यान देने को कहा। गोष्ठी में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रंजय जायसवाल, नरेश शर्मा, कुलदीप यादव, वीरेन्द्र प्रताप, राजेंद्र, वीपी सिंह, राज नारायण सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रामसनेहीघाट और हैदरगढ़ तहसील परिसर में जिला पर्यावरण समिति द्वारा नुक्कड़ नाटक टीम के प्रतिभागियों द्वारा आम जनमानस को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। उत्कर्ष सिंह व उनकी टीम ने नुक्कड़ नाटक के जरिए बताया कि हमें पर्यावरण की रक्षा करनी होगी, तभी हम सब स्वस्थ रह सकते हैं। इसके साथ ही प्रदूषण नियंत्रण के प्रति भी जागरूक होना होगा। इस मौके पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


रामनगर पीजी कॉलेज में विजेता खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि और महाविद्यालय परिवार के सदस्य। अमृत विचार

### सबसे तेज धावक रहे दिव्या, लवकुश और संजय

**रामनगर,बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय पीजी कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के पहले दिन बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ में दिव्या प्रथम, छवि द्वितीय और संतोषी तृतीय स्थान पर रहीं। 800 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान पर उमा, द्वितीय शिवानी व तृतीय जागृति रहीं। बालक वर्ग की 400 मीटर की दौड़ में प्रथम लवकुश, द्वितीय आनंद, तृतीय आदित्य रहे। 800 मीटर दौड़ में प्रथम संजय, द्वितीय विकास तो तृतीय सुशील रहे। भाला फेंक में शुभम ने बाजी मारी। विजयी व उपविजयी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत व विशिष्ट अतिथि नगर अध्यक्ष रामशरण पाठक ने सम्मानित किया। उद्घाटन महाविद्यालय के सचिव एवं एसडीएम पवन कुमार ने किया। प्राचार्य डॉ. कौशलेंद्र विक्रम मिश्रा ने आभार जताया। अमर कृष्ण नारायण सिंह शिक्षण भवन का भी पूर्व सांसद ने उद्घाटन किया। इस मौके पर कमलेश पांडेय, पवन ओझा, दयाशंकर, वैभव मिश्रा सहित महाविद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

# समाज सुधारक थे संत गाडगे

**जयंती**

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** समाज को शिक्षा एवं स्वच्छता के महत्व के साथ-साथ चारित्रिक शिक्षा देने वाले संत गाडगे की जयंती शुक्रवार को मनाई गई। इस अवसर पर संत सम्पूर्णानंद ने संत गाडगे के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गाडगे एक समाज सुधारक थे। जिन्होंने लोगों के बीच अज्ञानता, अंधविश्वास के उन्मूलन के लिए जीवन पर्यंत काम किया। हमें भी उनके बताए रास्ते पर चलकर अपने समाज में व्याप्त कुरीतियों और अंधविश्वासों को दूर करके समाज को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने का काम करना चाहिए।


संत गाडगे के चित्र पर माल्यार्पण करते राजेश कुमार। अमृत विचार

इस अवसर पर रामानंद, कनौजिया को सम्मानित भी किया गया। हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नई सड़क चौराहे पर राजेश कुमार द्वारा आयोजित इस समारोह में प्रदीप, रामनरायण, दीपक कुमार हरिमगन, राम आसरे, आदेश कुमार, राममिलन यादव, राम सजीवन, आशीष, विकास, अनुभव, गगनदीप, भीम सिंह समेत बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की।

**यूपी बोर्ड** पहली पाली में इंटर नागरिक शास्त्र, दूसरी पाली में हाईस्कूल संगीत व इंटर की सामान्य आधारित विषय का पेपर

# दूसरे दिन की परीक्षा में शामिल हुए 5206 छात्र-छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की दूसरे दिन शुक्रवार की दोनों पाली की परीक्षा में 5507 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 5206 शामिल हुए। जबकि 301 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में इंटरमीडिएट के नागरिक शास्त्र व दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के सामान्य विषय आधारित व्यावसायिक वर्ग तथा हाईस्कूल के संगीत विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे।

यूपी बोर्ड की परीक्षा को लेकर जिले के 117 कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। शुक्रवार को प्रथम पाली में 100 केंद्रों इंटरमीडिएट के नागरिक शास्त्र विषय की परीक्षा हुई। इसमें पंजीकृत 4778 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 4507 ने परीक्षा दी। वहीं 271 अनुपस्थित रहे। वहीं हाईस्कूल के उर्दू और फारसी का एक भी परीक्षार्थी नहीं था। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट व्यावसायिक वर्ग की परीक्षा 24 केंद्रों पर हुई। इसमें पंजीकृत 660 छात्र-छात्राओं में 636 ने परीक्षा तो 26 ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि हाईस्कूल के संगीत गायन विषय की परीक्षा में पंजीकृत 69 बालिकाओं में 63 ने परीक्षा दी तो छह गैरहाजिर रही। दूसरे दिन की परीक्षा भी सकुशल संपन्न हुई। डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने बताया कि बोर्ड परीक्षा कडी सुरक्षा के बीच सकुशल संपन्न कराई जा रही है।


राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर निकलती छात्राएं। अमृत विचार

# अर्थदंड से चार मामले निस्तारित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग अदालतों ने अर्थदंड व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाकर चार मुकदमे निस्तारित किये। दरियाबाद क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट के मामले के आरोपी म नारायन को दो हजार जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा दी। नगर कोतवाली में जुआ अधिनियम के अभियुक्त मनोज को सौ रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा, मसौली थाने में दर्ज आबकारी एक्ट के अभियुक्त सुलखान सिंह को 500 रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा दी। मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में अश्लील टिप्पणी करने वाले जयनाथ सिंह को न्यायालय उठने तक की सजा और 1200 रुपये के जुर्माने से दंडित किया गया।

## एक नजर

### पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपी को दबोचा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर कोतवाली पुलिस की टीम ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में लखपेडाबाग निवासी मो. जैद को मालगोदाम रोड के पास से गिरफ्तार किया। उस पर नगर कोतवाली में चोरी के दो मामले दर्ज हैं।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी किया गया गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बड्डूपुर पुलिस ने दुष्कर्म व धमकी के मामले में फरार चल रहे थाना क्षेत्र के बाजार पुरवा मजरे बड़ागांव निवासी शिवा को खिझना चौराहे से शुक्रवार को गिरफ्तार किया। उसके बाद विधिक कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया।

### तमंचा के साथ पकड़ा गया शातिर बदमाश

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बदोसराय कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को चीकाधामापुर निवासी करन को धुसेडिया मोड़ के पास से तमंचे के साथ दबोचा। थाने लाकर अभियुक्त पर आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेला भेजा।

### 34 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन आरोपी बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** फतेहपुर कोतवाली पुलिस की टीम ने शुक्रवार को 34 लीटर शराब के साथ तीन आरोपियों को दबोचा। पकड़े गए राहुल गौतम उर्फ जोनी, विजय कुमार तथा विजय कुमार पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गयी।

### जुआ खेलते पांच पकड़े गए


**बाराबंकी, अमृत विचार :** सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे पांच आरोपियों को कुर्सी पुलिस ने शुक्रवार को दबोचा। उनके पास से 1020 रुपये बरामद किए। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की। पकड़े गए लोगों में शैलेंद्र कुमार, मायाराम, राम उजागर, अंकित व राजेंद्र शामिल हैं।

### नष्ट की गई शराब

**बाराबंकी, अमृत विचार :** घुंघटेर थाने में आबकारी अधिनियम के दर्ज 52 मामलों में जमा माल का न्यायालय के आदेश पर नष्ट कराया गया। इस मौके पर नायब तहसीदार कुर्सी, अभियोजन अधिकारी, आबकारी निरीक्षक और एसओ घुंघटेर मौजूद रहे।

# 1.45 लाख श्रमिकों को नहीं भा रही मनरेगा योजना

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी




**मोहभंग**

- 3.44 लाख जॉबकार्डों पर पंजीकृत हैं 4.43 लाख श्रमिक
- 2.98 लाख सक्रिय मजदूर ही मांग रहे हैं काम

**अमृत विचार :** किसी का जॉबकार्ड सालों से संदूक में बंद है तो किसी का प्रधान के यहां रखा है। मनरेगा श्रमिकों को आधारबेस्ड भुगतान की व्यवस्था लागू होने के बाद लंबे समय से काम न करने वाले श्रमिकों तथा ऐसे जॉबकार्ड को रद करने की तैयारी चल रही है। जिले में 3.44 लाख जॉबकार्ड बने हैं। इनमें 4 लाख 43 हजार श्रमिक पंजीकृत हैं।

गौर करने वाली बात यह है कि इनमें से गांव में रहकर काम मांगने वाले 2.45 लाख जॉबकार्ड के 2.98 लाख मनरेगा मजदूर ही पूरी तरह से सक्रिय हैं। इस तरह देखे तो 1.45 लाख श्रमिकों को मनरेगा योजना भा नहीं रही है। या तो ये कहीं बाहर काम कर रहे हैं या फिर दूसरे जिले में जाकर बस गए हैं। आधारबेस्ड मजदूरी देने की व्यवस्था लागू होने के बाद इन निष्क्रिय जॉबकार्डों को रद करने की तैयारी की जा रही है।

जिले के 15 ब्लॉकों में कुल 3 लाख 44 हजार जॉबकार्ड धारक हैं। इनमें से 2 लाख 98 हजार मजदूर ऐसे हैं जो पूरी तरह से सक्रिय होकर अपने गांव में रोजगार की मांग कर रहे हैं और लगातार काम भी कर रहे हैं। यह बात अलग है कि बजट के अभाव में इनकी मजदूरी के साथ सामग्री आदि का लाखों का बकाया है। पिछले लंबे समय से यह देखने में आ रहा है कि पंजीकृत कुल जॉबकार्डधारकों के परिवार के 4 लाख 43 हजार श्रमिकों में से मात्र 2 लाख 98 हजार श्रमिक की काम कर रहे हैं। शेष एक लाख 45 हजार श्रमिक मनरेगा के तहत काम नहीं कर रहे हैं। आधारबेस्ड मजदूरी का भुगतान खातों में भेजने को लेकर श्रमिकों का सत्यापन जरूर किया जा रहा है ऐसे में निष्क्रिय दिखने वाले जॉबकार्डधारकों को बाहर का रास्त दिखाया जा सकता है। इस संबंध में उपायुक्त मनरेगा ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कि पंजीकृत श्रमिकों का आधारबेस्ड खाता देखा जा रहा है। निष्क्रिय जॉबकार्ड रद करने को लेकर जो आदेश होगा उसका अनुपालन किया जाएगा।

| ब्लॉकवार | जॉबकार्ड | श्रमिक | सक्रिय जॉबकार्ड | श्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| बनीकोडर | 29593 | 41734 | 20002 | 25657 |
| बंकी | 14777 | 18229 | 7643 | 9018 |
| दरियाबाद | 23083 | 29355 | 16494 | 20323 |
| देवा | 19138 | 23935 | 12178 | 14654 |
| फतेहपुर | 29739 | 35001 | 18395 | 22390 |
| हैदरगढ़ | 19517 | 26371 | 15006 | 18492 |
| हरख | 15719 | 20486 | 11123 | 13484 |
| मसौली | 15447 | 20286 | 9744 | 11833 |
| निंदूरा | 29016 | 37642 | 21547 | 26666 |
| पूरेडलई | 19681 | 25628 | 13935 | 16992 |
| रामनगर | 21474 | 26611 | 16227 | 19429 |
| सिद्धौर | 33386 | 44453 | 24692 | 31119 |
| सि.गौस. | 22088 | 26248 | 16495 | 19023 |
| सूरतगंज | 32293 | 37435 | 25154 | 28211 |
| त्रिवेदीगंज | 21963 | 30036 | 15820 | 20737 |

# बैनामे से पूर्व रुपये लेकर विक्रेता की पत्नी फरार

**फतेहपुर बाराबंकी, अमृत विचार:** भूमि के बैनामे से पहले रुपये लेकर विक्रेता की पत्नी उपनिबंधन कार्यालय से फरार हो गई। इसके बाद विक्रेता ने रुपये न मिलने की बात कहते हुए बयान देने से इंकार दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामला फतेहपुर कोतवाली का है। घुंघटेर के अकबरपुर के शैलेन्द्र ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसने रामलखन से एक भूमि का सौदा किया। बैनामा शुक्रवार को होना था। राम लखन अपनी पत्नी सीमा, सर्वेश व अन्य लोगों के साथ आया। यहां अधिवक्ता रमेशचन्द्र के यहां 2.40 लाख रामलखन की पत्नी को दिया। इसके बाद वह फरार हो गई। जब बैनामा के लिए उपनिबन्धक के यहां बयान देने का नंबर आया तो राम लखन ने पैसा न मिलने की बात कही।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जबरी कला विकास खण्ड देवा-बाराबंकी**

पत्रांक मेमो- ग्रा0 पं0 वि0 कार्य-2023-024 दिनांक- 23/02/2024

**अल्पकालीन निविदा टेंडर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जबरी कला विकासखंड देवा बाराबंकी में निविदा वर्ष 2023-024 में/पंचम/पन्द्रहवां वित्त योजना से निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हैं।

| क्र0सं0 | कार्य | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|
| 1 | प्राइमरी पाठशाला नईमऊ में दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य | 1.76 लाख |
| 2 | प्राइमरी पाठशाला जबरी कला में दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य | 1.76लाख |

भट्ठा ईट, इंटरलाकिंग ईट, सरिया, सीमेंट, गिट्टी, मौरंग, बालू, लोकल बालू, पत्थर गिट्टी, टायल्स, व्हाईट सीमेंट, आदि की आपूर्ति करने हेतु बिक्री कर में पंजीकृत सप्लायर से निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार की जाएगी। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री एवं एवं शर्तो का विवरण टेंडर फार्म उपलब्ध है। निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव को निहित होगा जिसके लिए कोई कारण स्व सूचित नहीं किया जायेगा। निविदा समय मात्र 15 दिन का होगा, जो 10/03/2024 को खुलेगा।

**निम्न व शर्तो का विवरण निम्नवत हैं।**

(1) प्रत्येक कार्य के लिए 03 निविदाएं होना आवश्यक है।
(2) सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जाएगी।
(3) सरकारी ग्रांट आने पर भुगतान किया जाएगा।
(4) जी.एस.टी. का भुगतान जो दर से सम्मिलित है, आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा तथा आयकर हेतु भुगतान से पूर्व आपूर्ति की गयी सामग्री के अनुसार जमा का चालान ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

**मंजू देवी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत जबरी कला,
विकास खण्ड- देवा बाराबंकी

**यशवंत सिंह**
सचिव
ग्राम पंचायत जबरी कला,
विकास खण्ड- देवा बाराबंकी

# बैंक में फर्जी खाता खोलकर गबन किए फीस के 19 लाख

## कार्यवाहक प्रधानाचार्य, प्रवक्ता, व्यायाम शिक्षक व चपरासी पर केस

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी




**अमृत विचार :** राष्ट्रीय इंटर कॉलेज से विवादों का नाता खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच बैंक में फर्जी खाता खोलकर निर्धारित शुल्क, अतिरिक्त शुल्क व पीटीए की 19 लाख की रकम कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने अपने सहयोगी प्रवक्ता, व्यायाम शिक्षक व परिचारक के साथ मिलकर गबन कर ली। इसका खुलासा होने पर कॉलेज के प्रबंधक ने गुरुवार को हैदरगढ़ कोतवाली में तहरीर देकर धोखाधड़ी, कूटरचना, कूटरचित दस्तावेज को असली बताकर प्रयोग, लोक सेवक द्वारा आपराधिक न्याय भंग, चोरी, शांतिभंग व धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कराया।

मामला हैदरगढ़ के रनापुर स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज का है। यहां के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके कॉलेज का खाता कोआपरेटिव बैंक में है। इस खाते के अलावा कार्यवाहक प्रधानाचार्य रामकुमार शुक्ला ने कूटरचित दस्ताबेज से फर्जी खाता खुलवा लिया। इसके बाद वर्ष 2022-23 में निर्धारित शिक्षण शुल्क के 9,11400 रुपये, बच्चों को डरा-धमकाकर प्रति छात्र 400 रुपये अतिरिक्त शुल्क के रूप में वसूले गए 787200 रुपये तथा पीटीए की 193200 रुपये की धनराशि गबन कर ली। कार्यावाहक प्रधानाचार्य रामकुमार शुक्ला ने अपने सहयोगी प्रवक्ता भगत सिंह, व्यायाम शिक्षक राकेश सिंह और परिचारक मथुरा प्रसाद मौर्य के साथ मिलकर इस दौरान कुल 18 लाख 91 हजार 804 रुपये की धनराशि का गबन किया गया।

इस पर पुलिस ने कार्यवाहक प्रधानाचार्य समेत सभी चारों आरोपियों पर धोखाधड़ी व कूटरचना और धमकी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में फीस गबन के मामले में कार्यवाहक प्रधानाचार्य समेत चार लोगों पर प्रबंधक की ओर से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर इस मामले की जांच की जा रही है।

# प्रभावी शिक्षण तकनीक अपनाएं अध्यापक



समीक्षा बैठक को संबोधित करते डायट प्राचार्य मसीह उजमा सिद्दीकी।

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों की गुणवत्ता संवर्धन के लिए जनपद स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक डायट प्राचार्य मसीह उजमा सिद्दीकी की अध्यक्षता में बंकी नगर क्षेत्र में हुई। संचालन जिला समन्वयक प्रशिक्षण विनीता मिश्रा ने किया। समीक्षा बैठक में निपुण लक्ष्य एप द्वारा किये गए स्पॉट असेसमेंट के डाटा की समीक्षा, अकादमिक रणनीति पर चर्चा, निपुण भारत मॉनिटरिंग सेंटर डाटा का अवलोकन, हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव एवं राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम का आयोजन आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। डायट प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में अकादमिक टीम में नई ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि व्यावहारिक शिक्षण हेतु शिक्षकों को प्रेरित करने तथा बच्चों से आत्मीय संबंध बनाते हुए प्रभावी शिक्षण तकनीकों का प्रयोग विद्यालयों में परिलक्षित हो, इसे लेकर टीम को कार्य करने के प्रति निर्देशित किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बीकर विकास खण्ड देवा-बाराबंकी**

पत्रांक मेमो- ग्रा0 पं0 वि0 कार्य-2023-024 दिनांक- 23/02/2024

**अल्पकालीन निविदा टेंडर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बीकर विकासखंड देवा बाराबंकी में निविदा वर्ष 2023-2024 में/पंचम/पन्द्रहवां वित्त योजना से निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हैं।

| क्र0सं0 | कार्य | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|
| 1 | रामनाथ के घर से सीसी रोड तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य | 3.25 लाख |

भट्ठा ईट, इंटरलॉकिंग ईट, सरिया, सीमेंट, गिट्टी, मौरंग, बालू, लोकल बालू, पत्थर गिट्टी, टायल्स, व्हाईट सीमेंट, आदि की आपूर्ति करने हेतु बिक्री कर में पंजीकृत सप्लायर से निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार की जाएगी। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री एवं शर्तो का विवरण टेंडर फार्म उपलब्ध है। निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव को निहित होगा जिसके लिए कोई कारण स्व सूचित नहीं किया जायेगा। निविदा समय मात्र 15 दिन का होगा, जो 10/03/2024 को खुलेगा।

**निम व शर्तो का विवरण निम्नवत हैं।**

(1) प्रत्येक कार्य के लिए 03 निविदाएं होना आवश्यक है।
(2) सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जाएगी।
(3) सरकारी ग्रांट आने पर भुगतान किया जाएगा
(4) जी.एस.टी. का भुगतान जो दर से सम्मिलित है, आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा तथा आयकर हेतु भुगतान से पूर्व आपूर्ति की गयी सामग्री के अनुसार जमा का चालान ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

**दिनेश कुमार यादव,** ग्राम प्रधान **यशवंत सिंह,** सचिव
ग्राम पंचायत बीकर, विकास खण्ड देवा बाराबंकी

# लोग खुद ही हटा रहे अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शहर के मध्य स्थित लेडी डॉक्टर के बंगले की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करने में अभी एक-दो दिन और लगेंगे। शुक्रवार को भी अतिक्रमण हटाने का कार्य जारी रहा। अतिक्रमणकर्ता खुद अस्थाई निर्माण हटा रहे हैं।

जिला प्रशासन ने अतिक्रमणकर्ताओं से साफ कर दिया है कि ज्यादा नुकसान से बचने के लिए वह खुद अस्थाई निर्माण हटा लें। अन्यथा बुलडोजर चला तो ज्यादा नुकसान भी होगा और खर्च भी उनसे वसूला जाएगा। यही कारण रहा कि शुक्रवार को डेढ़ सौ से अधिक श्रमिक अतिक्रमण हटाने के कार्य में लगे रहे। अधिशाषी अधिकारी के अलावा शुक्रवार को उप जिलाधिकारी ने भी मौके पर पहुंच कर अभियान का जायजा लिया। पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है। अतिक्रमण हट जाने के बाद 90000 वर्ग फुट जमीन पूरी तरह जिला प्रशासन के कब्जे में आ जाएगी। जहां फिलहाल अभी तक मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण प्रस्तावित है।

### आज से जमुरिया नाले पर चलेगा अभियान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जमुरिया नाले पर शनिवार से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के दौरान 25 मीटर की चौड़ाई में आने वाले आवासीय गैर आवासीय व्यावसायिक भवन हटाए जाएंगे। पहले चरण में अतिक्रमण हटाने का यह कार्य जगनेहटा से प्रारंभ होकर लखपेड़ाबाग तक चलेगा। अतिक्रमण हटाने के इस अभियान को पहले से ही उच्च न्यायालय की हरी झंडी मिल चुकी है। अतिक्रमणकर्ताओं नोटिस भी जारी की जा चुकी है। शनिवार से प्रारंभ होने वाले अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर आम जनता की निगाहें लगी हुई हैं।

# भाजपा में शामिल होने पर पूर्व प्रमुख का स्वागत



**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** निंदूरा क्षेत्र के पूर्व ब्लाक प्रमुख चंद्रशेखर गुप्ता भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद शुक्रवार को पैतृक निवास व बैना टिकरहार पहुंचे जहां पर समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इनमें मोतीलाल गुप्ता, करीम मुशीर, ऋषि गुप्ता, लल्लन, संदीप, विनीत, रामसमझ गुप्ता, रितिक आदि थे।

### 670 ग्राम स्मैक के साथ तीन तस्कर दबोचे गए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स थाने की टीम ने शुक्रवार को तीन तस्करों को 670 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा। एएनटीएफ थाने के प्रभारी निरीक्षक अयनुद्दीन की टीम ने शुक्रवार को जहांगीराबाद थाने के फैजुल्लागंज स्थित एक बेकरी के सामने से जैदपुर थाने के टिकरा मुर्तजा निवासी मो. कैफ व मुसैब तथा नगर कोतवाली के असदनगर, दशहराबाग निवासी मो. जमीर उर्फ फिरोज को 670 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा। इसके बाद जहांगीराबाद थाने ले जाकर केस दर्ज कराने के बाद तीनों तस्करों को जेल भेज दिया गया है।

### हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**दरियाबाद, बाराबकी, अमृत विचार :** तीन दिन पहले सड़क हादसे में घायल वृद्ध की शुक्रवार को इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर लखनऊ में मौत हो गई। हादसा बीते मंगलवार को दरियाबाद-भिटरिया मार्ग पर जेठौती राजपूतान मोर्ड के पास हुआ था। दरियाबाद थाना क्षेत्र के मुरारपुर निवासी राजकुमार वर्मा मंगलवार को डेयरी से दूध लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर घायल हो गया। उसे सीएचसी मथुरानगर पहुंचाया गया। जहां से उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ भेज दिया गया। जहां पर शुक्रवार को इलाज के दौरान घायल वृद्ध की मौत हो गई। एसओ शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि केस पहले से ही दर्ज है।

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India**
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या, 436, अतरदीप कॉम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या -224001, ई- मेल: crld.roayodhya@unionbankofindia.bank

**मांग सूचना**

**अनडिलिवर्ड डिमांड नोटिस के सम्बन्ध में सार्वजनिक सूचना - 13(2) सरफेसी नोटिस**

निम्नलिखित ऋणग्राहियों / जमानतदारों के विधिक उत्तराधिकारियों (गारन्टर / बंधककर्ता) को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनः निर्माण एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के साथ पढ़ते हुए अनुच्छेद 13(2) के अन्तर्गत (डिमांड नोटिस) मांग सूचना नीचे उल्लेखित तिथि को भेजे गये थे और ये नोटिस बिना सुपुर्दगी के वापस गये, ऋणग्राहियों / जमानतदारों के विधिक उत्तराधिकारियों को सलाह दी जाती है कि आप इस प्रकाशन की तिथि से निम्न वर्णित धनराशि तथा ब्याज एवं अन्य खर्चो का भुगतान 60 दिन के अन्दर करें अन्यथा बैंक सरफेसी अधिनियम 2002 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्बन्धित सम्पत्ति को अपने कब्जे में लेकर बिक्री की कार्यवाही करेगा। सरफेसी अधिनियम 13(13) के अन्तर्गत इस नोटिस की प्राप्ति पर आपको बैंक की सहमति के बिना सम्पत्तियों से किसी प्रकार का क्रय विक्रय व अन्तरण अवैध होगा। उधारकर्ता / जमानतदारों के विधिक उत्तराधिकारियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है। सम्पत्ति में किसी प्रकार का क्रय विक्रय यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, **अयोध्या** की सम्बन्धित शाखाओं के भार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | ऋणी एवं जमानतकर्ता का नाम | साम्यिक बंधक का विवरण | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि | मांग सूचना जारी की तिथि / एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | **शाखा: बस्ती (ई आंध्रा) शाखा (21571)** | | | |
- भाजपा जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री द्वारा राजकोट से 25 फरवरी को रायबरेली एम्स का वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी ज़िला कार्यालय अटल भवन में संगठन के पदाधिकारियों, वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक, ज़िला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, पूर्व ब्लॉक प्रमुख, नगर पंचायत अध्यक्ष,एवं ज़िले के वरिष्ठ भाजपा नेताओ के साथ बैठक आहूत की गई।





पदाधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी।

जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने सभी को अलग- अलग जिम्मेदारी सौंपी। कहा कि रायबरेली मुंशीगंज स्थित एम्स में आगामी 25 तारीख को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री स्मृति इरानी व केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल मौजूद रहेंगे। लोकार्पण के पश्चात जनता को मुख्य मंत्री जी द्वारा संबोधित किया जाएगा।

उन्होंने बैठक में 25 तारीख के कार्यक्रम को लेकर योजना रचना बनाई गई कि किस प्रकार माननीय मोदी जी मुख्यमंत्री योगी जी के कार्यक्रम को सफल बनाते हुए एम्स का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 25 से 30 हजार लोग मौजूद रहेंगे।

# भाजपा सरकार में गरीबों के सपने हो रहे साकार: राघवेंद्र



संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। भाजपा सरकार में गरीबों के सपने साकार हो रहे हैं। घास-फूस की झोपड़ी से छुटकारा मिल गया। उन्हें सर्दी, गर्मी और बरसात की चिंता अब नहीं करनी पड़ती है। पक्के घर में परिवार का पालन पोषण कर पा रहे हैं। साथ ही सिलेंडर से लेकर किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उक्त बातें पस्तौर में ग्रामीणों के साथ चौपाल के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह ने कही। पूर्व सांसद ने संत प्रसाद सिंह, राजू सिंह (पूर्व प्रधान), एसपी सिंह, राजेंद्र वर्मा भाजपा सेक्टर संयोजक राजामऊ, गोविंद प्रसाद, शिव प्रकाश, बृजमोहन, शरण यादव, सुमित शर्मा, रमाकान्त साहू, अयोध्या प्रसाद प्रजापति के साथ गांव की समस्याओं पर चर्चा की। पूर्व सांसद राघवेंद्र सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास कार्य तेजी से हो रहे है। भ्रष्टाचार और अपराध का ग्राफ तेजी से गिर रहा है। अपराधियों को जेल जाना पड़ रहा है। इस मौके पर राम शंकर द्विवेदी (पूर्व प्रधान), पुनीत त्रिवेदी, अनुज द्विवेदी प्रधान, जितेंद्र त्रिवेदी, बबलू शर्मा, अनिल पांडे, सुधांशु, गंगा मोहन श्रीवास्तव, धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सर्वेश तिवारी, छुन्नु कश्यप आदि मौजूद रहे। पूर्व सांसद ने रामपुर सुदौली में लोगों के घरों में जाकर सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। इस मौके पर रितेश कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह विश्वकर्मा प्रधान, रूपेश कुमार पूर्व बूथ अध्यक्ष भाजपा, बृजमोहन लोधी, संतोष कुमार लोधी, रंगलाल, सलीम, राममिलन, प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला की बैठक सम्पन्न

**खीरों रायबरेली।** शुक्रवार को ब्लाक सभागार में हुई बैठक में मुख्यतिथि खीरों मण्डल के प्रवासी प्रेम पाण्डेय रहे। वही विशिष्ट अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष शिवराम सिंह रहे। मण्डल के लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला की बैठक की। मुख्य अतिथि ने लाभार्थी संपर्क अभियान में लाभार्थियों से संपर्क कर सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए नमो ऐप व सरल ऐप डाउनलोड कराने के लिए प्रशिक्षित किया। वही कार्यक्रम का संचालन मण्डल उपाध्यक्ष अशोक सिंह ने किया। इस मौके पर धुन्नी सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष अशोक सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष राजन सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष शिवराज वर्मा, गौरव सिंह व सेक्टर सयोंजक व पूरी मण्डल टीम मौजूद रही।

# तेज रफ्तार डंपर से कुचलकर दंत चिकित्सक की मौत

**सरेनी, रायबरेली।** लालगंज-सरेनी हाइवे में पूरे पंडित बाजार में डंपर के पिछले टायर के नीचे आकर दन्त चिकित्सक की मौत हो गयी। दन्त चिकित्सक एक पागल महिला को बचाने के चक्कर में डम्फर के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार लालगंज कोतवाली के कैथन का पुरवा गांव रामबहादुर सुमन पुत्र स्व. लछिमन सरेनी बाजार में पिछले 36 वर्षो से दन्त चिकित्सक के तौर पर क्लीनिक चलाता था। शुक्रवार को वह अपने क्लीनिक के लिये घर से निकला और जैसे ही सरेनी-लालगंज हाइवे में पंडित का पुरवा बाजार में पहुंचा की तभी उसकी विक्की के आगे एक आवारा घूम रही पागल महिला आ गयी।दूसरी तरफ सड़क के किनारे तालाब था।उसने महिला को बचाने के लिये जैसे अपनी गाड़ी सड़क की ओर मोड़ी तभी एक तेज रफ्तार मिट्टी से भरे डंपर के पिछले पहिये की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गयी।

## डीपीआरओ ने जताई नाराजगी

**रायबरेली।** एग्रीस्टेक डिजिटल क्रॉप सर्वे में लापरवाही बरतने पर जिला पंचायत राज अधिकारी नें संबंधित विकास खंड के पंचायत सहायकों को पत्र लिख कर नाराजगी जताई है। एग्रीस्टेक डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत ग्राम पंचायत के पंचायत सहायकों द्वारा सर्वे का कार्य किया जाना है। जिसके तहत हुई जांच में जिले के कई ग्राम पंचायतों में लापरवाही उजागर हुई। जिला पंचायत राज अधिकारी नवीन सिंह नें रोहनिया दीनशाह गौरा, खीरो, जगतपुर, छतोह, सलोन व सतांव के पंचायत सहायकों को पत्र लिख कर नाराजगी जाहिर की है।

## किशोरी ने फंदा लगाकर दी जान

**डलमऊ, रायबरेली।** घर के अंदर एक किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई कुछ देर बाद परिजनों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया गदागंज थाना क्षेत्र के मिश्रपुर धूता गांव निवासी सुरेश कुमार शुक्ला की 16 वर्षीय बेटी प्रियंका शुक्ला बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी शुक्रवार लगभग 5 :00 बजे जब घर के सारे सदस्य बाहर थे तभी उसने घर के अंदर कमरे के कुंडे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली कुछ देर बाद जब घर के सदस्य पहुंचे तो देखकर अवाक रह गए परिजनों के द्वारा घटना की जानकारी गदागंज थाने को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी ने फांसी लगाई है शव को पीएम के लिए भेजा गया है विधि कार्रवाई की जा रही है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में नौ मार्च को दीवानी न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार ने बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यापक स्तर पर बैंक से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन मामले, बीमा से सम्बन्धित मामले, राजस्व से सम्बन्धित मामले, विद्युत से सम्बन्धित मामले, जल से सम्बन्धित मामले, सर्विस में वेतन एवं भत्ते से सम्बन्धित, श्रम से सम्बन्धित, मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित, पारिवारिक मामले एवं अन्य छोटे-मामलों का निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है । सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में अधिक जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के छजलापुर स्थित कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

**समस्या** गिट्टी डालने के बाद अधूरा काम छोड़कर ठेकेदार गायब, ग्रामीणों में पनप रहा आक्रोश

# बदहाल सतवाखेड़ा-भगवंतनगर मार्ग पर चलना दुश्वार

सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार।** मानकों को अनदेखी कर कराई गई मरम्मत से सतवाखेड़ा - भगवंतनगर मार्ग पर लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत की, लेकिन अफसरों ने एक नहीं सुनी। लगातार बदहाल मार्ग से आवागमन में हो रही परेशानी से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।



बदहाल सतवाखेड़ा - भगवंतनगर मार्ग



अवधेश प्रजापति



कपूर यादव



सुशील कुमार



अजय यादव

सतवाखेड़ा - भगवंतनगर सड़क से क्षेत्र की चार प्रमुख मंडियां जुड़ी हुई हैं। इसमें लालगंज, सरेनी, रसूलपुर व भगवंतनगर (उन्नाव) शामिल हैं। सड़क की लंबाई लगभग 10 किमी है। इस मार्ग का डामर जब उखड़ गया तो लोगों ने इसके पुनर्निर्माण की मांग उठाई। दिसंबर में सड़क बनी किंतु डामर नहीं डाला गया। मानकों की अनदेखी कर बनवाई गई इस सड़क में डाली गई गिट्टियां अब राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गई हैं।

वाहनों के गुजरने पर धूल के गुबार उड़ते हैं। जिससे वाहन चालक को कुछ दिखाई नहीं देता है, जबकि अन्य राहगीरों की आंखों में भी धूल भर जाती है। सुब्बाखेड़ा निवासी अजय यादव की इसी रोड पर अंबिका जी मंदिर के पास विनय इंटरप्राइजेज के नाम से प्रतिष्ठान है। इनका कहना है की भाजपा का विकसित भारत का नारा इस सड़क से गुजरने पर खोखला नजर आने लगता है। मां अम्बे उत्सव लॉन के मालिक सुशील वर्मा कहते हैं कि सड़क की दयनीय हालत देखकर पुराने जमाने के लढिया (बैलगाड़ी) के युग की याद आ जाती है।

कटरा मजरे मुरारमऊ के अवधेश प्रजापति का कहना है कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई, जिससे मार्ग सुधरने के बजाय अब चलने लायक नहीं रहा। उन्होंने इतने महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण में बरती गई लापरवाही पर नाराजगी जताई। हुल्लापुर में विद्यालय चला रहे कपूर यादव ने भी सड़क की दुर्दशा पर आक्रोश जताया। सभी ने शीघ्र डामरीकरण कराए जाने की मांग की।

# एक ही छत के नीचे मिलेंगे सभी इलेक्ट्रॉनिक सामान : विनय वर्मा

**शिवगढ़, रायबरेली।** नगर पंचायत के भवानीगढ़ में अम्बे इलेक्ट्रॉनिक्स का उदघाटन एमएलसी प्रतिनिधि विनय वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। शुक्रवार को एमएलसी प्रतिनिधि विनय वर्मा ने अम्बे इलेक्ट्रॉनिक्स का उद्घाटन किया इस मौके पर भारी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। उन्होने कहा कि भवानीगढ़ चौराहे व शिवगढ़ कस्बे में तरह-तरह की दुकाने हैं।



उद्घाटन के अवसर पर मौजूद लोग। अमृत विचार

इलेक्ट्रॉनिक की दुकान बहुत कम थी जिन्हे लखनऊ कानुपर से सामान लाना पड़ता था। अंबे इलेक्ट्रॉनिक के खुलने से अब उसी रेट में सारा इलेक्ट्रॉनिक सामान यही उपलब्ध हो जाएंगा, क्षेत्र के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। अम्बे इलेक्ट्रॉनिक्स के मालिक दिनेश पटेल ने कहा कि दुकानदारों को लखनऊ, कानपुर जाने की आवश्यकता नही है। इस अवसर पर ढोढ़वापुर ग्राम प्रधान नारेंद्र सिंह, संजय वर्मा ,पिंटू वर्मा, शिव शंकर, वर्मा प्रमोद कुमार, प्रवीण ध्यानू पांडेय सहित भारी संख्या में लोग मौजूद हैं।

# सीएम योगी के आगमन को लेकर प्रमुख सचिव ने किया एम्स का दौरा

## प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों को दिया जा रहा है अंतिम रूप

कार्यालय संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एम्स दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज हो गई है। शुक्रवार को योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा पार्थसारथी सेन शर्मा और एमपी एनएचएम डा. पिंकी जोवेल एम्स पहुंच वहां की व्यवस्थाओ को परखा, और जिले के अधिकारियो के साथ ही एम्स प्रशासन से भी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की।

प्रमुख सचिव ने डीएम हर्षिता माथुर, एसपी अभिषेक अग्रवाल के साथ एम्स के डायरेक्टर और अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों को परखा साथ ही जो कमियां दिखाई पड़ी उन्हें जल्द दुरुस्त कराने के निर्देश भी दिए। गौरतलब है कि रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा राजकोट में एम्स के शिलान्यास के साथ निर्मित पाँच अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान राष्ट्र को समर्पित करेंगे। जिसको लेकर रायबरेली स्थित एम्स में भी कार्यक्रम आयोजित है।

इस कार्यक्रम में सूबे के मुखिया आ रहे है और वह एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। चुनाव से पूर्व मिली सौगात के बाद सीएम लोगों में जोश भी भरेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मवड़िया, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, सहित आधा दर्जन से अधिक मंत्री शामिल होंगे।


कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जानकारी लेते मुख्य सचिव व अन्य अधिकारी।

# टोलकर्मियों पर फायर करने वाला गिरफ्तार

सलोन, रायबरेली

- अभियुक्त के पास से तमंचा और कारतूस बरामद
- दो बदमाश अभी पुलिस की पकड़ से दूर

**अमृत विचार।** तीन दिन पूर्व टोल कर्मियों पर अवैध तमंचे से फायर झोंकने वाले एक बदमाश को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के दावे के मुताबिक अभियुक्त के पास से एक देशी तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। जबकि मुख्य आरोपी समेत दो बदमाश अभी भी कानून के लम्बे हाथों की पकड़ से दूर है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत करहिया चौकी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग नुरुद्दीनपुर के निकट बीते सोमवार की रात्रि ग्यारह बजे के प्रतापगढ़ के शातिर बदमाशों ने टोल प्लाजा पर शुल्क से बचने के लिए टोल नंबर तीन का बूम तोड़ दिया था। टोल कर्मियों के आपत्ति जताने पर गाड़ी पर सवार नकाबपोश बदमाश कुलदीप शिवा और एक अन्य आरोपी ने टोल कर्मियों पर अधाधुंध फायर झोंककर दहशत फैलाने की कोशिश की था।

घटना के दौरान चौकी पुलिस करहिया की अनदेखी के चलते टोल कर्मियों की जान पर बन आई थी। वही बदमाशों ने घटना को अंजाम देने के बाद टोल मैनेजर को जान से मारने की धमकी देते हुए प्रतापगढ़ की ओर भाग निकले थे। घटना के एक घंटे तक स्थानीय पुलिस कुंभकर्णी नींद में मस्त थी। उक्त घटना को लेकर सलोन पुलिस की जमकर किरकिरी हुई थी। घटना के 72 घंटे बाद चौकी इंचार्ज राहुल कुमार मिश्रा ने गिरोह के एक बदमाश शिवा सरोज पुत्र लवकुश निवासी अगई जनपद प्रतापगढ़ को महुआ घाट सई नदी पुल के समीप से गिरफ्तार करने का दावा किया है।

कोतवाल श्याम कुमार पाल का कहना है की शिवा सरोज को तमंचा और दो जिंदा कारतूस के साथ पकड़ लिया गया है। अन्य बदमाशों की तलाश में पुलिस टीमें बराबर छापेमारी कर रही है। जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे भेजे जाएंगे।

## गैंगरेप के मुख्य आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल, दरोगा लाइन हाजिर

**लालगंज, रायबरेली।** चर्चित गैंगरेप के मुख्य आरोपी देपारमऊ मजरे भितरी थाना खीरों निवासी श्यामू सिंह पुत्र लाल बहादुर सिंह को पड़कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। वही हल्का दरोगा मिठाई लाल यादव को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है। उल्लेखनीय है कि कोतवाली लालगंज क्षेत्र के चकवापुर मजरे बेहटा कला गांव निवासी एक महिला ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के यहां उसके साथ गैंगरेप करने वालों के खिलाफ शिकायत की थी और शिकायत से संतुष्ट न होने पर महिला ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। वही पुलिस ने तत्परता बरतते हुए मुख्य आरोपी को पकड़कर जेल भी भेज दिया है।

## सार-संक्षेप

### असलहा के साथ युवक गिरफ्तार

**ऊंचाहार।** कस्बे के भीतर गांव मोहल्ला स्थित मस्जिद के पास से पुलिस ने अवैध असलहे के साथ युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, बताया जा रहा है कि पकड़े गए युवक के विरुद्ध पूर्व में भी कई अपराधिक मुकदमे दर्ज है। गुरुवार की रात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सुरसती का पुरवा निवासी जगतपाल यादव को गिरफ्तार कर लिया, तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद की गई, जिसे शुक्रवार को पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर उसे जेल भेजा गया है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि अवैध असलहे के साथ युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, उस पर कई अपराधिक मुकदमे दर्ज है।

### बाग में घुसा अनियंत्रित डंपर



**बछरावां, रायबरेली।** बांदा बहराइच मार्ग पर ठकुराइन खेड़ा के पास गिट्टी से लदा हुआ डंपर चालक को नींद आ जाने के चलते, अनियंत्रित होकर यूकेलिप्टस के पेड़ों की बाग में जा घुसा। गनीमत यह रही कि पेड़ों के सहारे डंपर रुक गया। नहीं तो आगे खाई में पलट जाता। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई सूचना नही है। प्रात: चार बजे बांदा से गिट्टी लादकर डंपर बछरावां की तरफ आ रहा था। सुबह का समय होने के चलते चालक को अचानक नींद की झपकी आ गई। जिसके चलते डंपर ठकुराइन खेड़ा के पास अनियंत्रित हो गया और दाहिनी तरफ एक यूकेलिप्टिस की बाग में घुस गया।

### घायल शिक्षामित्र की उपचार के दौरान मौत

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के इचौली गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में कार्यरत शिक्षामित्र राजेंद्र कुमार की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। छोटकवा खेड़ा निवासी राजेंद्र का बीते 20 दिन पूर्व घर से बछरावां जाते समय नीलगाय से टक्कर से घायल हो गए थे। घायल का उपचार लखनऊ के लिए एक निजी अस्पताल में चल रहा था। जहां गुरुवार को इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। शिक्षामित्र राजेंद्र कुमार अपने पीछे तीन बच्चों व पत्नी जानकी को छोड़ गए। उनके निधन पर शैक्षिक संगठनों के पदाधिकारीगण ने दुख व्यक्त किया है।


मृतक राजेंद्र

### लेखपाल पर गांव की जमीन बेचने का आरोप

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** गांव की सरकारी बंजर जमीन को लेखपाल ने बेच दिया, इस भूमि पर चार लोग अवैध रूप से पक्का निर्माण कर रहे हैं, ग्राम प्रधान लगातार अधिकारियों से सरकारी जमीन बचाने की गुहार लगा रहा है, लेकिन उसकी अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। मामला क्षेत्र के ग्राम पंचायत कल्याणी के गांव नया पुरवा मजरे अड्डा का है। गांव भूमि संख्या 39 और 42 व 43 राजस्व अभिलेखों में ग्राम समाज बंजर दर्ज है। ग्राम प्रधान नागराज का आरोप है कि उनके गांव में तैनात लेखपाल ने इस भूमि को गांव के चार लोगों को बेंच दिया। यही नहीं जब चारों लोगों ने सरकारी भूमि पर निर्माण शुरू किया तो प्रधान को जानकारी हुई। उसने लेखपाल को अवैध निर्माण रोकने को कहा तो लेखपाल ने निर्माण रोकने से इंकार कर दिया। उसके बाद प्रधान लगातार अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है, किंतु अधिकारी भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

### सीसीटीवी तोड़कर इंटर कालेज से हजारों की चोरी

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शंभूनाथ यादव इंटर कालेज चिक मिलिक तीन माह से चोरों के निशाने पर है। चोरों ने तीन माह के अंदर दूसरी बार कॉलेज के कार्यालय को निशाना बनाते हुए हजारों का माल पार कर दिया है। कालेज के प्रधानाचार्य ने मामले की लिखित शिकायत कोतवाली में की है। रायबरेली प्रतापगढ़ जनपद की सीमा पर स्थित शंभू नाथ यादव इंटर कालेज में तीन माह पूर्व चोरों ने कालेज का ताला तोड़कर लाखों रुपए कीमत के कंप्यूटर और अन्य कीमती सामान उठा ले गए थे। मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस की उदासीनता के चलते चोरों के हौंसले बुलंद हो गए और इसका परिणाम यह हुआ कि गुरुवार की रात चोरों ने दूसरी बार कालेज के कार्यालय का ताला तोड़ डाला। कार्यकाय में रखा एक बैटरा, एक एलसीडी, दो डीवीआर, दो पावर सप्लाई उठा ले गए। यही नही चोरों ने कालेज में लगे दो सीसीटीवी कैमरा को भी तोड़ डाला। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा का सामाजिक सम्मेलन सम्पन्न


कार्यक्रम के बाद मौजूद भाजपा नेता। अमृत विचार

**महराजगंज रायबरेली।** आगामी लोकसभा की तैयारियों कों लेकर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा का सामाजिक सम्मेलन संपन्न हुआ। कस्बे के गांधी नगर स्थित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राकेश पटेल, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय मंत्री अभिलाष चंद्र कौशल एवं जिला अध्यक्ष राधेश्याम सोनी का जिला उपाध्यक्ष पवन साहू ने अंग वस्त्र व माला पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजक ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पवन साहू ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कों तीसरी बार पीएम बनाने के लिए पूरे प्रदेश का ओबीसी मतदाता एकजुट हैं। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा, शिवकुमार यादव, विकास लोधी सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।

# लापता बच्ची का बाग में मिला सिर, घर वालों ने की शिनाख्त

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** तकरीबन एक माह से लापता एक बालिका का सिर बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। यह वाक्या शुक्रवार को हरचंदपुर थाना क्षेत्र में हुआ। पुलिस ने सिर बरामदगी के बाद गहराई से पड़ताल शुरू कर दी है। फिलहाल, अभी इस सिलसिले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।

हरचंदपुर थाने के गांव जोहवाशर्की के मजरा पूरेवली निवासी बिन्दा दीन कुशवाहा की पांच साल की बेटी प्रज्ञा करीब एक माह पहले घर से लापता हो गई थी। परिवार वालों की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। इसी बीच, शुक्रवार को सुबह घर के पास ही बाग में बच्ची का सिर देखे जाने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के साथ ही पुलिस और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची।

जांच पड़ताल के दौरान मृत बच्ची के घर वालों ने उसकी शिनाख्त प्रज्ञा के रूप में की। बाद में आसपास के अन्य स्थानों पर हेयर बैंड, बाल, कपड़े व चप्पल भी बरामद हुए। पुलिस ने इन सभी साक्ष्यों को कब्जे में ले लिया है। कोतवाल प्रमोद कुमार सिंह नें बताया कि सिर का पीएम कराया जा रहा है, डीएनए सैम्पल भी लिया गया है। जल्द ही मामले से पर्दा उठेगा।

# ई-रिक्शा पलटा, चालक की मौत

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** लालगंज से चांदाटीकर सवारियां लेकर जा रहा ई रिक्शा ब्रेकर के चलते अनियंत्रित होकर पलट गया। ई रिक्शा चालक समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इलाज के दौरान ई रिक्शा चालक की मौत हो गई। वही चार की हालत गंभीर है।

उन्नाव जनपद के थाना बीघापुर गांव बीजे मऊ निवासी शारदा प्रसाद, विसनमऊ निवासी गुदरी पत्नी रामदास, लालकुआं निवासी सोनम पत्नी अवधेश और पलक पुत्री अवधेश वैवाहिक समारोह में शामिल होने चांदा टीकर गांव जा रही थी। लालगंज तक परिवहन निगम की बस से आई थी। चारों लोग बहाई निवासी मोहम्मद सैफ का ई रिक्शा पर सवार हो गई।

चांदाटीकर के पहले मथना नाला के पास ब्रेकर में उलझ कर ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे रिक्शे में सवार चारों लोग और ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दौरान इलाज ई रिक्शा चालक मोहम्मद सैफ की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। वहीं अन्य लोगों का इलाज चल रहा है।


घायल का उपचार करते चिकित्साकर्मी। अमृत विचार

## पूर्व प्रधान पर हैंडपंप बाउंड्री के अंदर करवाने का लगा आरोप

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के मनोहरगंज ग्राम सभा के पूर्व प्रधान पति पर सरकारी इंडिया मार्का को बाउंड्री के अंदर करवाने का आरोप लगाते हुए युवक ने खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौपते हुए कार्रवाई की मांग की है।

शुक्रवार को पूरे सोनारन मजरे मनोहरगंज के रहने वाले हरिकेश कुमार ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर आरोप लगाया कि मनोहरगंज के पूर्व प्रधान के पति अंबिका चौधरी द्वारा सरकारी हैंडपंप को अपने बाउंड्री के अंदर कर लिया है। बाबत खंड विकास अधिकारी हबीबुल रब से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। मामले की जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

# मतदान के लिए संकल्प लें युवा: एसडीएम

संवाददाता, ऊंचाहार

**अमृत विचार।** डॉ. आंबेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं को वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने तथा वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त कर पुरस्कार प्राप्त किया।

कार्यक्रम में उपजिला अधिकारी सिद्धार्थ चौधरी ने कहा कि आप सबका एक-एक वोट प्रतिशत बढ़ाने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसलिए 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र-छात्रा अपना नाम वोटर लिस्ट में बढ़ाएं तथा अपने गांव घर में लोगों को वोटर लिस्ट में नाम बनवाने के लिए प्रेरित कर मतदान जागरूकता कर वोट प्रतिशत बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि ऊंचाहार वोट प्रतिशत में प्रथम स्थान आने के लिए आप सब की सहयोग की विशेष आवश्यकता है।

तहसीलदार दीपिका सिंह ने भी बच्चों को वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। सीओ अरुण कुमार नौहार ने भी कार्यक्रम को संबोधित कर देश के प्रति लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाने की बात कही, उन्होंने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है, कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवा वोटर लिस्ट मे अपना नाम बढ़ाएं और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील सिंह, कालेज प्राचार्य सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।



स्वीप के कार्यक्रम में मौजूद एसडीएम व अन्य। अमृत विचार

## बहला फुसला कर युवती को ले जाने वाले पर केस दर्ज

**नसीराबाद, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के एक गांव की दलित युवती के गायब होने से परिजनों में हड़कंप मच गया। युवती के पिता ने थाने पहुंच कर ग्राम रूसतमपुर मजरे नसीराबाद देहात निवासी एक युवक व एक महिला पर बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। थाने में दी गयी तहरीर में पिता ने आरोप लगाया है कि पड़ोसी गाव मे रहने वाले सरताज ने एक महिला खुशबू की मदद से 17 फरवरी को उसकी बेटी को बहला फुसलाकर कही भगा ले गया। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर सरताज पुत्र रज्जब अली निवासी ग्राम रूसतमपुर मजरे नसीराबाद देहात व खुशबू पुत्री अज्ञात निवासी रिजवान की बाग नसीराबाद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वही युवती को भी पुलिस नें बरामद कर लिया है।

# नवनियुक्त विधान सभा अध्यक्ष का हुआ स्वागत


साथियों के साथ नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष। अमृत विचार

**महराजगंज रायबरेली।** तहसील परिसर में समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा द्वारा नवनियुक्त किए गए बछरावां विधानसभा अध्यक्ष सौरभ कुमार एडवोकेट का अधिवक्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा सिकंदर यादव एडवोकेट के निर्देशन में समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा सौरभ कुमार को बछरावां विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर नव नियुक्त समाजवादी अधिवक्ता सभा बछरावां विधानसभा अध्यक्ष सौरभ कुमार ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिवक्ता के हित में व उनके सम्मान के लिए हमेशा लड़ाई लड़ेंगे तथा किसी भी अधिवक्ता के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। इस मौके पर अर्जुन सिंह, फिरोज अहमद, विजय कनौजिया, जितेन्द्र गौतम, सर्वेश गौतम, हर्षित चौधरी, राजेंद्र मौर्य, मोहम्मद जावेद, रमेश राजवंशी, बिंदेश राव, कन्धई लाल सहित भारी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# सांसद महिला खेल प्रतियोगिता कल से

**छतोह, रायबरेली।** अमेठी लोकसभा क्षेत्र की सांसद एवं केंद्रीय महिला, बाल विकास एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी की प्रेरणा से सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता-2024 का आयोजन किया जा रहा है। महिलाओं के सुंदर स्वास्थ्य और सर्वांगीण विकास के लिए हर क्षेत्र में अवसर दिलाने के क्रम में ये प्रतियोगितायें आयोजित की जा रही हैं। 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के लिए समूह खेल में रस्सा कसी, एकल में 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद और रस्सी कूद की प्रतियोगिताएं तथा 31 वर्ष से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के लिए समूह खेल में रस्साकसी और एकल में कुर्सी दौड़, मटका फोड़, नींबू दौड़, बैलूनदौड़ और 200 मीटर पैदल चाल की प्रतियोगिताएं शामिल की गई हैं। छतोह ब्लॉक में नसीराबाद न्याय पंचायत की प्रतियोगिताएं राम लीला मैदान नसीराबाद में राजेश मौर्य, न्याय पंचायत परैया नमकसार की एमए जीनियस पब्लिक स्कूल बभनपुर में अगम चंद, छतोह न्याय पंचायत की ब्लॉक मोड़ के मैदान में अंशुमान सिंह और न्याय पंचायत भुवालपुर सिसनी की प्रतियोगिताएं सावित्री समाजवादी बालिका विद्यालय मेंहदी गंज में सुनील कुमार की देखरेख में 25 फरवरी रविवार को संपन्न होगी। इसी प्रकार न्याय पंचायत अशरफ पुर की प्रतियोगिताएं डीपीएस स्कूल पूरे सोमवंशी में बाबा दीन, न्याय पंचायत बनी की प्रतियोगिताएं प्राथमिक विद्यालय कांटा के खेल मैदान में नवनीत पांडेय और न्याय पंचायत बारा की प्रतियोगिताएं निनावां मैदान में हरी शंकर शर्मा की देख रेख में 26 फरवरी सोमवार को संपन्न कराई जाएंगी।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**महराजगंज रायबरेली।** क्षेत्र के गुरुकुल पब्लिक स्कूल पुरासी हलोर में विकासखंड स्तरीय अंतर विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक आर डी. मिश्रा एवं उपाध्यक्ष पूजा मिश्रा ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी वॉलीबॉल, रस्साकशी, आदि खेलो हेतु आठ टीमों का चयन किया गया। जिनमें विजेता चार टीमों के छात्रों को प्रधानाचार्य बेबी सिंह द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। उपाध्यक्ष पूजा मिश्रा ने खेल को जीवन के विकास का अहम पहलू बताया तथा छात्रों, को नियमित योग और खेलों की प्रेक्टिस करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के कार्यकर्ता गौरव पांडे एवं आशीष भी सम्मिलित रहे।

# पर्यावरण और स्वास्थ्य का संरक्षण प्रकृति अनुकूल जीवन शैली में ही निहित है: डॉ. राजीव दीक्षित

लालगंज रायबरेली।

**अमृत विचार।** श्री अथर्व आयुर्वेद रसायनशाला लालगंज की कार्यालय में आयुर्वेद एवं पर्यावरण संतुलन विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें अनेक पर्यावरणविद आयुर्वेदाचार्य शामिल हुए और अपने-अपने विचार रखें।

गोष्ठी में मुख्य अतिथि रहे बैसवारे के मूल निवासी मेरठ में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात विख्यात पर्यावरणविद डा. राजीव दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य की समस्याओं के मूल में उसका विकृत चिंतन है, यदि हम अपने चिंतन को नैतिक और आचरण को संस्कारित कर ले तो पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों का संरक्षण स्वाभाविक रूप से हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषियों ने प्रकृति के अनुकूल जीवन जीने के वैज्ञानिक तरीके विकसित किए। जिस प्रकृति के साथ आदान-प्रदान का संबंध था, आयुर्वेद इसका एक सशक्त उदाहरण है।


कार्यक्रम में अतिथि का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

शुरुआत | सर्राफा कारोबारियों को एक फोन कॉल पर मिलेगी पुलिस सुरक्षा

# कोतवाल की सर्राफा कारोबारियों के लिए नई पहल

डलमऊ रायबरेली

**अमृत विचार।** पुलिस वालों पर ज़िम्मेदारी का दायित्व होता है, इन्हें खुद से ज्यादा दूसरों का ख्याल होता है। जी हां डलमऊ कोतवाल ने बड़े व्यापारियों को सुरक्षा का एहसास करते हुए एक नई पहल की है। दरअसल डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जितने भी सर्राफा व्यवसायी है।

उन्हें डलमऊ कोतवाल पवन कुमार सोनकर ने सहूलियत देने की नीयत से एक नई पहल की है। डलमऊ कोतवाल ने जानकारी देते हुए बताया है कि अगर कोई भी दुकानदार रकम या ज्वैलरी की बिक्री करता है या कही पर उस रकम या सामान को पहुंचाना है तो उस सर्राफा व्यवसायी किसी भी बड़े दुकानदार को घबराने की जरूरत नही पड़ेगी। दुकानदार डलमऊ पुलिस को कॉल करेंगे जिस पर उस दुकान पर एक सिपाही भेजेंगे और वह सिपाही उसकी रकम या उसके सामान को सुरक्षित घर तक पहुंचाएगा।

उनका कहना है कि बेकसूर को परेशान नही किया जाएगा लेकिन कसूरवार बक्से नही जाएंगे। सबसे बड़ा मुद्दा व्यापारियों का होता है। व्यापारियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। वहीं सर्राफा व्यवसाई आशीष सोनी का कहना है कि यह सभी दुकानदार भाइयों के लिए गर्व की बात है की पुलिस उन्हें सुरक्षा दे रही है। व्यापारी हित में यह फैसला सराहनीय है। वही अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य का कहना है कि डलमऊ कोतवाल के इस प्रयोग के तौर पर शुरू की गई नई पहल पर व्यापार मंडल सराहना करता है। व्यापार मंडल के पदाधिकारी ऐसे ही सहयोग की अपेक्षा चाहते हैं।


कोतवाली प्रभारी पवन सोनकर


व्यापार मंडल अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य

# रेलवे क्रासिंग खुलवाएं जाने को लेकर भाजपा नेता को सौंपा ज्ञापन

**जगतपुर, रायबरेली।** विकास क्षेत्र के दोहा में रामविष्णु चौधरी के यहां पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अजय अग्रवाल द्वारा एक चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की जन समस्याओं को सुना और उन्हें निस्तारण का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों नें कई वर्षों से धोबहा के पास बन्द रेलवे क्रॉसिंग को खुलवाये जाने को लेकर ज्ञापन सौपा। शुक्रवार को क्षेत्र के धोबहा ग्राम सभा में राम विष्णु चौधरी के यहां पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अजय अग्रवाल द्वारा एक चौपाल का आयोजन किया गया। वहीं लोगों ने उन्हें बताया कि धोबहा रेलवे क्रॉसिंग कई वर्षों से बंद चल रही है। जिसको लेकर राहगीरों को लगभग 10 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है। ग्रामीण सिद्धनाथ, अरविंद कुमार सिंह, आदर्श सिंह, अजय शंकर त्रिवेदी, सूर्य प्रकाश, शिवप्रसाद मिश्रा, अतुल कुमार, आशीष कुमार, धीरज चौधरी, इंद्र बहादुर, बबलू, महेंद्र सोनकर, राजेश कुमार, उदित सिंह, अजय अवस्थी, हरिश्चंद्र सहित आदि लोगों ने अजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंप कर बंद रेलवे क्रॉसिंग को खुलवाए जाने की मांग की है। जिससे एक गांव से दूसरे गांव जाने के लिए 10 किलोमीटर का चक्कर लगाना ना पड़े वही पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अजय अग्रवाल ने आश्वासन देते हुए लोगों को अशास्त किया है। कि इस मामले को लेकर रेल मंत्री से मुलाकात की जाएगी और शीघ्र ही समस्या का निस्तारण कराया जाएगा और रेलवे क्रॉसिंग खुलवाई जाएगी जिससे क्षेत्रीय जनता को इसका लाभ मिलेगा।

## एक नजर

### महायज्ञ निमंत्रण यात्रा आज

**हरदोई, अमृत विचार।** अहिरोरी ब्लाक के काईमऊ गांव में दो मार्च से होने वाली 108 कुंडीय महायज्ञ कार्यक्रम को लेकर शनिवार से विशाल निमंत्रण यात्रा निकाली जायेगी। इस संबंध में अनमोल गुरुकुलम चैरिटेबल ट्रस्ट मुखिया अनमोल कृष्ण शास्त्री महाराज ने बताया यह निमंत्रण यात्रा में सैकड़ों भक्त अपने संसाधनों सहित शामिल होंगे। घर-घर पीले चावल और अक्षत पुष्प पहुंचाते हुए महायज्ञ को सफल बनाने की अपील की जायेगी, साथ ही लोगों को कथा का निमंत्रण दिया जाएगा।

### दुकान से सामान चोरी

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** बीती रात चोरों ने बेल्डिंग की दुकान पर हजारों रुपये सामान पार कर लिया। थाना पचदेवरा अंतर्गत उदयपुर चौराहे के पास बेल्डिंग की दुकान करने वाले सचिन शर्मा की दुकान के बाहर जनरेटर सहित तमाम लोहे का सामान चुरा लिया। पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी है।

### एसपी ने बैंक की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने बैंक पहुंच कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बैंक में लगे सीसीटीवी, सायरन आदि के संचालन को देखा। पुलिस अधीक्षक अरवल स्थित बैंक आफ इंडिया पहुंचे, जहां उन्होंने बैंक की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे की स्थिति को देखा। सायरन की कार्यप्रणाली देखी। उन्होंने बैंक प्रबंधक से सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त पुलिस अधीक्षक ने वहां मौजूद ग्राहकों से बातचीत की तथा व्यापारियों व आमजनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक ने अरवल थाने का भी निरीक्षण किया। वहां अभिलेखों के रखरखाव इलेक्ट्रानिक डिवाइस आदि के बारे में जानकारी ली।

# वन स्टॉप सेंटर में दुष्कर्म पीड़िता किशोरी का कराया गर्भपात

हरदोई

**जांच-पड़ताल शुरू**

- सेंटर के कर्मचारी और आरोपी की मां के खिलाफ केस दर्ज
- यूरीन प्रेगनेंसी टेस्ट की रिपोर्ट पाजिटिव आने पर हुई सांठ-गांठ

**अमृत विचार।** वन स्टॉप सेंटर में रखी गई दुष्कर्म की शिकार किशोरी के यूरीन प्रेगनेंसी टेस्ट रिपोर्ट पाज़िटिव आने पर आरोपी की मां ने वहां के कर्मचारी से सांठ-गांठ कर दवाई खिला कर जबरन गर्भपात करा दिया। पुलिस ने आरोपी की मां और वन स्टॉप सेंटर के एक कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी जांच शुरू कर दी है।

मझिला थाना क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित ने कोर्ट में दायर की अर्ज़ी में कहा है कि 7 अक्टूबर 2023 को बाल कल्याण समिति ने उसकी पुत्री को राजकीय बाल गृह सिंधी खेड़ा पारा लखनऊ में रोका था। उस बीच जांच समिति के सामने गर्भावस्था के बारे में उसकी जांच लंबित थी। उसके बाद उसे फिर बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया गया। जिस पर समिति ने उसकी पुत्री के मेडिकल चेकअप के लिए पास के अस्पताल में यूरीन प्रेगनेंसी टेस्ट ज़रूरी बताया, लेकिन फिर भी जांच अधिकारी ने पीड़िता को तय तारीख पर बिना जांच रिपोर्ट के साथ समिति के सामने पेश किया। जिस पर समिति ने आपत्ति ज़ाहिर करने पर पीड़िता की जांच कर रिपोर्ट पेश की गई। जिसमें पीड़िता गर्भवती पाई गई। इसी मामले में 14 फरवरी 2024 को न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट न्यायालय ने पीड़िता को मेडिकल प्रोटेक्शन के लिए उसे वन स्टाफ सेंटर भेजा गया और आगे की कार्रवाई के लिए 27 सितंबर 2023 की तारीख तय की गई। उसके बाद कई अलग-अलग तारीखें तय की गई, लेकिन आईओ ने पीड़िता को तय तारीख पर हाज़िर नहीं कराया। इस बारे में पीड़िता की तरफ से दाखिल की गई अर्ज़ी पर कोर्ट ने वन स्टाफ सेंटर हरदोई के कर्मचारी व टड़ियावां थाना के कस्बा गोपामऊ के मोहल्ला टिकरी की सुशीला पत्नी रामकुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए आदेश दिया। कोर्ट ने जारी किए गए आदेश में कहा कि पीड़िता का गर्भपात करने में वन स्टाफ के कर्मचारी व आरोपित की मां सुशीला का हाथ है और उन्हीं ने साजिश के तहत पीड़िता का गर्भपात कराया। इस बारे में एसएचओ कोतवाली शहर संजय पाण्डेय ने बताया की कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज जांच की जा रही है।

### सीता खोज, संपाती मिलन का किया गया मंचन

**हरदोई, अमृत विचार।** नुमाइश मैदान में चल रही रामलीला में शुक्रवार को सीता खोज व संपाती मिलन का कलाकारों ने प्रस्तुतीकरण किया। लीला के अनुसार राम ने समस्त ऋतुओं का वर्णन किया। सुग्रीव अपने परिवार में राम के कार्य सीता सुध को भूल गए। राम को क्रोध आया और लक्ष्मण को भेजा। लक्ष्मण हाथों में धनुष बाण लेकर आए। हनुमान जी को ज्ञात हुआ तो तारा और अंगद को लेकर आये। उन्होंने दोनों को लक्ष्मण के चरणों में डाल दिया। लक्ष्मण को दया आ गई और सभी को लेकर राम के शरण में गए।

# बेकाबू होकर पलटी निजी बस, बच्चे की मौत व 14 सवारियां घायल

## बाइक सवार को बचाने के प्रयास में टिलिया घटवासा के पास हुई दुर्घटना

हरपालपुर, हरदोई



सड़क पर पलटी पड़ी बस व हादसे में मारे गए बच्चे दिव्यांशु की फोटो। (इनसेट में)

**अमृत विचार।** चौसार से सवारियां लेकर जा रही निजी बस रास्ते में टिलिया घटवासा के पास एक बाइक सवार को बचाने में सड़क पर पलट गई। हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई और करीब 14 सवारियां ज़ख्मी हो गई, जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

बताया गया है कि शुक्रवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे एक निजी बस चौसार से सवारियां लेकर हरदोई आ रही थी। उसी बीच रास्ते में अरवल थाने के टिकिया घटवासा गांव के पास अचानक एक बाइक सवार सामने आ गया, जिसे बचाने में बेकाबू हुई बस सड़क पर पलट गई। बस में करीब 30 सवारियां बैठीं हुई थी। जिसमें हादसे की चपेट में आए अरवल थाने के बेहथर गांव निवासी अंकित के तीन वर्षीय पुत्र दिव्यांशु की मौत हो गई, जबकि 14 सवारियां ज़ख्मी हो गईं। उन सभी को इलाज के लिए हरपालपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। तीन घायलों को सीएचसी से मेडिकल कालेज भेजा गया है। जिन्हें वहां भर्ती कराया गया है।

### बेटे दिव्यांशु को लेकर मायके जा रही थी लक्ष्मी

बस दुर्घटना में मृत डेढ़ वर्ष के दिव्यांशु उर्फ गोलू की मां लक्ष्मी का रो रोकर बुरा हाल था। लक्ष्मी अपने बच्चे को लेकर सांड़ी थाना क्षेत्र के नकवापुर गांव में अपने भाई के पुत्र के मुंडन संस्कार में शामिल होने के लिए बस से जा रही थी। लक्ष्मी रो-रो कर चिल्ला रही थी कि उसे क्या पता था कि आज उसके पुत्र के लिए मौत काल बनकर आ रही है। अन्यथा वह नहीं जाती।

### बस पलटने से घायल हुईं सवारियां अस्पताल में भर्ती

बस पलटने से घायलों में लक्ष्मी, सुबोध यादव निवासी मेरापुर फर्रुखाबाद, धीरज निवासी कुंदरौली सांडी, बेहटा मुड़िया गांव निवासी विकास, अनुज, जयपाल, शिवम, जगरानी पत्नी जगपाल, बानामऊ गांव निवासी संतोष, रंगोली पुत्री तिलक सिंह, साधना पाल पत्नी सुभाष पाल, टिलियापुर गांव निवासी वंदना पत्नी पप्पू, पप्पू शामिल हैं। सभी घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा घायलों के समुचित इलाज का प्रबंध किया गया है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से वैन के परखच्चे उड़े, ड्राइवर की मौत

**हरियावां, हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी रोड हरियावां शुगर मिल से वापस लौट रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मारुति वैन में ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके परखच्चे उड़ गए। गुरुवार की रात हुए इस हादसे में वैन ड्राइवर बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया जा रहा था, उसी बीच उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। ट्रैक्टर ड्राइवर वहां से भाग निकला। ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस ने अपने कब्ज़े में लेते हुए हादसे की जांच शुरु कर दी है। हरियावां थाने के कोरीगवां मजरा मदरावां निवासी 30 वर्षीय धर्मपाल गांव में परचून की दुकान करता था, साथ ही वहां आसपास के गांवों में ब्रेड सप्लाई भी किया करता था। गुरुवार की रात वह अपनी मारुति वैन ब्रेड व परचून का सामान लेकर वापस घर जा रहा था। उसी बीच हरियावां थाने की जतुली पुलिया के पास हरियावां शुगर मिल से वापस लौट रही ट्रैक्टर-ट्रॉली की सामने टक्कर से मारुति वैन के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में वैन चला रहा धर्मपाल की वहीं पर ही दर्दनाक मौत हो गई, साथ ही उस पर सवार एक दूसरा युवक ज़ख्मी हो गया। धर्मपाल की शादी करीब छह साल पहले हुई थी। परिवार में उसकी पत्नी लक्ष्मी व दो बेटे दो वर्षीय प्रिंस व एक वर्षीय आर्यन है। सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। एसएचओ हरियावां भावना भारद्वाज का कहना है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्ज़े में लेते हुए उसके ड्राइवर की तलाश की जा रही है। तहरीर आते ही आगे की कार्यवाई की जाएगी।



क्षतिग्रस्त वैन और मृतक धर्मपाल की फोटो।

### सड़क हादसे में युवती की मौत, दो लोग घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** शाहाबाद कोतवाली के ग्राम पंचायत एगवां के मजरा नौगवां निवासी शिल्पी (18) पुत्री मदनपाल अपने मामा रवि (20) निवासी भगौनापुर थाना मझिला के साथ बाइक से ननिहाल भगौनापुर जा रही थी। रवि के साथ उसका रिश्तेदार आदित्य (10) भी बाइक पर बैठा था। नगला कल्लू गांव के ठीक सामने लोनी चीनी मिल से मैली लादकर आ रही ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली ने रवि की बाइक में टक्कर मार दी जिससे शिल्पी की मौत हो गई। जबकि रवि और आदित्य घायल हो गए।

# टीम आजम जीती, अनुकल्प मैन ऑफ द मैच

हरदोई



पुरस्कारों के साथ विजेता टीम के उत्साहित खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कछौना नगर स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सन साइन कॉन्वेंट स्कूल व सन साइन जूनियर हाईस्कूल के तत्वावधान में नगर के सेठ आदर्श भूरामल इंटर कॉलेज के मैदान में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट का आदर्श इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक महेंद्र पाल सिंह व योगेश कुमार सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। द्वितीय दिवस शुक्रवार को क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम के कप्तान मोहम्मद आजम को मुख्य अतिथियों द्वारा ट्राफी व मेडल प्रदान किया गया। टूर्नामेंट के मैन ऑफ द मैच/सीरीज रहे अनुकल्प को स्कूल प्रबंधन ने बैट देकर पुरस्कृत किया।

सन साइन स्कूल प्रबंधन के द्वारा इस क्रिकेट टूर्नामेंट में कक्षा-3 से लेकर कक्षा-8 तक की टीमों ने भाग लिया। शुक्रवार को हुए फाइनल मुकाबले में कक्षा-7 की टीम अपने कप्तान अरिजीत सिंह व कक्षा-5 की टीम अपने कप्तान मोहम्मद आजम के सुपरविजन में मैदान पर उतरीं। कक्षा-7 की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग की जबकि कक्षा-5 की टीम ने बैटिंग करते हुए 89 रन बनाए। दूसरी पारी में कक्षा-7 की टीम ने भी 89 रन बनाकर मैच टाई कर दिया। सुपर ओवर में कक्षा-7 की टीम ने 12 रन बनाए वहीं दूसरी ओर कक्षा-5 की टीम ने 13 रन बनाकर मैच जीत लिया। विजेता टीम के कप्तान मोहम्मद आजम को मुख्य अतिथियों मनोज तिवारी, क्रांतिवीर सिंह, जय बहादुर सिंह, दीपक श्रीवास्तव ने ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित किया। वहीं इस क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल के मैन-ऑफ-द-मैच व टूर्नामेंट के मैन-ऑफ-द-सीरीज रहे कक्षा-7 के छात्र अनुकल्प को सन साइन स्कूल प्रबंधन ने बैट देकर उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट में अनुज व अतुल ने अंपायर तथा कॉमेंट्री का दायित्व विजय ने निभाया। स्कूल प्रबंधक सुनील सोनी व प्रधानाध्यापक मोहम्मद शोएब ने सभी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सचिन, सागर, प्रियांशु, देवेन्द्र, पुष्पेन्द्र, सक्षम व विकास सहित नगर के अतिथियों में सत्यम गुप्ता, आयुष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### मरीजों के इलाज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ शरद वैश्य ने शुक्रवार को मल्लावां सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निश्चय पोर्टल पर टीबी मरीजों का डेटा शतप्रतिशत फीड करने के निर्देश दिए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ शरद वैश्य ने मल्लावां टीबी यूनिट में जाकर कार्यक्रम से संबंधित जानकारी हासिल की। फील्ड में विजिट कर टीम के एसटीएस का कार्य देखा। इसके बाद सीएचसी पर अभिलेखों की पड़ताल भी की। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ शरद वैश्य ने बताया मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार के निर्देशन में क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का पूरा प्रयास है कि वर्ष 2025 तक जनपद को टीबी मुक्त बनाया जाए।

### ग्रामीणों ने विधायक से की बारातघर बनवाने की मांग

**हरदोई, अमृत विचार।** ग्रामीणों ने मांगलिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बारातघर बनवाने की मांग क्षेत्रीय विधायक से की है। कछौना ब्लाक में वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्र में सांस्कृतिक केंद्र व बरात घर व सामुदायिक केंद्र की निशांत आवश्यकता है। क्योंकि विद्यालयों व ग्राम सचिवालय में वैवाहिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर प्रतिबंध है। वैवाहिक कार्यक्रम के कारण विद्यालयों व ग्राम सचिवालय का प्रांगण प्रभावित होता था। विद्यालयों के भवनों की दशा खराब हो जाती थी। वैवाहिक कार्यक्रम होने के कारण नौनिहालों का शिक्षण कार्य प्रभावित होता था। ग्रामीण क्षेत्र में बरात घर न होने के कारण आम जनमानस के सामने संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों के सामने समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों की मांग पर विकासखंड कछौना की ग्राम सभा पुरवा के ग्राम प्रधान छविनाथ मौर्य ने क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा से ग्राम सभा में बारात घर बनवाने की मांग की। विधायक ने कहा कि आश्वासन दिया कि सरकार से विशेष बजट धनराशि स्वीकृत करके ग्राम सभा में सामुदायिक केंद्र/बरात घर बनवाने का प्रयास किया जाएगा।

### बुजुर्ग की मददगार बनी पुलिस व डॉक्टर

**हरदोई, अमृत विचार।** जर्जर हो चुका कांपता हुआ शरीर, चेहरे पर बढ़ी हुई दाढ़ी, पूरी तरह से पके बाल और खामोश होंठ। कुछ इसी हालत में 100 बेड हास्पिटल के इमरजेंसी वार्ड में पड़े बुज़ुर्ग के मुंह से आवाज तो नहीं निकल पा रही है लेकिन उसकी आंखे की बेबसी उसके दिल का पूरा हाल बयां कर रही हैं। बुज़ुर्ग की उम्र करीब 75 साल के आसपास होगी। ज़िंदगी ने उसे ऐसे मोड़ पर लाकर छोड़ दिया, जहां उसके बस में बेबसी के सिवा और कुछ भी नहीं रहा। मंगलवार को पिहानी कोतवाली में तैनात चौकीदार अपने साथ एक बुज़ुर्ग को लेकर 100 बेड हास्पिटल पहुंचा। वहां ड्यूटी कर रहे डा. सुजीत कुमार को इशारा करते हुए बताया कि बुज़ुर्ग को भर्ती कराने के लिए उसे दीवान ने भेजा है। बताया कि पिहानी सीएचसी में इलाज चल रहा था, लेकिन वहां कोई फायदा नहीं दिखाई दिया। डा. कुमार ने जब उस बुज़ुर्ग से हालचाल पूछा तो उसके मुंह से कुछ नहीं निकला। उसके बाद उसका इलाज शुरु हो गया। दो रातें और तीन दिन बीत जाने के बाद भी उस बुज़ुर्ग के मुंह से एक बोल भी नहीं निकला। उसके परिजनों के बारे में कोई जानकारी नहीं लग पा रही है। डा. सुजीत कुमार का कहना है कि उनकी और उनके स्टाफ की देखरेख में बुज़ुर्ग की देखभाल हो रही है।



### आग लगने से लाखों का नुकसान

**साण्डी, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में अज्ञात कारण के चलते झोपड़ी में आग लग गई। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। जब तक घर की गृहस्थी, जेवर व नगदी जलकर राख हो गई। सांडी थाना क्षेत्र के भौराजपुर गांव निवासी फूलचंद राजपूत की झोपड़ी में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने आनन-फानन आग को बुझाने का प्रयास किया। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जब तक गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। काश्तकार फूलचंद ने बताया है कि वह अपने खेत पर गए हुए थे और झोपड़ी पर लड़कियां मौजूद थी। जिसमें उनकी दो बेटियां भी झुलस गई हैं जिन्हें एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है। पीड़ित के अनुसार लगभग पांच से छह लाख रुपये का नुकसान का अनुमान है। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है।

**तैयारी** अगले माह सीएम डैशबोर्ड से और जुड़ेंगी नौ विभागों की योजनाएं व कार्य

# फसल बीमा व हाजिरी में नहीं चलेगा खेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** अब फसल बीमा, सम्मान निधि, मनरेगा के मानव दिवस या फिर बेसिक विभाग के शिक्षकों की हाजिरी आदि में विभाग खेल नहीं कर पाएंगे। मार्च में नौ विभागों के करीब 22 कार्य व योजनाएं सीएम डैशबोर्ड से लिंक की जाएंगी। इससे प्रगति में अंतर नहीं होगा और फर्जी आंकड़े विभाग वाहवाही के लिए ऊपर नहीं दर्शा पाएंगे।

जो विभाग की वास्तविक प्रगति होगी उनकी वेबसाइट से सीएम डैशबार्ड पर दिखेगी और मॉनीटरिंग की जाएगी। वैसे यह वह योजनाएं व कार्य हैं जिसमें अक्सर हेरफेर रहता है। इसके अलावा राजस्व विभाग से ऑनलाइन खसरा फीडिंग, खतौनी आधार सीडिंग को भी लिंक किया जाएगा। इसी तरह कृषि विभाग की पीएम कुसुम, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के सैंपल, समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण की पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप व उद्यान विभाग के पर ड्राप मोर क्राप, माइक्रो इरिगेशन (वित्तीय), एकीकृत बागवानी मिशन भी सीएम डैश बोर्ड से जुड़ेगा।

### गृह विभाग और चिकित्सा व स्वास्थ्य

गृह विभाग में गंभीर अपराधों के विवरण के अलावा 69 चिन्हित माफिया, महिलाओं के खिलाफ गंभीर अपराधों व आरोपियों को देय सम्मन/वारंट का मासिक विवरण भी शामिल है। वहीं चिकित्सा व स्वास्थ्य में स्वास्थ्य एवं वेलनेस सेंटर, पीएमजेवाई के तहत संबंधित संस्थानों द्वारा धन आहरण, कुल पंजीकृत लोगों को देय गोल्डन कार्ड व व्यक्तियों द्वारा पेमेंट को किए क्लेम का विवरण है।

### सीएम डैशबोर्ड से खुलने लगी विभागों की पोल

मार्च के बाद सीएम डैशबोर्ड में और 11 विभाग की योजनाओं को जोड़ा जाएगा। इसमें कृषि, पशुपालन, गन्ना, दुग्ध विकास, उर्जा, वित्त, मत्स्य, उद्यान एवं खाद्य प्रसस्करण, श्रम, नगर विकास, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास को सम्मलित किया जाएगा। दरअसल सीएम डैशबोर्ड पर विभागों की प्रगति दिखती है। इसमें टॉप व बाटम पांच-पांच जिलों को रखकर मूल्यांकन कर सुधार किया जाता है। इस व्यवस्था से विभागों की पोल खुलने लगी है और पारदर्शिता आने लगी है।

### लखनऊ के 16 विभागों की प्रगति खराब

सीएम डैशबोर्ड में लखनऊ के 16 विभागों की प्रगति खराब मिली है। इसमें पीडब्ल्यूडी, जल निगम ग्रामीण, उद्योग, समाज कल्याण, पशु पालन, राष्ट्रीय आजीविका ग्रामीण मिशन, श्रम, पंचायती राज, मत्स्य, डेयरी, बेशिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, कौशल विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, पर्यटन, सहकारिता शामिल है। इनके अधिकारियों को गुरुवार को सीडीओ ने बैठक कर सुधार के निर्देश दिए हैं।




उत्तर प्रदेश सरकार

करम बंधन में बन्ध रहियो, फल की ना तज्जियो आस।
कर्म मानुष का धर्म है, सत् भाखै रविदास।।
- संत रविदास

सामाजिक एकता और समरसता के प्रतीक
प्रख्यात समाज सुधारक, दार्शनिक एवं महाकवि

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी
की
647 वीं जयंती
(24 फरवरी, 2024)
के अवसर पर
कोटि-कोटि नमन

- योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

## एक नजर

### नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ का आरोप, मुकदमा दर्ज

**बेनीगंज, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने रिश्तेदार पर नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने कोतवाली बेनीगंज में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया उनका रिश्तेदार मोनू तिवारी नाबालिग पुत्री छह वर्षीय को अपने पुराने मकान के शटर में ले जाकर अश्लील हरकतें करने लगा, आवाज होने पर देवर ने देखा तो मोनू मौके से भाग गया। कोतवाल उमाकांत दीपक ने बताया मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

### कृषि मेले का आयोजन आज

**हरदोई।** जूनियर हाईस्कूल मैदान मल्लावां में एक दिवसीय विशाल कृषि मेले का आयोजन शनिवार को किया जायेगा। मेले में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य के सापेक्ष अत्याधुनिक खेती, बागवानी, सब्जी, पशुपालन, मत्स्य पालन, गन्ना आदि खेती के सम्बन्ध में कृषि विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जायेगी।

### चोरों ने सब्जी मंडी से बाइक पर हाथ साफ किया

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला उधरनपुर साप्ताहिक बाजार में सब्जी लेने गए एक व्यक्ति की बाइक पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने लिखित सूचना पुलिस को दी है। कोतवाली के मोहल्ला उधरनपुर में शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार लगती हैं। जनपद शाहजहांपुर के थाना सेहरामऊ दक्षिणी के अंतर्गत ग्राम चंदगोई निवासी राम विनोद ने बताया वह सब्जी लेने बाजार आया था। उसने अपनी बाइक बाजार में ही लाक लगाकर खड़ी कर दी, और सब्जी लेने चला गया। लौटकर आया तो बाइक कोई उठा ले गया। पुलिस ने बताया प्रार्थना पत्र दिया गया है पुलिस ने बाइक की तलाश शुरू कर दी है। एक पखवारा पूर्व शहर के एक मैरिज हॉल में बैठे डाक्टर से दवा लेने आए मरीज की गायब मोटरसाइकिल कोतवाली पुलिस अभी तक बरामद नहीं कर पाई है। इस कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं।

# अटल बिहारी वाजपेई व शहीद मेजर की लगेंगी मूर्तियां

## नगर पालिका बोर्ड की साधारण बैठक में लिया गया निर्णय, 198 लाख से स्थापित होंगे मिनी नलकूप

हरदोई

**अमृत विचार।** नगर पालिका क्षेत्र हरदोई में अटल बिहारी वाजपेई तथा अमर शहीद मेजर पंकज पाण्डेय की मूर्ति स्थापित कराई जाएगी, जिसकी स्वीकृति शुक्रवार को पालिका की बैठक में सर्वसम्मति से प्रदान की गई। पालिका ने आगामी वर्ष का आय व्यय अनुमोदित किया।

शुक्रवार को हुई नगर पालिका कार्यालय में बोर्ड की साधारण बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी ने शासन से प्राप्त पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया। जिसका सर्वसम्मति से पारित कर अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर एवं अधिशासी अधिकारी श्री सोलंकी को अधिकृत किया। नितिन अग्रवाल आबकारी एवं मद्य निषेध राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के प्रयासों से शासन से स्वीकृत कार्य योजना बावत पेयजल व्यवस्था के तहत 198 लाख की लागत से 21 स्थानों पर मिनी नलकूप की स्थापना कराये जाने की स्वीकृति दी गई। नगर पालिका परिषद के आय व्यय माह अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 के आय व्यय का अनुमोदन दिया गया। नगर पालिका परिषद की दुकानों का किराया बढ़ाये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान कर अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया। मार्ग प्रकाश व्यवस्था के अन्तर्गत एलईडी लाइटें, नाले तथा रोड डिवाइडर बनवाए जाएंगे। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यगण का आभार व्यक्त किया। बैठक में पालिका के बालेश्वर मिश्रा, लेखाकार, चंद्रकांत कनिष्ठ अभियंता (जल), आदित्य श्रीवास्तव, कमल किशोर मिश्रा, अनिल यादव, विद्याभूषण सिंह, मोहित सिंह संतोष यादव, विमलेश यादव मौजूद रहे।



बोर्ड बैठक को संबोधित करते नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र व मौजूद सभासद। अमृत विचार

### ईओ ने पेश किया बजट

अधिशासी अधिकारी ने वर्ष 2024-25 के लिये बजट प्रस्तुत किया गया। बजट की बैठक में वर्ष 2024-25 की अनुमानित आय 53 .19,40,000 तथा 31 मार्च अनुमानित बैलेस 4,50,50,000-00 कुल 57,69,90,000-00 की आय तथा 55 .19,75,750-00 का व्यय दर्शाया गया। वर्ष के अन्त में 2,50,14,250-00 का अवशेष रहेगा जो लाभ की स्थिति में होगा। इस बजट में प्रत्येक वार्ड में सड़कों का निर्माण, चौराहों का विकास कार्य तथा पार्कों का विकास कराया जायेगा। नवीन आय के स्रोतों को बढ़ाया जाएगा। नगर पालिका के कर्मचारियों को उनके वेतन भत्ते, पेंशन का समय से भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।

## राज्य स्तरीय स्काउट गाइड कार्यशाला आज

**हरदोई, अमृत विचार।** शैक्षिक नवाचार एशोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्त्ववधान में आयोजित बेसिक शिक्षकों की राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जनपद बदायूं में शनिवार को किया जाएगा। इसमें प्रदेश के प्रत्येक जनपद से बेसिक शिक्षा में पठन पाठन के साथ स्काउट गाइड संबंधी गतिविधियों द्वारा बच्चों में संस्कार व चरित्र निर्माण का कार्य करते हुए समाज सेवा के बीज रोपित करने का प्रयास करने वाले शिक्षकों को प्रदेश स्तरीय अधिकारियों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थित मे सम्मानित भी किया जायेगा। स्काउट गाइड विषय की कार्यशाला मे जनपद के प्राथमिक विद्यालय मुरलीगंज के शिक्षक विपिन त्रिपाठी का चयन किया गया है। शनिवार को उनका इस कार्यशाला मे प्रस्तुतीकरण होना है।

# 14 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण

हरदोई

**अमृत विचार।** एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने लोकसभा चुनाव में ला एंड आर्डर का कीला कांटा दुरुस्त करने की तैयारियां और तेज़ कर दी है। उसी के तहत उन्होंने तीन इंस्पेक्टर और पुलिस लाइन में तैनात 11 सब इंस्पेक्टरों को नई तैनाती सौंपी है।

एसपी ने अपराध शाखा के प्रभारी इंस्पेक्टर रमेश चन्द्र पाण्डेय को पचदेवरा थाने का ज़िम्मा सौंपा है, जबकि वहां तैनात इंस्पेक्टर बाल कृष्ण मिश्रा को अपराध शाखा में तैनात किया है। वहीं अपराध शाखा विवेचना में तैनात इंस्पेक्टर संजय त्यागी को अपराध शाखा का प्रभारी बनाया है। इसी तरह पुलिस लाइन में तैनात सब इंस्पेक्टर अवधेश सिंह को एसएसआई माधौगंज, गोपाल मणि मिश्रा को एसएसआई बिलग्राम, अखिलेश कुमार को कोतवाली शहर, नंद कुमार तिवारी को टड़ियावां, सुनील कुमार को एसएसआई सण्डीला, कुलदीप सिंह को एसएसआई कासिमपुर, नवीन कुमार को एसएसआई मल्लावां, अनिल कुमार सिंह को शाहाबाद कोतवाली, वीर बहादुर सिंह को पाली थाना, धरमन चौधरी को बेनीगंज कोतवाली और पुलिस लाइन में तैनात सब इंस्पेक्टर दृगपाल सिंह गौर को एसएसआई बना कर पिहानी कोतवाली में तैनात किया है।



### तबादले में फर्जीवाड़े की जांच एएसपी को सौंपी गई

**हरदोई, अमृत विचार।** तबादला आदेश में एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया के फर्ज़ी दस्तखत के मामले में एडीजी ऑफिस में तैनात लिपिक को निलबिंत कर केस दर्ज किया गया था। उसी फर्ज़ीवाड़े की शुरुआती जांच एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार को सौंपते हुए एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट मांगी गई है। बताते हैं कि एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया के फर्ज़ी दस्तखत से सिपाहियों का तबादला आदेश जारी किया गया था। इसका खुलासा होने पर पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। आनन-फानन एडीजी जोन के ऑफिस में तैनात लिपिक को निलंबित करते हुए केस दर्ज करा दिया गया। अब उसी मामले की शुरुआती जांच एएसपी पूर्वी को सौंपतें हुए उनसे एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट देने को कहा गया है। जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने वाले के खिलाफ आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## 72 घंटे बाद हुई शव की शिनाख्त

**हरदोई, अमृत विचार।** ट्रेन की चपेट में आने से जिस युवक की मौत हुई थी, 72 घंटे बाद पुलिस उसके शव का पोस्टमार्टम कराने की तैयारी में थी, उसी बीच वहां पहुंचें कुछ लोगों ने उसकी शिनाख्त कर ली। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव उसके घर वालों को सौंप दिया। मंगलवार को जीआरपी टीम ने सीतापुर रोड पर ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आए युवक का शव बरामद किया था। शव को लावारिस हालत में 72 घंटे के लिए मर्चरी में रखवा दिया गया। समय बीतने पर शुक्रवार को पोस्टमार्टम की तैयारी हो रही थी, उसी बीच टड़ियावां थाने के जंसरी गांव के लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव की शिनाख्त गांव के साबू उर्फ छोटेलाल पुत्र प्रहलाद के रूप में की।




जीजीआईसी परीक्षा केंद्र परीक्षा देकर बाहर निकलती छात्राएं।

### दूसरे दिन भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई बोर्ड परीक्षा

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले में शुक्रवार को 116 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा की प्रथम पाली में 233 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बोर्ड परीक्षा द्वितीय दिन की परीक्षा में इंटरमीडिएट नागरिक शास्त्र परीक्षा का आयोजन प्रथम पाली में किया गया। जिसमें 2870 परीक्षार्थियों को परीक्षा देने थी। जिसमें 233 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली इंटर के एग्रोनामी में 635 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी, जिसमें 510 ही परीक्षा में बैठे। परीक्षा के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सचल दलों ने आरएन इंटर कालेज मढ़िया जफरपुर, रामदेवी इंटर कालेज जरेरा बावटमऊ, देव दरबार आश्रम इंटर कालेज सांडी सहित आधा दर्जन से अधिक परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

# संत रविदास द्वार का किया गया लोकार्पण

हरदोई

**अमृत विचार।** लखनऊ रोड पर केशव नगर स्थित संत रविदास द्वार का लोकार्पण एवं गुरु गोविन्द सिंह मार्ग व केशवनगर का नामकरण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक श्री कौशल किशोर ने शुक्रवार को किया।

लोकार्पण कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि प्रान्त प्रचारक कौशल किशोर ने कहा कि आज़ादी का अमृत महोत्सव हमारे महापुरुषों को समर्पित है। उन्होंने याद दिलाया कि विश्व की बहुत सी महान सभ्यताएं इसीलिए काल कलवित हो गई, क्योंकि उन्होंने अपनी संस्कृति, अपने महापुरुषों, उनको शिक्षाओं को भुला दिया। हमें चाहिए कि अपने सार्वजानिक स्थलों, निर्माणों मार्गों आदि के नाम अपने महापुरुषों के नाम पर रखने चाहिए। यही नहीं उनके जयंती व पुण्य तिथि पर कार्यक्रम करें, ताकि समाज और विशेषकर युवा पीढ़ी उनके जीवन से प्रेरणा प्राप्त करें। सांसद जयप्रकाश ने कहा कि गुरु गोविन्द सिंह से जो त्याग किया वह अतुलनीय था। उन्होंने अपने चार बेटों का बलिदान कर दिया, लेकिन अपने कर्तव्य से समझौता नहीं किया। आज हम सभी को उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह से कहा कि हम सभी को संत रविदास जी से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने ऊंच नीच की भावना और ईश्वर भक्ति के नाम पर किये जाने वाले विवाद को सारहीन तथा निरर्थक बताया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र ने सांसद जयप्रकाश को मार्ग के निर्माण अपनी सांसद निधि से और विधान परिषद् सदस्य अवनीश सिंह को द्वार का निर्माण अपनी विधायक निधि से कराने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। इस मौके पर विभाग संघचालक शिव स्वरूप, जिला संघचालक राकेश शर्मा, जिला कार्यवाह संजीव खरे, जिला प्रचारक रवि विधायक मानवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा, ब्लाक प्रमुख पन्ने सिंह, डॉ सीपी कटियार , पारुल दीक्षित , अजय अवस्थी, अमित आर्य सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



द्वार का लोकार्पण करते अतिथि। अमृत विचार

## डाल काट रहे मजदूर की पेड़ से नीचे गिरकर मौत

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** प्रधान की दुकानों में सबमर्सिबल की बोरिंग करने पहुंचा मज़दूर प्रधान पति के कहने पर आड़े आ रहे पेड़ पर चढ़ कर उसकी डाली काट रहा था, उसी बीच वह नीचे गिर कर ज़ख्मी हो गया, उसे सीएचसी शाहाबाद पहुंचाया गया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

बताया गया है कि पाली थाने के ठेहापुर निवासी 35 वर्षीय रजनीश पुत्र रामप्रकाश गांव के ही मुकन्ने तिवारी के साथ बोरिंग का काम करता था। शुक्रवार को पाली थाने के गोपालपुर में प्रधान पति जयप्रकाश की दुकानों में सबमर्सिबल की बोरिंग करने गया हुआ था। बताते है कि बोरिंग के दौरान पेड़ की डाल आड़े आ रही थी। जिस पर प्रधान पति जयप्रकाश ने उससे डाली काटने के लिए कहा, जिस पर रजनीश पेड़ पर चढ़कर उसी डाली को काट रहा था, तभी अचानक वह नीचे नींव पर गिर कर ज़ख्मी हो गया। आनन-फानन में उसे शाहाबाद सीएचसी पहुंचाया जा रहा था, उसी बीच उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। इसका पता होते ही रजनीश के घर वालों मेंकोहराम मच गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है। रजनीश के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटी और एक बेटा है।

## सार-संक्षेप

### बच्चा छत से सड़क पर गिरा, लखनऊ रेफर

**हरदोई।** मकान की छत से पतंग उड़ा रहा एक बच्चा अचानक नीचे सड़क पर गिर कर बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल कालेज भेजा गया। वहां के डाक्टरों ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत काफी नाज़ुक बनी हुई है। शुक्रवार की शाम को बिलग्राम कोतवाली के रावणपुरवा निवासी राम औतार का 8 वर्षीय पुत्र जीतू अपने मकान की छत से पतंग उड़ा रहा थाएउसी बीच वह अचानक लड़खड़ाया और नीचे सड़क पर गिर पड़ा। जिससे उसके सिर में काफी गहरी चोंट पहुंची। इस तरह का हादसा होने से वहां हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उसे सीएचसी ले जाया गयाएजहां से उसे मेडिकल कालेज भेज दिया गया। वहां के डाक्टरों ने जीतू के ज़बरदस्त हेड इंजरी से उसकी क्रिटिकल हालत देख कर उसे तुरंत लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

### घर से बुलाकर ले जाए गए युवक का शव मिला

**हरदोई, अमृत विचार।** घर से बुला कर ले जाए गए युवक का शव आम के बाग़ में फांसी पर लटका हुआ देखा गया। युवक के घर वाले शराब के नशे में हुई मारपीट के चलते हत्या करने का आरोप लगा रहें हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है। कोतवाली शहर के अस्यौली गांव निवासी 25 वर्षीय जमुना पुत्र बिजेंद्र मेहनत-मज़दूरी करता था। शुक्रवार की सुबह उसका शव शिवराम सिंह के आम के बाग़ में फांसी पर लटका हुआ देखा गया। जमुना के भाई अजय ने पुलिस को दी तहरीर मे कहा है कि कोतवाली शहर के शेखवापुर निवासी बिस्सू बुधवार की शाम को जमुना को घर से बुलाकर ले गया था। उसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटा। अजय ने बिस्सू और उसके तीन साथियों पर हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया है। अजय ने बताया चार दिन पहले बिस्सू से शराब के नशे में बिस्सू के साथ मारपीट हुई थी, उसी रंजिश के चलतें अजय हत्या की गई।

### एएसपी आवास के पास नाले में मिला युवक का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर के डीएम चौराहा (स्वर्ण जयंती चौक) के पास एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह के सरकारी आवास के पास नाले में एक युवक का शव पड़ा हुआ देखा गया। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। बात वीआईपी इलाके की थी, इस वजह से तुरंत एक्शन में आई पुलिस वहां पहुंची और शव को नाले से बाहर निकलवा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक सीडीओ बंगलें के पास अंडे का ठेला लगा कर अपने बच्चों के साथ गुज़र कर रहा था। शुक्रवार की सुबह डीएम चौराहा (स्वर्ण जयंती चौक) के नाले में कोई शव पड़ा होने की खबर जंगल में लगी आग की तरह से फैल गई। वहां लोगों की भीड़ लग गई। जहां शव पड़ा हुआ था, उसी के पास एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह का सरकारी आवास है। आनन-फानन में वहां पुलिस का अमला इकट्ठा हो गया शव को नाले से बाहर निकाला गया। काफी देर बाद तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। हालांकि पुलिस उसकी शिनाख्त की हर मुमकिन कोशिश कर रही है। उसी बीच शहर के आज़ाद नगर रद्धेपुरवा रोड पर रहने वाली राखी गुप्ता पोस्टमार्ट हाउस पहुंची और शव की पहचान अपने 32 वर्षीय पति गोविंद गुप्ता के रूप में की। राखी ने बताया कि उसका पति सीडीओ बंगले के पास अंडे का ठेला लगाता था। उसके परिवार में दो बेटे व एक बेटी है। पुलिस का कहना है कि युवक नशे की हालत में था और उसी के चलते नाले में गिर गया होगा और उसकी मौत हो गई होगी।

## स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति सभी को करें जागरूक : शैलेंद्र

**हरदोई, अमृत विचार।** चार दिवसीय राष्ट्रीय आयुष्मान भारत योजना के तहत चार दिवसीय हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम के अन्तर्गत जूनियर स्कूल स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सांडी पर संपन्न हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक अखिलेश बाजपेई व प्रशिक्षक शैलेंद्र कुमार ने शिक्षकों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जानकारी देते हुए विद्यालय के बच्चों को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया। प्रशिक्षण के समापन पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चिकित्सक डा विनोद यादव, डा सरताज, शिक्षक यज्यदेव पांडेय, राघवेंद्र मिश्र, राजेश शर्मा, प्रभात कुमार आदि रहे।



चार दिवसीय हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के बाद प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित शिक्षक। अमृत विचार

### लापरवाह शिक्षक-शिक्षिकाओं के वेतन पर रोक लगाने की सिफारिश

**हरदोई, अमृत विचार।** निपुण लक्ष्य ऐप पर बच्चों का आंकलन करने में लापरवाही बरतने वाले शिक्षक और शिक्षिकाओं के वेतन रोकने के लिए बीएसए से सिफारिश की गई है। बीईओ बावन आरके द्विवेदी ने कहा है कि लापरवाह शिक्षक इस तरह से महकमें की छवि खराब कर रहें है। ऐसे शिक्षक-शिक्षिकाओं का निपुण लक्ष्य ऐप पर पूरा कार्य किए जाने तक उनके वेतन रोकने की सिफारिश की गई है। बीईओ ने बीएसए से जिन लापरवाह शिक्षक-शिक्षिकाओं के वेतन रोकने के लिए लिखा है उनमें बावन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय चरौली की प्रधानाध्यापिका ज्योति बाजपई, प्राथमिक विद्यालय पुरौरी की इंचार्ज अध्यापिका अपूर्वा त्रिवेदी, प्राथमिक विद्यालय अमटा की इंचार्ज अध्यापिका किस्मतुन्निसां, प्राथमिक विद्यालय तत्यौरा के प्रधानाध्यापक राघवेंद्र विक्रम सिंह और प्राथमिक विद्यालय दरवेशपुर के प्रधानाध्यापक जुगुल किशोर शामिल है।



शांति समिति की बैठक करते प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय।

### त्योहारों को लेकर पाली थाने में शांति समिति की हुई बैठक

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** आगामी त्योहार महा शिवरात्रि ,होली, शबे बरात, रमजान के मद्देनजर शुक्रवार को पाली थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान समेत नगर के हिन्दू व मुस्लिम समुदाय के गणमान्य लोगों से महा शिवरात्रि, शबे बरात, होलिका दहन स्थल समेत हर प्रकार की छोटी बड़ी समस्या को बिंदुवार जानकारी लेते हुए आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण आपसी सौहार्द भाई चारे से त्यौहार मनाने की अपील की गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों में किसी प्रकार कोई खलल नहीं होना चाहिए कहीं भी किसी प्रकार के अराजक तत्व कोई गड़बड़ी करने का प्रयास करें उसकी तत्काल सूचना डायल 112 या थाने पर मुहैया करायें। जो भी व्यक्ति आगामी त्योहारों में खलल डालने का प्रयास करेगा उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। पहले ही ऐसे लोगों को चिन्हित कर लिया जायेगा। साथ ही उन्होंने सभी गणमान्य लोगों से कैमरे लगवाने की भी अपील की। इस अवसर पर नगर व क्षेत्र समेत काफी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**बैठक** — मंडलायुक्त ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मंडल की रैंकिंग प्रभावित कर रहीं योजनाओं में सुधार लाने का संबंधित जिला प्रशासन को दिया निर्देश


# हरदोई में बिजली आपूर्ति पर खराब रैंकिंग को लेकर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** बिजली आपूर्ति के मामले में हरदोई जिले की रैंकिंग खराब मिलने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को अनवरत बिजली आपूर्ति कराने के निर्देश दिए। साथ ही मंडल की रैंकिंग को प्रभावित करने वाली योजनाओं को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि ऐसी योजनाओं को चिह्नित करते हुए कार्ययोजना बनाकर उसमें सुधार लाएं।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने शुक्रवार को मंडलीय विकास कार्यों की समीक्षा की। कहा कि जन शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए अधिकारी प्रतिदिन अपना विभागीय पोर्टल चेक करें। वृद्धावस्था, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन संबंधी कामों में शिथिलता न बरती जाए। समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करते हुए पात्रों को चिह्नित कर उन्हें लाभान्वित किया जाए। श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ पात्रों को मिले इसके लिए प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। लोक निर्माण विभाग की ओर से मंडल में सड़कों के निर्माण, राज्य मार्गों के अनुरक्षण, सेतु के निर्माण में तेजी लाकर निर्धारित समयावधि में काम पूरा करें। उन्होंने निराश्रित गोवंश को संरक्षित करने के भी निर्देश दिए। हर घर जल योजना के तहत तोड़ी गई सड़कों का निर्माण कराया जाए।


स्वास्थ्य विभाग अस्पतालों में मौजूद एंबुलेंस की फिटनेस की जांच समय-समय पर कराए। शत प्रतिशत टीकाकरण कराने के भी निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि शहरी एवं एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नालियों की साफ-सफाई, एंटी लार्वा छिड़काव, पेड़ों की कटाई-छटाई, कूड़े की लिफ्टिंग, रोड स्वीपिंग के कार्य प्राथमिकता पर कराए जाएं। पीएम आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना का लक्ष्य का लक्ष्य 31 मार्च तक पूरा किया जाए। इस दौरान अपर आयुक्त प्रशासन रणविजय यादव, संयुक्त विकास आयुक्त केके सिंह, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।



मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब।

### अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान, ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

**हरदोई, अमृत विचार।** कछौना ब्लाक में वर्तमान समय में प्रात: छह बजे से नौ बजे तक अघोषित कटौती से उपभोक्ता व विद्यार्थी परेशान है। सुबह की कटौती से पूरे दिन की दिनचर्या प्रभावित होती है। आम जनमानस के सामने अध्यापन, दैनिक क्रियाकलाप प्रभावित है। उपभोक्ताओं की मांग पर मण्डल अध्यक्ष नवीन पटेल ने ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर सुबह की अघोषित कटौती को बंद करने की मांग की। मण्डल अध्यक्ष नवीन पटेल ने ऊर्जा मंत्री को लिखे पत्र में अवगत कराया बोर्ड परीक्षा चल रही है। ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी सुबह की पढ़ाई करते हैं। सुबह वातावरण में शांति होती है, जिससे पढ़ाई में ज्यादा ध्यान लगता है। सुबह की कटौती के कारण पढ़ाई प्रभावित होती है। वहीं गृहस्थ, व्यवसाय, नौकरी पेशा के लोगों का सुबह से दैनिक क्रियाकलाप की शुरुआत होती है। सुबह की अघोषित विद्युत कटौती से दैनिक क्रियाकलाप प्रभावित होता है, जिससे उत्साह फीका पड़ जाता है। सुबह की शुरुआत अच्छी न होने से उनके मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। आम जनमानस व विद्यार्थियों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जनहित में सुबह की अघोषित विद्युत कटौती को बंद कर आपूर्ति चालू रखने की मांग की।



यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।


## संपादकीय

# कूटनीति की ताकत

वर्ष 2024 वैश्विक राजनीति में मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। अमेरिका और रूस-चीन के गठबंधन के बीच टकराव ही वैश्विक और क्षेत्रीय तनावों और समीकरणों की दशा-दिशा तय करेगा। आने वाले वर्षों में दुनिया के समीकरणों में बहुत अहम बदलाव होने जा रहे हैं। ये बदलाव भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक क्षेत्रों में भारत के तय उभार से और अधिक रेखांकित होंगे। दुनिया इस जटिल और उभरते भू-राजनीतिक मंजर के साथ तालमेल बिठाने के लिए जूझ रही है, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में सत्ता और निर्णय प्रक्रिया की ताकत के पारंपरिक संतुलन में बहुत बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं जिनसे वैश्विक प्रशासन में एक नए युग की शुरुआत का पता चलता है। चीन-भारत संबंध संतुलन की स्थिति में पहुंचना, इसे बरकरार रखना बड़ी चुनौती होगी। आर्थिक मोर्चे पर एक ऐसा समय आएगा जब चीन की अर्थव्यवस्था वृद्धि नहीं करेगी और भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को 'रायसीना संवाद' के एक परिचर्चा सत्र में चीन की 'चाल' के खिलाफ आगाह किया और कहा कि भारत को संतुलन की स्थिति पर बेहतर शर्तें पाने के लिए अन्य कारकों का उपयोग करने के अपने अधिकारों का परित्याग नहीं करना चाहिए।

मौजूदा भू-राजनीतिक माहौल, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में ऐसा बदलाव ला रहा है, जो स्थायी हैं। ये ऐसा तथ्य है, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक समीकरणों को नया आकार दे रहा है। रायसीना संवाद जियो-पॉलिटिक्स और भू-इकोनॉमी पर आधारित एक वार्षिक सम्मेलन है जिसका उद्देश्य दुनिया के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों का समाधान करना है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान एक बड़ी शक्ति के रूप में भारत की छवि उभर कर सामने आई। विवादास्पद मुद्दों के समाधान के लिए वैश्विक बहुपक्षीय प्रणाली में आमूल-चूल सुधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक नियम एकपक्षीय हित में नहीं होने चाहिए। अपनी बढ़ती अर्थव्यवस्था और आबादी, सामरिक रूप से अहम भौगोलिक स्थिति और बढ़ते प्रभाव की वजह से भारत, विश्व मंच पर अधिक अहम भूमिका निभाने जा रहा है। ये उभार न केवल भारत के अपने विकास का प्रतीक है, बल्कि ये एक व्यापक चलन यानी, अंतर्राष्ट्रीय मामलों को आकार देने में ग्लोबल साउथ की बढ़ती भूमिका का भी संकेत है। पिछले आठ सालों से इस सम्मलेन में करीब 100 देशों के प्रतिनिधि शामिल होते आए हैं। ऐसे में इस कार्यक्रम के जरिए भारत सरकार अपनी कूटनीतिक क्षमता को बढ़ा रही है। भारत सरकार इस कार्यक्रम के जरिए अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और मुद्दों को लेकर अपनी नीति दुनिया के सामने स्पष्ट करती है। सम्मेलन भारत की कूटनीतिक सफलता को दर्शाता है।

# विविधता का रसायन और उसकी अनिवार्यताएं



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

विविधता को संभाले हुए एक होकर जीने की पद्धति हमारे हजारों साल के सहजीवन की उपलब्धि है। विविधता और एकता के इस सामंजस्य को जो नहीं समझता और किसी कारणवश इस देश के प्रति परायेपन का भाव बनाए रखना चाहता है, अस्मिताओं के उभार के इस युग में उसका भविष्य उत्तरोत्तर विषम होता जाने वाला है।

यह बहुत पुराना देश है और बहुत विविधताओं का देश है। यहां सबके लिए जगह है। सहिष्णुता इसके जींस में है। एकरूपता यहां एक बेगानी चीज है, जो भी यहां आया और इसे अपनी धरती समझकर बस गया, इसने सबको अपना लिया। उनके देवी-देवता, उत्सव-त्योहार भी अपना लिए। मेरे बचपन तक कुछ फकीर-जैसे दिखते लोग गाजी मियां का निशान (झंडा) उठाए, गांव-गांव घूमते, सतरिख (बाराबंकी) की यात्रा पर जाते थे। औरतें गाजी मियां की मानता मानती थीं और मानता पूरी होने पर सतरिख की यात्रा करने के बजाय इन्हीं निशान उठाने वालों की मार्फत अपना चढ़ावा भेज देती थीं। ये निशान उठाने वाले मानता मानने वालों के लिए स्वयं सेवक का काम करते थे।

गाजी मियां (गाजी सैयद सालार मसूद) एक ऐतिहासिक व्यक्ति हैं। वे महमूद गजनवी के भांजे थे और गाजी (धर्मयोद्धा) थे तो इस्लाम के विस्तार के लिए युद्ध करने अपने मामा महमूद गजनवी के साथ भारत आए थे। उस समय उनकी उम्र बहुत कम थी, यही 16 साल के करीब। सतरिख (बाराबंकी) वह जगह थी जिसे अपना सदर मुकाम बनाकर सालार मसूद बहराइच, हरदोई और बनारस के राजाओं से युद्ध कर रहे थे। उनके पिता सैयद सालार साहू की सतरिख में ही मृत्यु हुई थी। बाद में सालार मसूद बहराइच के राजभर राजा सुहेलदेव से हुए युद्ध में पराजित और गंभीर रूप से घायल हो गए। बहराइच में ही उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के समय उनकी उम्र महज 20 साल थी।

किंवदंती है कि सालार मसूद अपने मामा महमूद गजनवी के ठीक विपरीत, संत स्वभाव के आदमी थे। अभी तक सतरिख में उनकी गद्दी पर धूनी जलती है और हिंदू तथा मुसलमान दोनों उसका दर्शन करने जाते हैं। संत और फकीर में इस देश के लोग भेद नहीं करते थे, खासकर औरतें जिनके बहुत सारे दुःख और बहुत तरह के दुःख होते थे। बच्चों पर संकट के समय तो वे किसी से भी

बहुत संभव है ये ध्वनियां भिन्न-भिन्न भागों में बोली जानी वाले भिन्न-भिन्न प्राकृत रूपों से आई हों। कुछ लोगों को भ्रम है कि संस्कृत के तत्सम शब्द प्राकृत से होते हुए आज की भाषाओं और बोलियों में तद्भव रूप में आए हैं। संस्कृत और प्राकृत दो समांतर धाराएं हैं, जो जाने कब से साथ-साथ प्रवाहित होती रही हैं। सामान्यजन हमेशा भिन्न-भिन्न क्षेत्र की भिन्न-भिन्न प्राकृत (जिनमें से क्षेत्र विशेष की प्राकृत का नाम पाली था) में ही बोलते थे। संस्कृत पढ़े-लिखे लोगों की बोलने और लिखने की भाषा थी और देशभर में उन्हीं लोगों के बीच संपर्क-भाषा भी थी। किसी-किसी काल में किसी-किसी राजनीतिक इकाई में प्रशासन की भाषा भी थी। इसीलिए संस्कृत में लिखा साहित्य और शास्त्र पूरे देश में पढ़ा-पढ़ाया जाता था और उसका अधिकांश अभी तक जीवित है। वैदिक संस्कृत के काल में भी सामान्यजन में प्राकृतों के प्राचीन रूप बोले जाते रहे होंगे।

मिन्नत-आरजू करने, गिड़गिड़ाने को तैयार हो जाती थीं। मानता मानना उसी का हिस्सा था। आस-पड़ोस में, नाते-रिश्तेदारी में किसी विशेष की मानता से राहत की खबर हवा में उड़ती रहती थी। वहीं से वे उसे पकड़ लेती थीं और खुद विपत्ति में पड़ने पर उसे त्राता के रूप में याद करती थीं, उससे याचना करती थीं, उसकी मानता मानती थीं। विपत्ति से छुटकारा मिलने पर मानता पूरी करने को लेकर फिक्रमंद रहती थीं, उसे एक देय कर्ज की तरह याद किए रहती थीं और मौका मिलते ही पूरी करने निकल पड़ती थीं। गाजी मियां एक सुविधाजनक त्राता थे जिनकी मजार तक जाने की जरूरत नहीं थी, क्योंकि उनके स्वयं सेवक गांव-गांव घूमते थे।

मुहर्रम पर मेरे गांव के बगल के गांव में ताजिया उठता था और दोपहर बाद एक बाग में मेला लगता था। सौदा-सुलफ के अलावा उस मेले का खास आकर्षण कुश्ती और 'लकड़ी' का खेल होता था। लकड़ी दरअसल गतके को कहते थे, जो एक छोटा डंडा होता था जिस पर चमड़े का खोल चढ़ा रहता था। प्रहार और आत्मरक्षा की फुर्ती का बहुत सधा हुआ खेल था जिसमें किसी को चोट नहीं लगती थी, लेकिन अपनी तेज गतिशीलता से खिलाड़ी दर्शकों को रोमांचित कर देते थे। जोड़ियों पर जोड़ियां उतरती जाती थीं और हम हर बार नए-नए दांव-पेंच के प्रदर्शन से अभिभूत एकटक देखते रहते थे। हमारे यहां बोली जाने वाली अवधी में अरबी-फारसी के सैकड़ों शब्द दाखिल होकर इस कदर घुलमिल गए हैं कि लगता ही नहीं, ये अवधी के नहीं हैं, कभी बाहर से आए होंगे। बस गैर-पढ़े-लिखे लोग क, ख, ग, ज, फ की नुक्तेवाली ध्वनि का उच्चारण नहीं कर पाते। हिंदू और मुसलमान दोनों अवधी बोलते हैं। पढ़े-लिखे गैर पढ़े-लिखे सभी। पढ़े-लिखे मुसलमानों की बस यही पहचान है कि वे अवधी में बोलते समय भी बाकायदे नुक्ते की ध्वनि के साथ बोलते हैं। ये ध्वनियां हमें कब और कहां-कहां से मिली होंगी? धीरे-धीरे कुछ खो भी गई होंगी। संस्कृत के मूर्धन्य ष और ऋ और ऌ का उच्चारण हम भूल चुके हैं, लेकिन हिंदी में भी कुछ ऐसी ध्वनियां हैं, जो संस्कृत में नहीं हैं। जैसे ड़ और ढ़। संस्कृत में केवल ड और ढ की ध्वनि है जब कि हिंदी में ड और ड़ तथा ढ और ढ़ की अलग-अलग ध्वनियां हैं। मराठी में ड़ और ल के बीच एक और ध्वनि है, जो इधर बहुत प्रचलित है। वह है ळ। यहां मराठी लोग जब इस ध्वनि का उच्चारण करते हैं, बहुत ध्यान से सुनने के बावजूद हम अंतर को इस तरह नहीं पकड़ पाते कि उसे बोल भी सकें। ध्वनियों की और शरीर के ध्वनि-यंत्रों की विविधता का भी यह देश है।

बहुत संभव है ये ध्वनियां भिन्न-भिन्न भागों में बोली जानी वाले भिन्न-भिन्न प्राकृत रूपों से आई हों। कुछ लोगों को भ्रम है कि संस्कृत के तत्सम शब्द प्राकृत से होते हुए आज की भाषाओं और बोलियों में तद्भव रूप में आए हैं। संस्कृत और प्राकृत दो समांतर धाराएं हैं, जो जाने कब से साथ-साथ प्रवाहित होती रही हैं। सामान्यजन हमेशा भिन्न-भिन्न क्षेत्र की भिन्न भिन्न प्राकृत (जिनमें से क्षेत्र विशेष की प्राकृत का नाम पाली था) में ही बोलते थे। संस्कृत पढ़े-लिखे लोगों की बोलने और लिखने की भाषा थी और देशभर में उन्हीं लोगों के बीच संपर्क-भाषा भी थी। किसी-किसी काल में किसी-किसी राजनीतिक इकाई में प्रशासन की भाषा भी थी। इसीलिए संस्कृत में लिखा साहित्य और शास्त्र पूरे देश में पढ़ा-पढ़ाया जाता था और उसका अधिकांश अभी तक जीवित है।

वैदिक संस्कृत के काल में भी सामान्यजन में प्राकृतों के प्राचीन रूप बोले जाते रहे होंगे। अवधी सहित यहां की बोलियों का इतिहास लौकिक संस्कृत से अधिक प्राचीन है। पता नहीं, अवध के गांवों के गैर-पढ़े-लिखे लोग चार धाम बनने के शुरू के चरण में जब रामेश्वरम और जगन्नाथ पुरी की यात्रा पर जाते रहे होंगे, उनका काम कैसे चलता रहा होगा? अब तो वहां के स्थानीय लोगों के पॉकेट्स हैं, जहां सभी धड़ल्ले से हिंदी बोलते-समझते हैं।

विविधता को संभाले हुए एक होकर जीने की पद्धति हमारे हजारों साल के सहजीवन की उपलब्धि है। विविधता और एकता के इस सामंजस्य को जो नहीं समझता और किसी कारणवश इस देश के प्रति परायेपन का भाव बनाए रखना चाहता है, अस्मिताओं के उभार के इस युग में उसका भविष्य उत्तरोत्तर विषम होता जाने वाला है।

## प्रसंगवश

# क्या कहानियां प्रेरणा देती हैं

आखिर सफलता की कहानियां हमें किस तरह प्रभावित करती हैं? बात इसलिए जरूरी है, क्योंकि हम इंसान सदियों से अपने बच्चों को कहानियां सुनाते हैं। क्योंकि हम मानते हैं कि दूसरे लोगों की सफलता हमारे बच्चे को और मेहनत करने की प्रेरणा देगी, पर क्या बच्चे सचमुच मोटिवेट होते हैं? या और ज्यादाहीन महसूस करने लगते हैं।



संजय वर्मा
इंदौर

मनोविज्ञान में एक शब्द है 'सिग्निफिकेंट अदर्स'। मतलब अजनबी लोगों के इस संसार में वे कुछ नजदीकी लोग, जो हमारे लिए मायने रखते हैं। ऐसा समझें कि यदि कोई अजनबी गरीब बच्चा कलेक्टर बन जाए तो मुझे प्रेरणा मिल सकती है, पर मेरा चचेरा भाई तहसीलदार भी बन गया तो मुझे ईर्ष्या होगी, मैं छोटा महसूस करूंगा? मतलब सफलता की कहानी प्रेरणा तो देगी, लेकिन वह नजदीकी लोगों की नहीं होनी चाहिए।

वहीं दूर के लोगों की कहानी सुनकर इंसान बेहतर बनता है यह मानना भी मुश्किल है। यदि ऐसा होता तो राम की मर्यादा, शिवाजी का साहस और हरिश्चंद्र के त्याग की कहानी सुनकर बड़े हुए बच्चे इतने बेईमान, झूठे और स्वार्थी कैसे हो जाते हैं? अब्दुल कलाम आजाद की गरीबी से निकलकर वैज्ञानिक बनने की कहानी सुनकर कितने बच्चे वैज्ञानिक बने? तो क्या हम मान लें कहानियां अपने मकसद में नाकामयाब रही हैं? अगर कहानी नहीं है तो फिर वह क्या है जिससे हमें आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है? और अगर कहानी अपने मकसद में नाकामयाब रही है तो फिर हम कहानियां क्यों सुनाते हैं?

मेरा अपना मानना है कि किसी असफल या लो फील कर रहे बच्चे को किसी और की सफलता की कहानी सुनाकर आप उसे जलील कर सकते हैं, मोटिवेट नहीं कर सकते। अपने तीस साल के व्यावसायिक जीवन में मैंने दसियों बच्चों को ट्रेंड किया। उनमें से ज्यादातर लोग आज कामयाब हैं। मेरा अनुभव कहता है, लोग दूसरों की नहीं खुद अपनी सफलता से मोटिवेट होते हैं। हौसला देने से आगे बढ़ते हैं, कहानियों से नहीं। मुश्किलों से घिरा इंसान उस टूटे कुंए की दीवार है जिसमें से हर नई सफलता की कहानी एक और ईंट उखाड़ ले जाती है।

# आस्था से खिलवाड़ क्यों



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

मामला सिलीगुड़ी के सफारी पार्क का है। विश्व हिंदू परिषद को इस बात की गहरी पीड़ा हुई है कि बिल्ली प्रजाति का नाम भगवान राम की पत्नी सीता को दिया गया है। इस शेर-शेरनी के जोड़े को हाल ही में त्रिपुरा के सेपाहिजला जूलॉजिकल पार्क से कोलकता लाया गया था। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने शेरों का नाम नहीं बदला है। यहां आने से पहले ही (13 फरवरी को) उनका नाम रखा जा चुका था। जबकि वीएचपी का कहना है कि शेरों का नाम राज्य के वन विभाग ने रखा था।

मान्य अवधारणा है की देवी नाम केवल मनुष्यों को ही दिए जाते हैं। मगर सिलिगुड़ी वन्यप्राणी उद्यान में शेर और शेरनी का नाम अकबर और सीता पर रख दिया गया। भला ऐसी बेजा हरकत किस इशोपासक को गवारा होगी? अतः स्वाभाविक है कि विश्व हिंदू परिषद ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को दोषी और संवेदनहीन करार दिया। परिषद की बंगाल शाखा ने इसे हिंदू धर्म का अपमान बताते हुए, कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका लगा दी। अदालत ने 20 फरवरी को सुनवाई की। शेरों के जोड़े का नाम बदलने का आदेश दिया है। साथ ही अदालत ने शेरनी का नाम सीता रखने और शेर को अकबर नाम देने को लेकर बंगाल सरकार से जवाब मांगा है।

मामला सिलीगुड़ी के सफारी पार्क का है। विश्व हिंदू परिषद को इस बात की गहरी पीड़ा हुई है कि बिल्ली प्रजाति का नाम भगवान राम की पत्नी सीता को दिया गया है। इस शेर-शेरनी के जोड़े को हाल ही में त्रिपुरा के सेपाहिजला जूलॉजिकल पार्क से कोलकता लाया गया था। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने शेरों का नाम नहीं बदला है। यहां आने से पहले ही (13 फरवरी को) उनका नाम रखा जा चुका था। जबकि वीएचपी का कहना है कि शेरों का नाम राज्य के वन विभाग ने रखा था। 'अकबर' के साथ 'सीता' रखना हिंदू धर्म का अपमान है।

इस मामले में राज्य के वन अधिकारियों और सफारी पार्क निदेशक को मुकदमें में पक्षकार बनाया गया है। सिंगल बेंच के जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने पश्चिम बंगाल सरकार से कहा कि वह शेर-शेरनी को कोई दूसरा नाम देने पर विचार करें, ताकि विवाद को शांत किया जा सके। अदालत ने कहा कि देश में बड़ी संख्या में लोग सीता की पूजा करते हैं। वहीं अकबर एक कुशल, और सफल मुगल सम्राट था।

अदालत ने कहा : 'वकील साहब, क्या आप खुद अपने पालतू जानवर का नाम किसी हिंदू भगवान या मुस्लिम पैगंबर के नाम पर रखेंगे। मुझे लगता है, अगर हम में से कोई भी अधिकारी होता तो हममें से कोई भी उनका नाम अकबर और सीता नहीं रखता। क्या हम में से कोई रवींद्रनाथ टैगोर के नाम पर किसी जानवर का नाम रखने के बारे में सोच सकता है? इस देश का एक बड़ा वर्ग सीता की पूजा करता है।'

एडिशनल एडवोकेट जनरल ने अदालत को बताया कि पश्चिम बंगाल ने इन जानवरों को कोई नाम नहीं दिया है। त्रिपुरा चिड़ियाघर के अधिकारियों ने दिए थे। इस पर अदालत ने कहाः 'धार्मिक देवता या ऐतिहासिक रूप से सम्मानित व्यक्तित्वों के नाम पर शेरों का नाम रखना अच्छा नहीं है। राज्य पहले से ही कई विवादों को देख रहा है। यह विवाद एक ऐसी चीज है जिससे बचा जा सकता है।'

अधिवक्ता ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि शेरों को नए नाम दिए जाएं, लेकिन उन्होंने अदालत से याचिका खारिज करने का भी आग्रह किया। इस पर अदालत ने कहा, 'चूंकि शेरों के नाम लिए गए हैं। याचिकाकर्ता दावा कर रहे हैं कि इससे हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसलिए मामले की जांच करनी होगी, लेकिन यह एक जनहित याचिका के तौर पर होगी।' अदालत ने आदेश दिया कि याचिका को जनहित याचिका के रूप में लिया जाए। इसे उस खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए, जो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करती है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहाः 'कृपया विवाद से बचें अपने अधिकारियों से इन जानवरों का नाम बदलने के लिए कहें। किसी भी जानवर का नाम किसी हिंदू भगवान, मुस्लिम और ईसाई पैगंबर, महान पुरस्कार विजेताओं, स्वतंत्रता सेनानियों आदि के नाम पर न रखें।'

न्यायमूर्ति ने सुझाव दिया कि राज्य सरकार के वकील विवाद से बचने के वास्ते चिड़ियाघर अधिकारियों से शेर और शेरनी को अलग-अलग नाम देने के लिए कहें। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और हर समुदाय को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। जस्टिस भट्टाचार्य ने पूछाः 'आपको सीता और अकबर के नाम पर एक शेरनी और एक शेर का नाम रखकर विवाद क्यों खड़ा करना चाहिए?'

## सोशल फोरम

# दिल्ली घेरने की जिद

पंजाब की सीमा पर पंजाब के तथाकथित किसानों का जमावड़ा है। इनमें कुछ अन्य प्रदेशों के आधारहीन और अराजकता में अपने लिए कुछ लाभ देखने वाले नेता भी शामिल हैं। यह भी एक किस्सा है कि चुनाव से बिल्कुल पहले केंद्र सरकार और मोदी को असहज करने के लिए यह षडयंत्र कांग्रेस द्वारा रचा गया है जिसमें कुछ आंदोलन आयोजित करने वाले व्यवसायी भी शामिल हैं। जाहिर है कि कनाडा और सीआईए भी इस आंदोलन में रुचि ले रहे हैं।



मनोज कुमार
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

आंदोलनकारियों की दो मुख्य मांगें हैं। पहली मांग है न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून बनाया जाए। मतलब जो कोई भी इस मूल्य से कम पर कृषि उत्पाद खरीदे उसे दंडित किया जाए। दूसरी मांग है स्वामीनाथन कमेटी की संस्तुति के अनुसार कृषि उत्पाद के मूल्य निर्धारित किए जाएं। इस कमेटी के अनुसार मूल्य उत्पादन पर हुए व्यय का डेढ़ गुना होना चाहिए। आंदोलनकारी केंद्र सरकार से अपनी मांग मनवाने के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं और केंद्र के निर्देश पर इन्हें हरियाणा में प्रवेश से रोका गया है जिस पर इन्होंने सड़क पर बैठकर रास्ता बंद कर दिया है। पंजाब की आप पार्टी की सरकार इन्हें पूरा सहयोग दे रही है जिसके कारण इन्हें हरियाणा सीमा तक आने में कोई कठिनाई नहीं हुई।

केंद्र सरकार के तीन मंत्री लगातार वार्ता के लिए उपलब्ध रहे हैं, पर कोई समझौता नहीं हो पाया। आंदोलनकारी दिल्ली जाने और दिल्ली का घेराव करने पर अडिग हैं। इस पूरे प्रकरण में मैं एक बात से हैरान हूं। कृषि तो भारत के संविधान के अनुसार राज्य का विषय है।

कृषि उत्पाद का उचित मूल्य दिलाना तो राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। केंद्र सरकार इसमें कहां से आ गई? केंद्र तो एक अच्छे खरीदार की भूमिका में है और एक न्यूनतम मूल्य पर खरीद करती है। राज्य चाहे तो उससे अधिक मूल्य दे सकता है। हैरानी इस बात की है कि केंद्र सरकार भी यह नहीं कह रही। अगर वह ऐसा स्टैंड लेते हैं तो इस आंदोलन का आधार ही समाप्त हो जाएगा और अगर फिर भी कोई दिल्ली घेरने की जिद करता है तो उसके प्रति की गई हर कार्यवाही न्यायसंगत होगी।

-फेसबुक वॉल से

# नायकत्व ने पुतिन में अहंकार और आत्ममुग्धता पैदा की



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

एक सार्वजनिक व्याख्यान में उन्होंने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए यह ऐतिहासिक वक्तव्य दिया था, 'रोटी मौलिक जरूरत है, लेकिन अगर हम मनुष्य हैं तो हमें विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहिए।

पुतिन की तानाशाही के मुखर विरोधी रहे एलेक्सी नवेलनी की रूस की एक जेल में रहस्यमय मौत हो गई। महज 48 वर्ष की उम्र में। दुनिया ने इस मौत का संज्ञान लिया। कई विशेषज्ञों ने इसे 'राजनीतिक हत्या' की संज्ञा दी, लेकिन रूस के टीवी चैनलों ने अपनी न्यूज बुलेटिन के अंत में बेहद तटस्थ स्वरों में एक लाइन में उनकी मौत की खबर दी जो ' फर्जीवाड़े के आरोप में' जेल में बंद थे। हालांकि रूस के कई शहरों में इस घटना के विरोध में शोकसभाएं आयोजित हुई, प्रदर्शन किए गए जिनका पुलिस ने सख्ती से दमन किया। कितने सारे लोग जेल में डाल दिए गए, कितनों को कोर्ट ने पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

अलेक्जेंडर सोल्जेनित्सिन ने इस रूस की कल्पना तो नहीं ही की होगी, जो सोवियत संघ के दौर में जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए मुखर रहे एक बड़े लेखक थे। उन्हें कम्युनिस्ट तानाशाही के खिलाफ बोलने-लिखने के कारण अमेरिका में लंबा निर्वासन झेलना पड़ा। उनके उत्कृष्ट लेखन के लिए उन्हें साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया था। सोवियत पराभव और विखंडन के बाद वे रूस लौटे, लेकिन जल्दी ही नए रूस में भी उनका मोहभंग होने लगा।

एक सार्वजनिक व्याख्यान में उन्होंने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए यह ऐतिहासिक वक्तव्य दिया था, 'रोटी मौलिक जरूरत है, लेकिन अगर हम मनुष्य हैं तो हमें विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहिए। हमें ऐसे बुद्धिजीवियों की बहुत जरूरत है, जो देश की राजनीतिक संस्कृति को मनुष्यता और नागरिक अधिकारों के साथ देख सकें, उन्हें मुखर समर्थन दे सकें। जिस देश और समाज के बुद्धिजीवी सत्ता का विश्लेषण करने में साहस और ईमानदारी से काम नहीं लेंगे, उसका नैतिक पतन दूर नहीं रह जाएगा। फिर अलग तरह की तानाशाहियों से हम मुकाबिल होंगे, जो जनता के हितों को कुछ चंद मुट्ठियों में कैद कर देंगी।' रूस ने सोल्जेनित्सिन की आशंकाओं को सही साबित किया। सोवियत विघटन के बाद जर्जर और बेहाल रूस वाया येल्तसिन पुतिन के दौर में पहुंचा। देश ने धीरे-धीरे आर्थिक स्थायित्व हासिल किया, सामरिक आधार तो था ही, पुतिन ने उसे नई आक्रामकता और विस्तार दिया। वे नए नायक बन कर उभरे। इस नायकत्व ने पुतिन में अहंकार पैदा किया, आत्ममुग्धता पैदा की और सत्ता में येन केन प्रकारेण बने रहने की लिप्सा जगाई। नई सदी के रूस में नए उद्योग घराने उभरे जिनके लिए व्यावसायिक लाभों की खातिर नैतिकता और मानवीय शुचिता कोई मायने नहीं रखती थी। वे पुतिन के बन गए पुतिन उनके हो गए।नया दौर था टेक्नोलॉजी का जमाना, मीडिया के न जाने कितने रूप। ऊपर से सोशल मीडिया का सर्वव्यापी प्रसार। कितना भी प्रतिबंधित करो, कभी इधर से तो कभी उधर से सूचनाओं और विचारों का कोई झोंका आ ही जाता, जो प्रतिरोध की भावनाओं को बल दे सकता था। नए दौर में नेताओं को ब्रांडिंग की जरूरत अधिक ही महसूस होने लगी। पुराने दौर वालों से बहुत ज्यादा। पुतिन और उनके निकट के सलाहकारों ने भी इस जरूरत को शिद्दत से महसूस किया। फिर तो एक से एक कंपनियों की लाइन लग गई, जो पुतिन के लिए एक से एक पेशकश के साथ खड़े थे'हम आपकी ऐसी छवि बना देंगे जो आपको देश का पर्याय बना देगी।

करोड़ों डॉलर, बोले तो रूबल, झोंके जाने लगे हाड़ मांस के उस नश्वर जीव की छवि के निर्माण के लिए। सर्वत्र पुतिन ही पुतिन...रूस के 'पुराने वाले वैभव' को लौटाने का और 'नया रूस' बनाने का संकल्प दुहराते हुए, तिहराते हुए। रूस के कई विपक्षी नेता जेलों में बंद हैं। किसी पर कोई आरोप, किसी पर कुछ और आरोप, जो जितना साहसी प्रतिरोधी, उस पर उतने ही सख्त आरोप। कोई नहीं बता सकता कि आरोप कितने वास्तविक हैं कितने राजनीतिक। पुतिन के सहयोगी समर्थक कॉर्पोरेट घरानों की बढ़ती संपन्नता की रूस में ही नहीं, दुनिया में तूती बोल रही है। कुछ खास कॉर्पोरेट घरानों पर आरोप हैं कि पुतिन के समर्थन सहयोग के एवज में वे देश के संसाधनों पर अपना कब्जा बढ़ाते गए हैं। पुतिन ने रूस को संभाला, उसे फिर से खड़ा करने में बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने आत्मविश्वास खो चुके देश में नए विश्वास का संचार किया, लेकिन उनके दौर ने रूस में भयानक रूप से बढ़ती आर्थिक असमानता देखी, नागरिक अधिकारों के दमन का नया दौर देखा, बाजार पर कॉर्पोरेट का सत्ता संरक्षित नाजायज कब्जा देखा, क्या-क्या नहीं देखा।

ब्रांड की कैद में घिरे नेता की चमक बढ़ती गई, बाजार पर खास लोगों का कब्जा बढ़ता गया। अब ब्रांडिंग का जलवा देखना समझना हो तो पेप्सी और कोका कोला को ही देखें जिनके बारे में दुनियाभर के आहार विशेषज्ञ चेतावनी देते रहे कि यह संकट है, लेकिन उन कंपनियों ने भारत जैसे विशाल बाजार में आकर गंध मचा ही दी। कौन सुपरस्टार, कौन क्रिकेट स्टार, कितने-कितने स्टार उसके मार्केटिंग एजेंट बन करोड़ों कमाते रहे और पब्लिक उस मीठे जहर के घूंट लेती नकल में दुहराती रही...'पेप्सी अहा'। पुतिन कुछ संभाल कर, अधिक बिखरा कर, गिरा कर दृश्य से ओझल होंगे एक दिन। कितने महामानव तो ऐसे हैं जिन्होंने संभाला क्या इस पर तो बहस है, लेकिन बिखराया क्या, गिराया क्या, यह सब देख रहे हैं। अंतर यही है कि बड़े ही जतन से गढ़ी गई उनकी चेतना उन्हें इन बिखरावों, इन गिरावटों पर कूदने और हर्षित होने लायक ही बनाकर छोड़ती है।

# समतल हो गई दुनिया

बिल गेट्स (दुनिया के बहुत अमीर, माइक्रोसॉफ्ट के मालिक) कहते हैं कि माइक्रोसॉफ्ट में वे केवल एक ही बात जानते हैंः चार वर्षों में, उनके द्वारा बनाया गया प्रत्येक उत्पाद अप्रचलित हो जाएगा। एक मात्र सवाल यह है कि क्या माइक्रोसॉफ्ट इसे अप्रचलित कर देगा या इसका कोई प्रतिस्पर्धी इसे अप्रचलित कर देगा। यदि माइक्रोसॉफ्ट इसे अप्रचलित कर देता है तो कंपनी फलेगी-फूलेगी। यदि इसका कोई प्रतिस्पर्धी इसे अप्रचलित कर देता है तो माइक्रोसॉफ्ट संकट में पड़ जाएगा।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हम जब भी भवाली से हल्द्वानी जाते हैं, रास्ते की घड़ी बनाने की अपने समय की मशहूर एचएमटी कंपनी यही कहानी मुझे बार-बार याद दिलाती है। सब उजाड़ सा है वहां अब। ऐसे ही मेरे जिले रायबरेली की टेलीफोन फैक्ट्री। वहां पड़ोस के जनपद कानपुर की कपड़ा मिले। मोबाइल के क्षेत्र में नोकिया, जो समय के साथ नहीं दौड़ेगा, वह पिछड़ जाएगा। वैसे अब दुनिया समतल हो गई है और दुनिया के दृष्टिकोण से देखें तो मैन्यूफैक्चर सेक्टर में देश पिछड़ रहा है। चीन तो बहुत आगे निकल ही गया था, अब कपड़ा उद्योग में बांग्लादेश कमाल कर रहा है, हमसे बहुत आगे हो गया, उसकी जीडीपी रफ्तार भी हमसे आगे है। अब कारण मत पूछिएगा, न आपको सुनते अच्छा लगेगा, न मुझे बताते।

# कैलेंडर बनाकर करें कार्य, चुनाव में बढ़ेगा जीत का अंतर : भजन लाल

## राजस्थान के सीएम ने 5 लोकसभा क्षेत्रों की संचालन समिति की बैठक में दिए मंत्र

सीतापुर कार्यालय

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर राजस्थान सीएम भजन लाल शर्मा ने शुक्रवार को लोकसभा कलस्टर चुनाव प्रबधंन समिति और विधानसभा संयोजक प्रभारी सहित जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान आगामी लोकसभा चुनाव में अवध क्षेत्र की सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव जीतने का मंत्र दिया। 5 घंटे तक चली बैठक के बाद सीएम ने खैराबाद स्थित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित कर कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने का मंत्र दिया। गोपनीय बैठक के दौरान सीएम ने खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख लोकसभा के संचालन समिति की बैठक कर कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। मुख्यमंत्री ने लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी, विस्तारक व संयोजकों को लोकसभा चुनाव में जीत का अंतर कैसे बढ़ाया जाए, इसके लिए मंत्र देते हुए कहा कि कैलेंडर बनाकर कार्य करें।

सीतापुर दौरे पर पहुंचे सीएम भजन लाल शर्मा ने सर्वप्रथम नैमिषारण्य पहुंचकर मां ललिता देवी के चरणों में हाजिरी लगाई। सीएम ने नैमिषारण्य के साधु-संतों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाइद सीएम ने शहर स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में कलस्टर समिति की बैठक का दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की।



राजस्थान सीएम भजनलाल शर्मा को गणेश की प्रतिमा देते जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, सांसद अशोक रावत व अन्य। अमृत विचार

### यह लोग रहे मौजूद

लोकसभा की बैठक के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा रेखा अरुण वर्मा, कलस्टर प्रभारी कबीना मंत्री जेपीएस राठौर, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, राज्यमंत्री रजनी तिवारी, सांसद राजेश वर्मा, अशोक रावत, हरदोई सांसद जय प्रकाश रावत, राज्यमंत्री सुरेश राही, राकेश राठौर गुरु, एमएलसी प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा सहित अन्य संगठन के लोग मौजूद रहे। संचालन प्रदेश महामंत्री/एमएलसी गोविंद शुक्ला ने किया। मुख्यमंत्री ने खैराबाद के एक गेस्ट हाउस में प्रबुद्धजनों के संबोधित करते हुए कहा कि इस बार आप सभी की जिम्मेदारियां बढ़ गई। आप सभी इस बार मोदी जी को तीसरी बार चार सौ से अधिक सीटें जिताकर प्रधानमंत्री बनाना है। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

बैठक के दौरान पार्टी से जुड़ी पांच लोकसभाओं (सीतापुर सदर, मिश्रख ,हरदोई, धौरहरा, लखीमपुर के जनप्रतिनिधियों ,कार्यकर्ताओं पार्टी पदाधिकारी को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने लोकसभा के प्रभारी, विस्तारक व संयोजकों को लोक सभा चुनाव में जीत का अंतर कैसे बढ़ाया जाए, इसके लिए मंत्र देते हुए कहा कि कैलेंडर बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस बार पीएम मोदी ने 400 पार का नारा दिया है। यूपी में सीएम योगी ने 80 सीटें जीतने का वादा किया है। कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को आमजनमानस को बताकर प्रदेश की सभी अस्सी सीटों को जीते और बीते लोक सभा चुनाव में जीत के अंतर को और बढ़ाना है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सांसदों, विधायकों , ब्लॉक प्रमुखों, जिला पंचायत सदस्यों को चुनाव में कैसे कार्य करे, इसके बारे में बारीकी से बताया।

### प्रबुद्ध सम्मेलन को भी किया संबोधित

लोकसभा की बैठक के बाद सीएम भजनलाल शर्मा ने खैराबाद स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन के दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता राष्ट्र के लिए कार्यकर्ता है पार्टी के कार्यकर्ता का व्यक्तिगत कोई लाभ नहीं है। केवल राष्ट्र के उत्थान के लिए हमारी पार्टी 24 घंटे कार्य करती है। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय से लेकर वर्तमान भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा राष्ट्र के लिए किया जा रहे कार्यों का बखान किया साथ ही उन्होंने अपने जीवन संघर्ष के विषय में विभिन्न दायित्वों पर रहते हुए सीएम ने पार्टी समर्पण पर भी विशेष प्रकाश डाला। सीएम ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 2024 के चुनाव मे प्रत्येक बूथ स्तर तक पहुंच कर कार्यकर्ताओं को अपने दायित्वों का निर्वहन करना है और पुन : भाजपा की सरकार बनाकर इतिहास रचना है।

# चुनाव के समय सिर्फ पिकनिक मनाने आती है कांग्रेस

संबोधन

▸▸ पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने सपा-कांग्रेस पर साधा निशाना

लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार :** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुजावलपुर में पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया।

शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुजावलपुर में लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष सरोज तिवारी की बेटी की शादी के कार्यक्रम से पहले पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा के पहुंचने पर उनका फूल-मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सपा व कांग्रेस की जमकर खिंचाई की। कहा कि चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी सिर्फ पिकनिक मनाने आती है। कांग्रेस की मम्मी, बेटा-बेटी सभी पिकनिक मनाने आते हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार 24 घंटे 365 दिन जनता की सेवा करती है, इस दौरान उन्होंने मौजूद भीड़ को संबोधित करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष सरोज तिवारी, सुधाकर मिश्रा, पपिल तिवारी, ब्रजमोहन त्रिवेदी, पंकज, राहुल तिवारी, शिवाकांत त्रिवेदी,उमराज सिंह, ब्रजेश, पप्पू सिंह, विश्वनाथ तिवारी,नरेश, सुरेश सहित अन्य मौजूद रहे।



पूर्व उपमुख्यमंत्री का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

## पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक की हो जांच: नवल किशोर

**सीतापुर, अमृत विचार:** आजाद अधिकार सेना इकाई के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा ने अपने संगठन के पदाधिकारियों के सहयोग से कार्यालय जिला अधिकारी में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राखी वर्मा को सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

कहा कि 11 फरवरी 24 को आरओ, एआरओ, आरक्षी व 17-18 फरवरी 24 आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा में जो साक्ष्य सोशल मीडिया पर आ रहे हैं, उनकी जांच कराए जाने व साक्ष्य सही पाये जाने परीक्षा निरस्त करने और विभाग की तरफ से परीक्षा सम्पन्न कराने वाली एजेंसी आदि के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवई किए जाने की मांग की गई है। साथ ही दोनों परीक्षाएं दोबारा आयोजित की जाएऔर परीक्षार्थियों को निःशुल्क यात्रा दी जाए। कहा कि इस पर त्वरित सुनवाई की जानी चाहिए।

# अंगूठा लगवा कोटेदार ने नहीं दिया राशन

लहरपुर सीतापुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र की ग्राम पंचायत महमूदपुर के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को पत्र देकर ग्राम पंचायत महमूदपुर की उचित दर विक्रेता मीरा देवी के विरुद्ध कम राशन देने, नापतोल में गड़बड़ी करने एवं अंगूठा लगवाकर बिना राशन दिए लाभार्थियों को वापस भेज देने का आरोप लगाया था। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि माह फरवरी 2024 का राशन का वितरण अभी तक नहीं किया गया है और न ही राशन स्टॉक में मौजूद है।

ग्रामीणों का कहना है कि उचित दर विक्रेता द्वारा ग्रामीणों को हरिजन एक्ट एवं अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी जाती है। ग्रामीणों के प्रार्थना पत्र पर उप जिलाधिकारी द्वारा पूर्ति निरीक्षक लहरपुर को नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने को निर्देशित किया गया था। प्रार्थना पत्र देने वालों में प्रमुख रूप से मोमिना, बरकत, रहमत अली, असगर अली, बदरुद्दीन, शब्बीर अली, रामप्यारी, गुलशन बानो आदि प्रमुख थे। इस संबध में पूर्ति निरीक्षक रूपेश जैन ने बताया कि बृहस्पतिवार को गांव जाकर ग्रामीणों का बयान लिया था, लेकिन वितरण मशीन के न मिलने से स्टाक का भौतिक सत्यापन नहीं हो सका था, शुक्रवार को हाईकोर्ट में होने के कारण जांच नहीं हो सकी है। शीघ्र ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी। कोटेदार के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर भारी संख्या में ग्रामीण शुक्रवार को तहसील पहुंचे, लेकिन पूर्ति निरीक्षक और अन्य किसी अधिकारी के न मिलने पर वापस चले गए। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार को जिला अधिकारी से मिलकर कोटेदार के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग करेंगे।



कोटेदार के खिलाफ शिकायत करने आये ग्रामीण। अमृत विचार

# देशी शराब की दुकान में अंग्रेजी बेचते सेल्समैन हुआ गिरफ्तार

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** रामकोट थाना इलाके में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर देशी शराब की दुकान से अंग्रेजी शराब का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने मौकाय वारदात से दुकान के सेल्समैन को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजने की कार्यवाई की है। पुलिस ने दुकान से करीब 248.94 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के ग्राम बीहट गौर इलाके में देशी शराब की दुकान में अंग्रेजी शराब बेचने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था। वीडियो को संज्ञान लेकर रामकोट पुलिस टीम ने आबकारी विभाग के साथ मिलकर शुक्रवार को दुकान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने सेल्समैन अभियुक्त पप्पू पुत्र राम अवतार निवासी ग्राम बीहटगौड थाना रामकोट को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौकाय वारदात से 1383 पौव्वे अंग्रेजी शराब, विभिन्न ब्रांड की देशी शराब के कुल 1383 पौव्वे सहित 13 हजार 290 रूपये की नकदी व दुकान के रजिस्टर को पुलिस ने जब्त किया है। सीओ सिटी अमन सिंह ने बताया कि सेल्समैन के खिलाफ केस दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाई की जा रही हैं।

# रेलिंग विहीन पुलिया बनी हादसों का सबब

सिधौली, सीतापुर

**अमृत विचार:** सिधौली-मिश्रिख मार्ग स्थित ग्राम बाड़ी की कटरा मोड़ पर रेलिंग विहीन पुलिया मौत को दावत दे रही है। जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही की वजह से इस रेलिंगविहीन पुलिया पर अक्सर हादसे होते रहते हैं। इसी पुलिया के पास भूसी लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। कुछ दिन पूर्व में इस पुलिया के नीचे रामपाल यादव पुत्र रंजित यादव निवासी ग्राम गैलनपुरवा (दतवल) थाना संदना का मृत अवस्था में शव व मोटरसाइकिल मिलने से हड़कंप मच गया था।

ग्रामीणों ने पुलिया की मरम्मत व मोड़ पर रिफ्लेक्टर लगवाने की कई बार विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मांग कर चुके हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे में पुलिया टूटने के कारण दिन-रात आने-जाने वाले राहगीरों की जान का खतरा बना हुआ है। पुलिया की रेलिंग टूटे लगभग आठ माह हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सिधौली मिश्रिख मार्ग पर नैमिषारण्य तीर्थ स्थल होने के कारण जनपद के मुख्य मार्गों में से एक है। पुलिया टूटी होने व रिफ्लेक्टर न लगे होने के कारण आने जाने वाले वाहन अक्सर हादसे का शिकार हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को शीघ्र उक्त टूटी पुलिया पर रेलिंग बनवाने के साथ साथ चमकने वाले संकेतक लगवाने चाहिए।



रेलिंग विहीन पुलिया पर पलटा पड़ा ट्रक। (फाइल फोटो)

### मोड़ पर लगे संकेतक

बाड़ी गांव की कटरा पुलिया तिरछी व दोनों तरफ गहरी खाई है ऐसे में आवागमन करना किसी खतरे से कम नहीं है यहां पर संकेतक जरूर लगाने चाहिए। (प्रेम पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम बाड़ी)। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कटरा पुलिया की टूटी रेलिंग व संकेतक को बनवाकर शीघ्र हादसों पर विराम लगाना चाहिए। (रेहान अहमद निवासी ग्राम बाड़ी)। पुलिया टूटी होने के कारण अक्सर हादसे होते रहते हैं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी जान कर अनजान बने हैं। (विजय रावत पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य ग्राम बाड़ी)। बाड़ी कटरा मोड़ पर रेलिंगविहीन पुलिया व संकेतक न होने से होने वाले हादसे लोक निर्माण विभाग के दावों की पोल खोलने के लिए काफी है। **–सगीर अहमद**, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम बाड़ी

## सार-संक्षेप

### शोषित लोगों तक पहुंचाया जाए योजनाओं का लाभ



ग्राम चैपाल में योजनाओं की जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार :** ब्लॉक कसमण्डा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोकनामऊ व बसईडीह के पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को ग्राम जनचैपाल का आयोजन किया गया। जनचैपाल की अध्यक्षता कर रहे सहायक विकास अधिकारी कृषि रामवीर सारस्वत व एडीओ सहकारिता आशुतोष धुर्वे ने ग्रामीणो की समस्याए सुनी और देश प्रदेश की मोदी योगी सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं के बारे मे विस्तार से बताते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम पायदान पर निवास कर रहे तभी दबे कुचले शोषित वंचित लोगो तक सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। इस मौके पर सचिव दीप कुमार, गनेश कुमार, प्रधान कोकनामऊ मिथिलेश कुमारी, प्रधान बसई डीह राजकुमारी, प्रधान प्रतिनिधि प्रेमनरायन, बीटीएम कृषि विभाग मनोज कुमार, टीए कृषि विभाग मोहित तिवारी, रोजगार सेवक वीरेंद्र यादव, पंचायत सहायक राखी सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### विद्यापीठाधीशवर ने दिया ज्ञान और करुणा का संदेश

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** 1008 ब्रह्मलीन श्यामानंद फलाहारी बाबा की पुण्य स्मृति में श्री दुर्गा धाम राही में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन के पावन अवसर पर काशी विश्वनाथ धाम से पधारे अनंत विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्र आनंद महाराज सुमर विद्यापीठाधीशवर ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सत्संग के माध्यम से ज्ञान और करुणा का संदेश दिया। स्वामी भूसुंडी जी महाराज नैमिषारण्य ने भगवान भरत के चरित्र की कथा एवं भगवान श्री राम के प्रति निष्ठा की कथा का रसपान कराया। राष्ट्र प्रभारी करुणेश महाराज ने मानस के माध्यम से भगवान् श्री राम के चरित्र की कथा भक्तों को श्रवण कराई। रोहित कृष्ण शास्त्री श्री वृंदावन धाम ने राधा कृष्ण की कथा का रसपान कराया तथा गोपेश्वर भगवान की अनेकों कथाओं के माध्यम से भक्तों को रसपान कराया। चंदन शास्त्री ने नवधा भक्ति की कथा को भक्तों को श्रवण कराया, यज्ञाचार्य महाराज अर्जुन तिवारी अयोध्या धाम ने विधि विधान पूर्वक यजमान के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञ का कार्यक्रम कराया। मंच का संचालन स्वामी महंत भयंकराचार्य ने किया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन ममता शुक्ला, ऋषि शुक्ला ने किया। जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस पावन अवसर पर ओम प्रकाश शुक्ला ग्राम प्रधान राही, राज किशोर त्रिवेदी, मनोज कुमार त्रिवेदी, किशन शुक्ला, लक्ष्मीकांत वाजपेई आदि उपस्थित रहे।

### संत गाडगे महाराज की 148वीं जयंती मनाई



संत गाडगे के चित्र पर माल्यार्पण करते गाडगे यूथ ब्रिगेड के पदाधिकारी।

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** संत गाडगे महाराज की 148वीं जयंती बरगदिया गांव स्थित अंबेडकर पार्क में शुक्रवार को मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक रामनरेश रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गाडगे यूथ ब्रिगेड शाखा सीतापुर के उपाध्यक्ष एवं कुंसड़ा गांव के प्रधान प्रतिनिधि शिवदत्त प्रसाद ने की। सभी ने बुद्ध, अम्बेडकर, गाडगे के प्रतिमा पर पुष्पार्चन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस मौके पर भंडारे के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राम नरेश ने कहा कि समाज के लोगों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना हमारा कर्तव्य है। संत गाडगे को याद करना हमारी औपचारिकता मात्र नहीं है। इस अवसर पर राष्ट्रीय संरक्षक अमरदीप माथुर, प्रदेश अध्यक्ष गुड्डू भर्ती, जिलाध्यक्ष पंकज भर्ती, जिला प्रभारी प्रेम कनौजिया, सोनेलाल, जिला सलाहकार रामेशवर प्रसाद कनौजिया, डोरी लाल निर्मल जिला कोषाध्यक्ष, राजाराम, अरविंद कुमार, जय प्रकाश कनौजिया, बिपिन कुमार राष्ट्रीय मानवाधिकार, राम नरेश कनौजिया खेंदौरा, डॉ शिव बालक, ईश्वरदीन, बनवारी लाल, गोलू कनौजिया, सुजीत, डॉ. गोरखनाथ, पंकज भारती सहित तमाम लोग मौजूद रहे। बाबूपुर के गाडगे नगर में भी भंडरा व सांस्कृतिक कार्यक्रम करके गाडगे की 148वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजक राम मिलन कनौजिया व समस्त ग्राम वासी, क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# मनरेगा योजना नहीं दे पा रही रोजगार

सांडा, सीतापुर

**अमृत विचार :** 100 दिन के रोजगार की गारंटी देने वाली मनरेगा अपनी डेढ़ दशक की यात्रा के दौरान आज पहली बार इतनी दयनीय हालत में पहुंच गई है कि अब यह मजदूर को न तो समय पर मजदूरी दे पा रही है और न ही योजना से जुड़े अल्प पारिश्रमिक पर काम करने वाले कर्मियों को उनको मिलने वाला मानदेय।

मनरेगा से गांव में ही रोजगार पाकर अपने परिवार की आजीविका चलाने वाले तमाम गरीब परिवारों के लोगों को मनरेगा में काम किए हुए महीनों बीत चुके हैं, लेकिन उनके खाते में किए गए काम की मजदूरी का पैसा नहीं आ रहा है। भारत सरकार की सबसे बड़ी रोजगार की गारंटी देने वाली इस योजना में अल्प पारिश्रमिक पर काम करने वाले संविदा कर्मियों को भी लंबे समय से मानदेय नहीं दिया गया है। मनरेगा से जुड़े तमाम श्रमिकों के साथ मनरेगा संविदाकर्मियों ने बताया कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि इतने लंबे समय से उन्हें पारिश्रमिक नहीं मिला है। ऐसी स्थिति में अब उन्हें घर परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मनरेगा कर्मियों का कहना है कि योजना में सब कुछ ऑनलाइन होने के बावजूद शासन प्रशासन को उनकी परेशानी नहीं दिख रही है। इस प्रकरण पर डीसी मनरेगा सीतापुर ने बताया बजट होने पर भुगतान कराया जाएगा।



मनरेगाकर्मियों की फाइल फोटो। अमृत विचार

## पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा दो दिन से लापता छात्र सुधाकर की तलाश में जुटी है। हिरासत में लिए गए आरोपी शशांक से पुलिस की पूछताछ में कोतवाली क्षेत्र के ही सादीपुर निवासी स्मैक तस्कर रंजीत का पुत्र आकाश का नाम भी इस घटना में सामने निकल कर आया है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया की हिरासत में लिए गए दोनों हत्यारोपियों को जेल भेज दिया गया है। छात्र के शव की तलाश नहर में गोताखोरों की मदद से की जा रही है। मालूम हो कि बीते मंगलवार को 9वीं का छात्र सुधाकर यादव जो कस्बे के यूनाइटेड अवध इंटर कॉलेज में पढ़ता था, वह लापता हो जाता है। पिता ने बुधवार को कोतवाली महमूदाबाद में नामजद तहरीर दी। पुलिस ने नामजद आरोपी शशांक को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। पिता के मुताबिक आरोपी ने पुलिस से बताया कि उसने ही सुधाकर को सीतापुर और बाराबंकी के सीमा क्षेत्र के पास निकली शारदा नहर में मारकर फेंक दिया है।

# शिक्षकों का प्यार व स्नेह कभी भी भुला न पाऊंगी: आराधना

**खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार:** शिक्षा के क्षेत्र में खैराबाद ब्लॉक इस समय पूरे प्रदेश में बहुत अच्छी पोजीशन पर पहुंच चुका है और आप सब में जो टीम भावना से कार्य करने की आदत है, उसकी वजह से मेरा भी नाम रोशन हुआ और आपके विभाग का भी नाम पूरे प्रदेश में जाना जा रहा है आप सभी का जो स्नेह और प्रेम मुझे मिला वो कभी भी भुलाया न जा सकेगा।

उक्त उदगार बीआरसी खैराबाद पर आयोजित विदाई समारोह में आराधना अवस्थी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस ब्लॉक के सभी शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक एवं कर्मचारी आपसी सामंजस्य और टीम भावना से कार्य करते हैं। इस दो साल के समय में हर मौके पर मेरा साथ दिया जिस समय जैसी आवश्यकता पड़ी, उस समय हमने जिस शिक्षक को जिम्मेदारी सौंपी उसने उस कार्य को इतने अच्छे ढंग से कर दिया कि मुझे पता ही नहीं चला।



बीईओ को स्मृति चिन्ह देते अध्यापक।

अनदेखी

हर महीने हो रहा केयरटेकर का भुगतान, फिर भी चारों तरफ गंदगी का अंबार, बीमारी के डर से शौचालय का प्रयोग नहीं कर रहे ग्रामीण

# दुर्दशा का शिकार ग्राम पंचायत बसेती में बना सामुदायिक शौचालय

इमलिया, सुल्तानपुर, सीतापुर

**अमृत विचार :** सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक व स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय बनाए गए थे। सामुदायिक शौचालय बनाने का सरकार का मुख्य उद्देश्य यह था कि ग्रामीण शौचालयों का प्रयोग करें जिससे किसी भी ग्रामीण को खुले में शौच न जाना पड़े। ग्राम पंचायतों में बने इन सामुदायिक शौचालयों की देखरेख व साफ-सफाई के लिए केयर टेकर भी रखे गए थे। जिनको हर महीने इसका भुगतान भी दिया जाता है, लेकिन विकास खंड ऐलिया की ग्राम पंचायत बसेती में बने सामुदायिक शौचालय की दशा बेहद खराब है।

शौचालय के अंदर से लगाकर बाहर तक चारों तरफ घास-फूस व गंदगी का अंबार फैला है। शौचालय की बाउंड्री के अंदर पानी के लिए लगे हैंडपंप की चौकी व पानी सप्लाई के लिए पाइप लाइन टूटी हुई पड़ी है जिसके चलते पानी टंकी में न जाकर बाउंड्री वाल के किनारे भर जाता है। बाउंड्री के किनारे घास-फूस व कई दिन के भरे पानी की गंदगी से उसमे मच्छर तो पनपते ही हैं, साथ ही उनसे बीमारियां फैलने का डर अलग बना रहता है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत बसेती में सामुदायिक शौचालय बनाकर खड़ा तो कर दिया गया लेकिन न तो इसकी कोई देखरेख करने आता है और न ही इसकी साफ- सफाई होती है। जिससे ग्रामीण इसके प्रयोग से वंचित रहते हैं। वहीं देखरेख व साफ- सफाई के अभाव में शौचालय बदहाल स्थिति में पड़ा है। जबकि इसकी देखरेख व साफ- सफाई के लिए केयरटेकर की तैनाती भी की गई है और उसको इस काम के लिए प्रत्येक माह भुगतान भी किया जाता है। फिर ऐसे में सवाल यह उठता है कि अगर शौचालय की देखरेख व उसकी साफ- सफाई के लिए केयरटेकर को रखा गया है और उसको इसका भुगतान भी किया जाता है तो फिर शौचालय की इतनी दुर्दशा कैसे और यदि इसके लिए केयरटेकर नहीं रखा गया है तो फिर इसका भुगतान कहां किया जा रहा है। सचिव ने नहीं उठाया फोन मामले की जानकारी जब सहायक विकास अधिकारी (एडीओ पंचायत) रमेश मिश्रा से ली गई तो उन्होंने संबंधित सचिव से इस बारे में बात करने को कहा। वहीं ग्राम पंचायत बसेती में तैनात सचिव श्रवण कुमार से जब इसकी जानकारी लेने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन तक उठाना उचित नहीं समझा।





शौचालय परिसर व उसके अंदर लगे हैंडपंप की टूटी चौकी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ



**प्रतापगढ़। अमृत विचार** : सदर तहसील में शुक्रवार को बार एसोसिएशन पुरातन का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की। एडवोकेट विवेकदत्त मिश्र अध्यक्ष, अजय को महामंत्री सहित सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव समिति के राजेश मिश्र ने शपथ ग्रहण कराया। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य देवेंद्र कुमार मिश्र ने पुस्तकालय के लिए 50 हजार की पुस्तक प्रदान की। मुख्य अतिथि सांसद संगमलाल गुप्ता, सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल सहित, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व विधायक धीरज ओझा, जूबाए पुरातन के अध्यक्ष रोहित शुक्ल, महामंत्री संतोष सिंह, पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र समेत अधिवक्ता मौजूद रहे।

### मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे बड़ौदा यूपी बैंक के कर्मचारी



**प्रतापगढ़। अमृत विचार** : राष्ट्रीय संगठन अरेबिया के आह्वान पर शुक्रवार को जिले के सभी ग्रामीण बैंकों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मांगों को लेकर हड़ताल की। मीरा भवन स्थित बड़ौदा यूपी बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय पर कार्मिकों ने हड़ताल पर रहते हुए धरना प्रदर्शन किया। इनकी प्रमुख मांगों में राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना, समुचित मानव शक्ति नियोजन, प्रोन्नति नीति में संशोधन एवं 30 हजार रिक्तियों की तत्काल नई भर्ती आदि शामिल रहीं। धरना के बाद सचिव वित्तीय सेवा, भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन मुख्य प्रबंधक को सौंपा गया। इस दौरान बिट्टू कुमार, मुकुंद पाठक, शैलेंद्र, एमके सिंह, अभिषेक कुमार, अशोक आदि मौजूद रहे।

### 175 प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया नियुक्ति पत्र



**कुंडा प्रतापगढ़। अमृत विचार** : प्रशिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए शुक्रवार को कुंडा ब्लाक के महावीर निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और एमएमपीजी कालेज कालाकांकर में रोजगार मेला लगा। जिसमें 175 प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। कुण्डा में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष पति शिव कुमार त्रिपाठी ने फीता काटकर, दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया गया। उन्होंने चयनित प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार प्रदेश के विकास व गरीबों के उत्थान और युवाओं को रोजगार देने के लिए संकल्पित है। इस योजना के माध्यम से समाज के अल्प शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को मुख्य धारा से जोड़ने तथा अपनी आजीविका अर्जन हेतु सक्षम बनाये जाने की दृष्टि से विभिन्न ट्रेडों में तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करते हुए रोजगार उपलब्ध करा रही है। आयोजन में बी.बी. सिंह नोडल प्रधानाचार्य, प्रो. शिवम श्रीवास्तव प्राचार्य एमएमपीजी कालेज कालाकांकर, मृत्युंजय पाण्डेय, रवीन्द्र पाण्डेय, आलोक पाण्डेय व प्रशिक्षण प्रदाता, नियोक्ता कम्पनियों के प्रतिनिधि उपथित रहे।

### उमेशपाल हत्याकांड: श्रद्धांजलि से पहले पोस्टर से पटा शहर

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार** : समय बीतने में ज्यादा वक्त नहीं लगता है। अधिवक्ता उमेश पाल की हत्या को एक वर्ष बीत गये। 24 फ़रवरी यानी शनिवार को स्वर्गीय उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम आयोजित किया है। जिसके पहले पूरे शहर को होर्डिंग्स भर दिया गया है। शहर की जनता से पहुंचने की अपील की गयी है। एक साल पहले समूचे प्रदेश ही नहीं बल्कि देश को हिला देने वाली अधिवक्ता उमेश पाल और उनके दो सुरक्षांकर्मियों की हत्या को एक वर्ष बीत गया। यह घटना 24 फ़रवरी को हुयी थी। शनिवार को उमेशपाल पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सुलेमसराय में किया गया है। इसको लेकर शहर में हर तरफ पोस्टर लगाए गए हैं। इस पोस्टर में निवेदक में उमेश की पत्नी जया पाल है। शहर में लगाए गए पोस्टर में दोनों शहीद सिपाहियों संदीप निषाद और राघवेंद्र सिंह की फोटो लगी है। जिन्होंने उमेश पाल को बचाने के लिए अपनी जान गंवा दी।

# अभ्यर्थियों से पेपर लीक का साक्ष्य मांगना आयोग की तानाशाही

**हज़ारों अभ्यर्थियों ने यूपी लोक सेवा आयोग के गेट पर प्रदर्शन कर रखी अपनी मांग**

**आयोग पर लगाया लीपापोती का आरोप, न्याय पाने को कुछ भी करने को दिखे तैयार**

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की प्रारंभिक परीक्षा-2023 पेपर लीक मामले को लेकर अभ्यर्थियों का चल रहा विरोध-प्रदर्शन लगातार जारी है। शुक्रवार को हजारों की संख्या में पहुंचे अभ्यर्थी लोक सेवा आयोग गेट के बाहर धरने पर बैठ गए और जमकर हंगामा करने लगे। आयोग की सूचना पर पहुंचे एसीपी सत्येन्द्र तिवारी फोर्स के साथ पहुंचे और आयोग गेट के साथ रास्ते को अवरुद्ध कर दिया। एसीपी अभ्यर्थियों को समझाते रहे, लेकिन प्रदर्शनकारी दोबारा परीक्षा कराये जाने की मांग पर अड़े रहे, हंगामा करते रहे।



लोक सेवा आयोग गेट के बाहर धरने पर बैठ अभ्यर्थी। अमृत विचार

अभ्यर्थियों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। 11 फरवरी को आरओ/एआरओ का पेपर लीक हुआ था। जिसको लेकर अभ्यर्थी लोक सेवा आयोग के गेट पर पहुंचकर पेपर को रद्द करने की मांग कर रहे थे। इसके बाद आयोग के द्वारा नोटिस जारी कर साक्ष्य मांगा गया था। साक्ष्य प्राप्ति के बाद भी आयोग की तरफ से कोई निर्णय नहीं लिया गया। ऐसे में अभ्यर्थी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार को करीब 5 हजार से अधिक अभ्यर्थी आयोग गेट पर पहुंचकर हंगामा करने लगे। भीड़ व बवाल देख आयोग ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे एसीपी सत्येंद्र तिवारी ने फोर्स के साथ पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। अभ्यर्थियों का कहना कि पहले पेपर को रद्द किया जाए और फिर से पेपर कराया जाए। साक्ष्य देने की जरूरत क्या है, जब पेपर पहले से ही व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर टहल रहा है। हमेशा पेपर होने से पहले ही पेपर लीक हो जाता है। जिससे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। बीते दिन कांग्रेस के नेता राहुल गांधी प्रयागराज आए थे। उन्होंने भी आरओ/ एआरओ पेपर के लीक होने का मुद्दा उठाया था। जिसके बाद एनएसयूआई के द्वारा यहां पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया था। बावजूद अभी तक न तो पेपर रद्द हुआ न ही हम लोगो की कोई मांग आयोग ने पूरी की है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि अभी चुनाव होने वाला है। हम दिखा देंगे कि युवाओं में कितना जोश है। जैसे हम लोग घर बैठे हैं और भविष्य को लेकर चिंतित हैं, वैसे उन लोगो को भी घर बैठा देंगे, दिन में तारे दिखा देंगे।

## डीसीएम की टक्कर से स्कूटी सवार अधेड़ की हुई मौत

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** डीसीएम की टक्कर से स्कूटी सवार अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चालक डीसीएम ले कर भाग निकला। नगर कोतवाली के चिलबिला चौकी अंतर्गत महुली माधोगंज निवासी अयोध्या यादव (55)पुत्र राम किशोर शुक्रवार की देर शाम स्कूटी से बाजार जा रहे थे। महुली नहर पर चिलबिला की तरफ से पट्टी की ओर जा रही तेज रफ्तार डीसीएम की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस को लोगों ने बताया कि टक्कर मारकर चालक डीसीएम लेकर फरार हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस डीसीएम की तलाश कर रही है। जानकारी होने पर मृतक के परिजन बिलखते हुए पहुंचे। चिलबिला चौकी इंचार्ज सुमित सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**लालगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार :** सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे सुबेदार कटरा बूबूपुर गांव निवासी राजकुमार वर्मा (28) पुत्र शंभूनलाल वर्मा गुरुवार रात लगभग नौ बजे बाइक से भुडहा गांव की तरफ से अपने घर आ रहा था। वह नहर मोड़ पर पंहुचा तो सड़क के बगल ट्रैक्टर ट्रॉली थी, जिसमें युवक की आमने - सामने से जोरदार टक्कर हो गई। वह बाइक समेत गिरकर खून से लथपथ घायल हो गया। चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पहुंचे परिजन इलाज के लिए सीएचसी सांगीपुर ले गए, वहां से रायबरेली, उसके के बाद लखनऊ ले जाते समय देर रात रास्ते में मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजन बिलखने लगे। सूचना पर पुलिस भी पहुंची। दोनों पक्षों में सुलह समझौता की बात चल रही है।

## सांसद महिला खेल स्पर्धा का आगाज, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद महिला खेल स्पर्धा का शुक्रवार को आगाज हुआ। पहले दिन कबड्डी, कुश्ती, लंबी कूद व दौड़ प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। आठ सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सदर ब्लाक का दबदबा रहा।

मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर स्पर्धा का उद्घाटन किया। कहा कि भाजपा की सरकार में बेटियों की खेल प्रतिभा को मुकाम मिल रहा है। विशिष्ट अतिथि विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल ने कहा कि सांसद महिला खेल स्पर्धा से



सांसद खेल स्पर्धा की शुरुआत करते सांसद संगम लाल गुप्ता, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

गांव की खेल प्रतिभाओं का मौका मिल रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे। प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि यह स्पर्धा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आयोजित किया गया है। सांसद महिला खेल स्पर्धा की शुरूआत कुश्ती प्रतियोगिता से हुई। इसमें कशिश सिंह विजेता, अंजली सरोज उप विजेता, स्वाति पांडेय विजेता, आचल सरोज उप विजेता रही। इसी तरह आरुषि विजेता व काम्या उप विजेता, अंजली यादव विजेता और निशा विश्वकर्मा उपविजेता, सीमा पाल विजेता, अल्पना उप विजेता रही। इसी तरह गरिमा विजेता व महिमा उपविजेता, शहरीन बानो विजेता व श्रेया त्रिपाठी उप विजेता, बबिता वर्मा विजेता व रिया गुप्ता उप विजेता रही। 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की संख्या अधिक होने पर 11 समूह में आयोजित किया गया। इसमें सदर ब्लाक का दबदबा रहा। कबड्डी में कालिका प्रसाद इंटर कालेज मोहनगंज, साकेत गर्ल्स पीजी कालेज, एमडीपीजी कालेज, कुंती देवी पीजी कालेज रानीगंज, जनता टेक्निकल इंटर कालेज बिहार की टीम विजेता रही। वहीं लंबी कूद में संड़वा चंद्रिका की विभा पटेल प्रथम स्थान पर रही। पट्टी की वंदना सरोज दूसरे व रानीगंज की आयुषी तीसरे स्थान पर रही। संचालन विवेक उपाध्याय व डा.धीरेंद्र प्रताप ने किया। बीएसए भूपेंद्र सिंह, जिला क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज, रोशन लाल, उमर, राघवेंद्र, दिनेश, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

### निर्णायक मंडल की टीम

सांसद खेल स्पर्धा में निर्णायक मंडल की टीम डटी रही। कुश्ती में जय बहादुर सिंह अपनी टीम के साथ, कबड्डी में कुंवर वीरेंद्र सिंह, त्रिलोचन सिंह, मो.आसिफ, दिलीप सिंह, पुष्पा सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कौशलेंद्र सिंह आदि एथलेटिक्स में जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, मो. खुर्शीद, सुशील कुमार सिंह, मंजू सिंह, सुदीप पाण्डेय, पवन सिंह आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नैनी जेल पहुंचे डीजी जेल, परखीं व्यवस्थाएं

**संवाददाता, प्रयागराज, नैनी।** जिले के यमुनानगर में बनी नवनिर्मित जिला कारागार में अब शिफ्ट वाले विचाराधीन (अंडरट्रायल) बंदियों किसी प्रकार की कोई परेशानी नही होगी। बंदियों के रहने से लेकर खाने और उनकी कार्य प्रणाली पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी। शुक्रवार को नैनी जिला कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे जेल महानिदेशक एस. एन. साबत पहुंचे। उनके पहुंचने के पहले जिला जेल में सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी थी। जिला जेल पहुंचने पर गेट पर उन्होंने सलामी ली। उसके बाद जेल का निरीक्षण करने के लिए चले गये। शुक्रवार की शाम करीब 4:00 बजे जेल महानिदेशक एस. एन. साबत नैनी जिला जेल पहुंचे। उन्होंने जेल गेट के बाहर सलामी ली और निरीक्षण के लिए जेल के अंदर चले गये। निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि प्रयागराज में पहले से एक केंद्रीय कारागार बना हुआ था। जो सैकड़ो वर्ष पुराना होने के साथ बंदियों की बढ़ती संख्या के आधार पर छोटी थी। जिसके बाद शासन के आदेश पर एक जिला जेल का निर्माण कराया गया है। यह जिला जेल अब बनकर तैयार होने के साथ शुरु होने की कगार पर है। जिला जेल में सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। अब बंदियों को परेशानियां नही झेलनी पड़ेगी। इसके लिए जिला जेल में बंदियों को बैरकों में बेहतर सुविधा के साथ बेहतर भोजन भी दिया जाएगा। डी.जी. जेल एस. एन. साबत ने बताया कि पहले भी एक बार जेल का निरीक्षण किया जा चुका है। उस वक्त जेल का निर्माण कार्य चल रहा था। फिलहाल अब जेल बनकर तैयार हो चुकी है। बंदियों के लिए बैरक से लेकर बाकी मैनुअल के हिसाब से मिलने वाली सुविधाओ का निरीक्षण किया गया है। जेल को क्रियाशील करने के लिए अब अंडरट्रायल बंदियों को शिफ्ट किया जायेगा। जिससे केंद्रीय कारागार में रहने वाले सजायाफ्ता बंदियों को दिक्क़तें नही होंगी। जिला जेल में विचाराधीन बंदियों को शिफ्ट करने के बाद यहां सेन्ट्रल जेल में पर्याप्त जगह हो जाएगी। जिसके बाद अन्य जिलों या राज्यों से आने वाले कैदियों को रखने में परेशानी नही होगी। इससे सेन्ट्रल जेल में भी सजायाफ्ता बंदियों के लिए जगह रहेगी।

**▸▸ जेल महानिदेशक एस. एन. साबत ने जिला जेल में शिफ्ट होने वाले बंदियों की बैरकों को देखा**

# यूपी बोर्ड : कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में केंद्रों पर हो रही परीक्षा

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल, इंटर की परीक्षा में शुक्रवार को दूसरे दिन पहली पाली में 190 व दूसरी पाली में 56 केंद्रों पर परीक्षा हुई। पहली पाली में हाईस्कूल पालि, अरबी की परीक्षा में 31 व इंटर नागरिक शास्त्र में 719 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं दूसरी पाली में हाईस्कूल संगीत गायन में 250 तथा इंटर कृषि भाग एक एवं दो में 688 ने परीक्षा दी। डीआईओएस समेत अन्य सचल दल ने केंद्रों का



साधुरी शिरोमणि इंटर कालेज के बाहर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे एसओ जेठवारा।

निरीक्षण किया।

दूसरे दिन शुक्रवार को पहली पाली में पालि की परीक्षा में 214 परीक्षार्थियों में से 183 ने परीक्षा दी जबकि 31 अनुपस्थित रहे। जीआईसी चंदी गोविंदपुर में सिर्फ एक छात्रा ने अरबी की परीक्षा दी। पहली पाली में ही इंटर नागरिक शास्त्र की परीक्षा में 7065 परीक्षार्थियों में से 6346 ने परीक्षा दी, 719 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली की परीक्षा में हाईस्कूल संगीत में 267 में से 250 ने परीक्षा दी तथा 17 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में ही इंटरमीडिएट कृषि भाग एक एवं दो तथा सामान्य आधारित परीक्षा में 717 परीक्षार्थियों में से 688 में परीक्षा भी व 29 अनुपस्थित रहे। कंट्रोलरूम प्रभारी डा. राजेंद्र कुमार ने बताया कि यहां से सभी केंद्रों पर नजर रखी जा रही है। डीआईओएस सरदार सिंह ने शीतला प्रसाद इंटर कालेज गड़वारा, मां चंडिका इंटर कालेज संडवा चंद्रिका, कैलाश सुभाष इंटर कालेज, पीबी इंटर कालेज, तिलक इंटर कालेज अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज, जीजीआईसी सहित केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों, वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों व स्टैटिक मजिस्ट्रेटों ने जानकारी ली। वहीं लेखाधिकारी के नेतृत्व वाले दल में डा. विंध्याचल सिंह, डा. मो. अनीस आदि ने रानीगंज क्षेत्र में परीक्षा का जायजा लिया।

**▸▸ हाईस्कूल में 31, इंटर नागरिक शास्त्र में 719 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित**


## वर्ग पहेली-352

**बाएं से दाएं**

4. अधीन, वशीभूत, वश में आया हुआ।, नीचे।
5. डरावना, भयानक।
6. 1. आडंबर, तड़क-भड़क 2. सौंदर्य 3. विस्तार 4. बहुत बड़ा समूह या झुंड 5. एक तरह का चंदवा 6. सादृश्य 7. गर्व 8. चहल-पहल।
7. 1. जिसके मन में मैल या द्वेष हो, ईर्ष्यालु 2. कपटी, धूर्त, दुष्ट।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नीरस होने का भाव, रस का अभाव, फीकापन 2. रोचक अथवा दिलचस्प न होना।
2. 1. सादा आहार 2. रूखा-सूखा भोजन।
3. फाटक या द्वार के ऊपर का वह स्थान जहां बैठकर नौबत नामक वाद्य बजाया जाता है, नक़्क़ारख़ाना।
5. 1. भ्रम, धोखा 2. संदेह, वहम 3. धाक, साख।



### वर्ग पहेली - 351 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अं | त | र | 2 अ | य | 3 न |
| शु | | | म | | वी |
| मा | | 4 वि | ल | स | न |
| ला | | | ता | | ता |
| | 5 सु | खा | स | न | |
| | दि | | | | 6 ख़ा |
| 7 ति | न | क | ना | | लू |

## सुडोकू -69

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 6 | | | 7 | | |
| | | 2 | | 1 | 5 | 8 | | |
| | | 6 | | 9 | | | | |
| | | | 1 | | | 9 | | |
| 6 | | 1 | | | | 3 | | 2 |
| | | 7 | | 4 | 8 | | | |
| | | 4 | | 6 | | 1 | | |
| | | | 8 | | | 2 | 3 | |
| | | 8 | | | 2 | | 5 | |

### सुडोकू - 68 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 7 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 17.59 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- गुरु रविदास जयंती। दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मघा 22.20 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** — आज ऑफिस में अधिकारियों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। अपनी प्रतिभा का सही उपयोग करने का प्रयास करें। आत्मविश्वास में कमी आएगी। आपको किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है।

**वृष** — आज मन में असमंजस जैसी स्थिति बन सकती है। स्वास्थ्य संबंधी लापरवाही बिल्कुल न करें। बाहर का भोजन करने से आपको बचना चाहिए। कुछ लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं। बच्चों के साथ आनंद का समय व्यतीत करेंगे।

**मिथुन** — आज धार्मिक और अध्यात्मिक चर्चाओं में रुचि ले सकते हैं। माता-पिता आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। सेहत की दृष्टि से दिन बहुत अच्छा है। इंटरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा।

**कर्क** — आज परिजनों के साथ मतभेद सामने आ सकते हैं। छोटी-मोटी दुर्घटना होने की आशंका है। नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत न करें। किसी बात को लेकर मन में तनाव रहेगा। क्रोध में आकर कुछ भी बोलने से बचें।

**सिंह** — आज फिर भी विवादित मुद्दों पर चर्चा से दूरी बनाकर रखना चाहिए। धार्मिक स्थल पर जाने का विचार बना सकते हैं। संतान के लिए समय अच्छा रहेगा। घर में कोई शुभ कार्य संपन्न हो सकता है। लोग आपकी कार्यक्षमता से प्रभावित होंगे।

**कन्या** — आज यात्रा के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। दिनचर्या बहुत अच्छी नहीं रहेगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी में जल्दबाजी न करें। कारोबार में कुछ व्यवहारिक चूक कर सकते हैं। जीवनसाथी से बहस हो सकती है।

**तुला** — आज व्यापार में सहयोगियों से परामर्श लेना हितकर होगा। मानसिक तनाव में कमी आएगी। अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी। कुछ महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा।

**वृश्चिक** — आज धैर्यपूर्वक विचार करना बेहतर होगा। काम की अधिकता के कारण थकान हो सकती है। कुछ नजदीकी सहकर्मियों की कार्यशैली से आप नाखुश हो सकते हैं। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाएंगे।

**धनु** — आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी सहभागिता बढ़ने वाली है। यात्रा का आनंद उठाएंगे। घर में बड़ों की सलाह से काम करना बेहतर होगा। स्वास्थ्य से जुड़े कष्टों का निवारण होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — आज आर्थिक पक्ष कमजोर होगा। किसी से भी धन उधार लेन-देन न करें। विद्यार्थी अपने लक्ष्य से भटक सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आपको भागदौड़ का सामना करना पड़ेगा। अवमानना झेलनी पड़ सकती है।

**कुंभ** — आज अपने निजी मामलों में दूसरों का हस्तक्षेप न करने दें। किसी उलझन से बाहर निकल सकते हैं। अपने दायित्वों को निर्वहन करना चाहिये। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। दांपत्य जीवन में प्रेम भावना और सामंजस्य भाव बढ़ेगा।

**मीन** — आज आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। विरोधियों को अच्छी तरह से परास्त कर पाएंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। अपनी भावनाओं पर नियन्त्रण रखें। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- खेल — सुबह : 10.00
- शान — रात : 07.00

SONY MAX
- परिनीता — सुबह : 09.21
- हुड़दंग — शाम : 05.24

SONY PIX
- एनाकोंड्रास — सुबह : 10.13
- जर्नी 2 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- गंगाजल — सुबह : 10.30
- कहो ना...प्यार है — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- गब्बर इज बैक — सुबह : 09.36
- देवदास — रात : 09.24

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू से उसकी पत्नी बोलीं, सुनो! तुम्हारा जिगरी दोस्त चंपू शादी करने जा रहा है और जिस लड़की से उसकी शादी होने वाली है, वह बिल्कुल घटिया है। तुम्हारे दोस्त का जीवन बरबाद हो जाएगा। चलो, चलकर उसे समझाएं। मैं नहीं जाऊंगा। मुझे कौन समझाने आया था? सोनू ने गुस्से से कहा।

प्लंबर- सर, नल ठीक हो गया लेबर चार्ज एक हजार रुपये
घर का मालिक इंजीनियर- अरे, दो घंटे की इतनी फीस तो मेरी भी नहीं है।
प्लम्बर-सर, जब मैं इंजीनियर था तो मेरी भी नहीं थी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज प्रति कुन्तल** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मंसूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देसी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| **किराना** | |
| हल्दी | 135-175 |
| लाल मिर्च | 270-325 |
| काली मिर्च | 660-880 |
| धनिया | 90-125 |
| जीरा | 650-660 |
| सौफ | 180-300 |
| सोंठ | 140-160। |

# मोदी पर गूगल एआई टूल की प्रतिक्रिया आईटी नियमों का उल्लंघन: केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने लगाए आरोप



इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में एक सवाल पर गूगल के एआई टूल जैमिनी की प्रतिक्रिया अपराध संहिता के कई प्रावधानों के साथ ही आईटी नियमों का सीधा उल्लंघन है।

मंत्री ने इस संबंध में एक पत्रकार के विशिष्ट एकाउंट द्वारा उठाए गए मुद्दे का संज्ञान लिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि गूगल जैमिनी की, मोदी संबंधी एक सवाल पर प्रतिक्रिया पूर्वाग्रह से ग्रस्त थी, जबकि यही सवाल जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बारे में किया गया तो उसने स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा, 'ये आईटी अधिनियम के मध्यस्थ नियमों (आईटी नियमों) के नियम 3(1) (बी) का प्रत्यक्ष उल्लंघन और आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का उल्लंघन हैं।' मंत्री ने आगे की कार्रवाई के संकेत के साथ पोस्ट को गूगल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय को प्रेषित किया है।

पत्रकार ने एक स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें गूगल जैमिनी से मोदी के बारे में एक सवाल किया गया था। जवाब में, जैमिनी ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में अशोभनीय टिप्पणियां कीं, लेकिन जब ट्रम्प और जेलेंस्की के बारे में वही प्रश्न पूछा गया तो उसने सीधा जवाब नहीं दिया।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल एक यूजर ने गूगल के एआई चैटटूल जेमिनी से पूछा था कि क्या नरेंद्र मोदी फासीवादी हैं? इस सवाल के जवाब में जेमिनी ने कहा, 'नरेंद्र मोदी भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री हैं और भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। उन पर ऐसी नीतियां लागू करने का आरोप लगाया गया है। कुछ विशेषज्ञों ने इसे फासीवादी बताया है। ये आरोप कई पहलुओं पर आधारित हैं। इसमें भाजपा की हिंदू राष्ट्रवादी विचारधारा भी शामिल है।'

## अब तीन दिन में मिलेगा बिजली का नया कनेक्शन

**नई दिल्ली।** सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए नए कनेक्शन लेने और छतों पर लगने वाली सौर इकाइयों के लिए नियम सरल बनाए हैं। इसके तहत नए बिजली कनेक्शन अब महानगरीय क्षेत्रों में तीन दिन, नगरपालिका क्षेत्रों में सात दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिन में मिलेंगे। बिजली मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने इससे संबंधित बिजली (उपभोक्ता अधिकार) नियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

मंत्रालय ने कहा कि संशोधनों के बाद छत पर सौर बिजली इकाई लगाने की प्रक्रिया भी सरल हो गई है। साथ ही इसमें बहुमंजिला फ्लैटों में रहने वाले लोगों को भी कनेक्शन का प्रकार चुनने का अधिकार दिया गया है। आवासीय सोसाइटी में सामान्य क्षेत्रों और बैक-अप जनरेटर के लिए अलग-अलग बिलिंग सुनिश्चित की गई है।

# रवींद्रन को बायजू के निदेशक मंडल से हटाने का प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली, एजेंसी



शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू के बहुलांश शेयरधारकों ने शुक्रवार को लोकप्रिय तकनीकी स्टार्टअप में कथित 'कुप्रबंधन और विफलताओं' को लेकर संस्थापक एवं सीईओ बायजू रवींद्रन और उनके परिजनों को निदेशक मंडल से हटाने के लिए मतदान किया, लेकिन बायजू मंच का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न ने इस मतदान को 'अमान्य' बताते हुए इसे नकार दिया। कंपनी के निदेशक मंडल में फिलहाल रवींद्रन, उनकी पत्नी एवं सह-संस्थापक दिव्या गोकुलनाथ और उनके भाई रिजु रवींद्रन शामिल हैं।

कंपनी के छह निवेशकों ने रवींद्रन एवं उनके परिजनों के खिलाफ प्रस्ताव लाने के लिए असाधारण आम बैठक बुलाई थी, लेकिन अंत में 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रखने वाले शेयरधारकों ने बैठक में लाए गए प्रस्तावों के पक्ष में मत दिए। लेकिन कंपनी ने इस बैठक में सिर्फ 20 प्रतिशत शेयरधारकों के ही शामिल होने और उनके पास सामूहिक रूप से 47 प्रतिशत हिस्सेदारी होने का दावा किया। रवींद्रन और उनका परिवार ईजीएम को 'प्रक्रियात्मक रूप से अमान्य' बताते हुए इससे दूर रहा। भले ही ईजीएम में रवींद्रन और उनके परिजनों को निदेशक मंडल से हटाने के पक्ष में मतदान हुआ है, लेकिन इस बैठक का नतीजा 13 मार्च तक लागू नहीं होगा।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,400-47,600 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,000 |
| चांदी तैयार | 72,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 712 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 71,900। |

# रिजर्व बैंक ने पेटीएम हैंडल पर यूपीआई करने वालों को दी राहत

मुंबई, एजेंसी

- बैंक ने एनपीसीआई को भुगतान के मामले में कदम उठाने का कहा

रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के जरिये बैंक और वॉलेट सेवाओं का लाभ उठाने वाले ग्राहकों और व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को कुछ अतिरिक्त कदम उठाए। केंद्रीय बैंक ने यूपीआई भुगतान के लिए पेटीएम हैंडल (@पेटीएम) का उपयोग कर रहे पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों के चार-पांच अन्य बैंकों से जुड़ने की संभावना पर भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से गौर करने के लिए कहा है। इस पहल का मकसद भुगतान व्यवस्था में किसी भी तरह की बाधा को रोकना है।

आरबीआई ने पेटीएम की सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 15 मार्च, 2024 के बाद अपने ग्राहक खातों और वॉलेट में धन लेने से रोक दिया है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) की वेबसाइट के अनुसार उसके 30 करोड़ वॉलेट और तीन करोड़ बैंक ग्राहक हैं। एनपीसीआई भारत में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणालियों के संचालन के लिए एक केंद्रीय संगठन है।

## ट्राई ने फोन पर कॉलर का नाम दिखाने वाली सेवा की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने दूरसंचार नेटवर्क में कॉल करने वाले शख्स का नाम फोन स्क्रीन पर दर्शाने वाली सेवा शुरू करने की सिफारिश की है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने अपनी सिफारिश में कहा कि 'कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन' (सीएनएपी) अनुपूरक सेवा के तहत मोबाइल फोन की स्क्रीन पर कॉल करने वाले का नाम प्रदर्शित करने की व्यवस्था शुरू की जाए। हालांकि यह सुविधा ग्राहक के अनुरोध पर ही सभी दूरसंचार कंपनियां मुहैया कराएंगी। इस सुविधा के शुरू होने पर अक्सर आने वाली अनचाही कॉल से छुटकारा पाने में काफी मदद मिलेगी।

# मटर को टक्कर देगी सोयाबीन की खास किस्म

इंदौर, एजेंसी

- इंदौर के भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने विकसित की विशेष किस्म



भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान (आईआईएसआर) के वैज्ञानिकों ने करीब सात साल के अनुसंधान के बाद सोयाबीन की ऐसी खास किस्म विकसित की है, जिसे हरी मटर के दानों की तरह सब्जी के तौर पर खाया जा सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रोटीन से भरपूर यह किस्म देश में कुपोषण घटाने और किसानों की आमदनी बढ़ाने में मददगार साबित हो सकती है।

'एनआरसी 188' नाम की इस किस्म को विकसित करने वाले दो सदस्यीय अनुसंधान दल में शामिल प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विनीत कुमार ने बताया, 'सोयाबीन की इस किस्म की हरी फली के दानों में सुक्रोज (शक्कर का एक स्वरूप) होने से इसमें थोड़ी मिठास होती है। यह खूबी सोयाबीन की अन्य किस्मों में नहीं पाई जाती।' उन्होंने बताया कि 'एनआरसी 188' किस्म की हरी फली के दानों को नमक के पानी में उबालकर सब्जी की तरह इसका उपयोग किया जा सकता है।

कुमार के मुताबिक, हरी मटर की तुलना में सोयाबीन की इस किस्म के दानों में तीन से चार गुना ज्यादा प्रोटीन होता है। उन्होंने बताया कि 'एनआरसी 188' की फलियों को सब्जी की तरह बेचकर सोयाबीन उत्पादक किसान मोटी कमाई कर सकते हैं। इसके अलावा इसकी फलियों के दानों को उचित पैकेजिंग के साथ फ्रिज में जमाकर निर्यात भी किया जा सकता है। कुमार ने बताया कि मध्य भारत में खरीफ सत्र के दौरान 'एनआरसी 188' की खेती की सिफारिश की गई है।

## राष्ट्रीय

# संदेशखालि: भीड़ ने शाहजहां की संपत्तियों में लगाई आग

### पश्चिम बंगाल के इस अशांत क्षेत्र में शुक्रवार को फिर हुए प्रदर्शन, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

कोलकाता, एजेंसी



पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में अशांत संदेशखालि के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को फिर से विरोध प्रदर्शन हुए। आक्रोशित स्थानीय लोगों ने दोषियों के प्रति पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ प्रदर्शन करने के अलावा शाहजहां शेख समेत आरोपी तृणमूल नेताओं की संपत्ति में आग लगा दी।

पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय निवासियों ने संदेशखालि के झूपखाली क्षेत्र में पुलिस वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए सड़कों पर लट्ठे लगाकर उनमें आग लगा दी। तनाव का यह दूसरा दिन है और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर हमलों तथा उनके घरों में लूटपाट किए जाने की खबरें हैं। लाठी-डंडों से लैस प्रदर्शनकारियों ने संदेशखालि के बेलमाजुर इलाके में मछली पकड़ने के एक यार्ड के पास छप्पर वाले ढांचे को आग लगा दी और फरार तृणमूल नेता शाहजहां शेख एवं उसके भाई सिराज के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया।

इस संबंध में एक प्रदर्शनकारी ने कहा, 'पुलिस ने वर्षों तक कुछ नहीं किया। यही कारण है कि हम अपनी जमीन और सम्मान वापस पाने के लिए सबकुछ कर रहे हैं।' बाद में पुलिस इलाके में दाखिल हुई और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। पुलिस महानिदेशक कुमार दोपहर बाद अशांत क्षेत्र में पहुंचे और स्थानीय लोगों से बात की। पुलिस ने जब आगजनी और संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले ग्रामीणों को पकड़ने के प्रयास शुरू किए तो फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों पर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा रहीं महिलाएं सड़कों पर उतर आईं। उन्होंने प्रदर्शन किया और यहां तक कि पकड़े गए लोगों को ले जाने से पुलिस को रोकने के लिए वाहनों के सामने लेट गईं।

संदेशखालि में स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जबरन जमीन हड़पने तथा वर्षों तक उनका यौन उत्पीड़न करते रहने का आरोप लगाया है, जिसके बाद से यह जगह सुर्खियों में है।

### शाहजहां के सहयोगियों के आवासों पर ईडी के छापे

**कोलकाता।** ईडी ने धोखाधड़ी से जमीन हड़पने के एक पुराने मामले में तृणमूल कांग्रेस के फरार नेता शाहजहां शेख से जुड़े कारोबारियों के आवासों पर शुक्रवार को छापे मारे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ईडी ने हावड़ा, विजयगढ़ और बिराती सहित शहर में और उसके आसपास के पांच अलग-अलग स्थानों पर शुक्रवार को सुबह छापेमारी शुरू की। अधिकारी ने कहा, 'यह छापेमारी शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी करके जमीन हड़पने के एक पुराने मामले से संबंधित है। ये लोग शाहजहां के साथ मछली के कारोबार में शामिल थे। हम कुछ विशिष्ट दस्तावेजों की तलाश कर रहे हैं।'

### संदेशखालि पहुंची एनएचआरसी की टीम

**कोलकाता।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की एक टीम शुक्रवार को संदेशखालि पहुंची और महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों में तथ्य जुटाने के लिए ग्रामीणों से बात की। एनएचआरसी ने कहा कि उसने प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर हिंसा के संबंध में चार सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा है।

## महुआ मोइत्रा की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ एक जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से 'गोपनीय' सूचना मीडिया में कथित तौर पर लीक किए जाने के विरुद्ध उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने फैसला सुनाते हुए कहा, '(याचिका) खारिज की जाती है।'

मोइत्रा ने जारी जांच के सिलसिले में 'कोई भी गोपनीय, संवेदनशील, सूचना मीडिया को लीक करने से' ईडी को रोकने के लिए एक निर्देश जारी करने का अदालत से अनुरोध किया था। उन्होंने कई मीडिया संस्थानों को ईडी द्वारा की जा रही जांच/कार्यवाही के सिलसिले में कोई भी सूचना लीक/प्रकाशित करने या प्रसारण करने से रोकने के लिए भी निर्देश देने का अनुरोध किया था।

# भाजपा एजेंसियों के जरिए चंदा वसूल रही: कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- जयराम रमेश ने कहा- 30 कंपनियों से भाजपा को 335 करोड़ रुपये का चंदा मिला



कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि जांच एजेंसियों के माध्यम से 30 कंपनियों को धमकी देकर और 'ब्लैकमेल' करके 335 करोड़ रुपये का चंदा भाजपा को दिलवाया गया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र पर 'हफ्ता वसूली सरकार' होने का आरोप लगाया और कहा कि इस मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच जरूरी है।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर सवाल किया कि क्या सरकार इस मामले पर 'श्वेत पत्र' लाने, बिंदुवार स्पष्टीकरण देने और उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच के लिए तैयार है? जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा, 'हफ्ता वसूली और ब्लैकमेल की राजनीति हो रही है। ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। निजी कंपनियों से चंदा लेने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया है।' उन्होंने दावा किया, 'वर्ष 2018-19 से 2022-2023 में 30 कंपनियों से 335 करोड़ रुपये वसूले गए।'

रमेश ने आरोप लगाया कि यह 'हफ्ता वसूली सरकार' है। उनके मुताबिक, इन 30 कंपनियों में से 23 कंपनियों ने वर्ष 2018 से पहले भाजपा को कोई चंदा नहीं दिया था।

## एक नजर

### नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में दो की हत्या की

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में दो आम नागरिकों की हत्या कर दी। चिंतागुफा पुलिस सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बस्तर संभाग के सुकमा जिले में नक्सलियों ने पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए दो ग्रामीणों की हत्या कर दी। ग्रामीणों के नाम सोड़ी हूंगा और माड़वी नंदा हैं। दोनों कहेर दुल्लेड़ गांव के निवासी थे। इसके साथ ही दो अन्य ग्रामीणों को भी नक्सलियों ने सजा देने की चेतावनी दी है। सूत्रों ने बताया कि नक्सली वर्चस्व वाले इलाकों के गांवों में सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित होने से नक्सली बौखला गए हैं और आम नागरिकों को लक्ष्य बना रहे हैं।

### बैंक लूटने आए बदमाशों ने कैशियर को मारी गोली

**जयपुर।** जयपुर के झोटवाड़ा इलाके में दो बदमाशों ने शुक्रवार सुबह पीएनबी की ब्रांच में लूट की कोशिश की और इस दौरान उन्होंने बैंक के कैशियर को गोली मार दी। कैशियर को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जैसे ही बैंक खुला दो नकाबपोश बदमाश घुस गए और और नकदी लूटने का प्रयास किया। बैंक कैशियर नरेंद्र सिंह वहां आ गए तो एक ने उन पर गोली चला दी।

## बीआरएस विधायक नंदिता की सड़क हादसे में मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना में विपक्षी दल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधायक जी. लस्या नंदिता की शुक्रवार सुबह संगारेड्डी जिले के पाटनचेरू में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नंदिता (36) जिस कार में यात्रा कर रही थीं, वह सुबह करीब पांच बजकर 10 मिनट पर आउटर रिंग रोड पर सड़क किनारे लगे धातु के अवरोधक से टकरा गई, जिसके चलते दुर्घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

## गुजरात: नौका से 350 करोड़ की हेरोइन जब्त

